kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-22 ❐ गुरुवार, 19 फरवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12

वैश्विक सुरक्षा विकास, स्थिरता और सतत साझेदारी के माध्यम से ही संभव है। विभिन्न देशों के ध्वजों वाले जहाज और अलग-अलग देशों के नाविक साथ मिलकर एकजुटता की भावना प्रदर्शित करते हैं। द्रौपदी मुर्मु



दक्षिण अफ्रीकी चीता ने तीन शावक जन्मे, चीता की संख्या 38 हुई 11
मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के विजेताओं को धामी ने किया सम्मानित 12

## संक्षेप

### राज्य सभा की 37 सीटों के चुनाव 16 मार्च को

**नयी दिल्ली।** राज्य सभा की रिक्त हो रहीं 37 सीटों के लिए चुनाव 16 मार्च को कराये जायेंगे। चुनाव आयोग की ओर से बुधवार को जारी चुनाव कार्यक्रमों के अनुसार 10 राज्यों से चुने गये राज्य सभा के 37 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो जायेगा। इन 37 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव कराये जायेंगे। इन चुनावों के लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी की जायेगी। पांच मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। इनकी जांच छह मार्च को होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित की गयी है। इन सीटों के लिए मतदान 16 मार्च को कराये जायेंगे और उसी दिन मतों की गिनती होगी। चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च तक पूरी हो जायेगी।

### महाराष्ट्र में मुस्लिमों के 5% आरक्षण का आदेश रद्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के सोशल जस्टिस डिपार्टमेंट ने मंगलवार को एक सरकारी रेजोल्यूशन जारी किया। इसके जरिए सरकार ने अपने 10 साल पुराने उस सरकारी आदेश को कैंसिल कर दिया। जिसमें मुस्लिम कम्युनिटी को एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन और सरकारी और सेमी-गवर्नमेंट नौकरियों में 5% रिजर्वेशन देने की बात कही गई थी। हालांकि पिछले 10 सालों से यह आदेश इनवैलिड रहा है क्योंकि 2014 में कांग्रेस सरकार की तरफ से लाया गया अध्यादेश तय समय (6 हफ्ते) में विधानसभा से पास नहीं कराया जा सका, जिससे यह खुद ही इनवैलिड हो गया था। जुलाई 2014 में कांग्रेस-एनसीपी की गठबंधन की सरकार थी। अक्टूबर 2014 में सरकार बदल गई। विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा-शिवसेना सरकार बनी। नई सरकार ने नौकरी वाले मुस्लिम आरक्षण को आगे नहीं बढ़ाया।

### रमजान का चांद नजर आया, गुरूवार को पहला रोजा

**नयी दिल्ली।** भारत के विभिन्न हिस्सों में रमजान का चांद नजर आ गया है, जिसके बाद विभिन्न कमेटियों ने घोषणा की है कि 19 फरवरी से रमजान का महीना शुरू होगा और देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ रोजों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। केंद्रीय दारुल कजा इमारत शरिया (बिहार, ओडिशा, झारखंड), लखनऊ की केंद्रीय चांद कमेटी फरंगी महल, जामा मस्जिद दिल्ली की केंद्रीय रुएत-ए-हिलाल कमेटी और ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल सहित अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों ने चांद दिखने की पुष्टि की है। दारुल उलूम देवबंद की केंद्रीय रुएत-ए-हिलाल कमेटी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर आसमान में बादल छाए रहने के बावजूद देश के अन्य हिस्सों से चांद दिखने की प्रामाणिक गवाहियां मिली हैं, जिसके आधार पर 19 फरवरी से पवित्र माह की शुरुआत का निर्णय लिया गया है। इमारत शरिया फुलवारी शरीफ पटना के काजी अंजार आलम कासमी के अनुसार, पटना में मौसम साफ न होने के कारण चांद नहीं दिखा, लेकिन रांची, लोहरदगा, दरभंगा, गया और नवादा जैसे स्थानों से मिली विश्वसनीय सूचनाओं के बाद रमजान के आगाज का औपचारिक ऐलान कर दिया गया।

# गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध : पिचाई

## मोदी से मिले गूगल प्रमुख सुंदर पिचाई, इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की घोषणा

एजेंसी

नई दिल्ली। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पिचाई भारत में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं और 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण देंगे। भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान श्री सुंदर पिचाई से मिलकर बेहद खुशी हुई। हमने एआई के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल कैसे काम कर सकता है, इस बारे में चर्चा की।

पिचाई ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार है और गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बदलाव है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर डायग्नोस्टिक्स से लेकर किसानों को रियल-टाइम अलर्ट देने जैसे बड़े स्तर की चुनौतियों को हल करने में सक्षम है।

पिचाई ने भारत की विविधता, बहुभाषी पारिस्थितिकी और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नवाचार के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतांत्रिक उपयोग का एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई का विकास भरोसे, सुरक्षा और समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए होना चाहिए, ताकि तकनीक स्थानीय भाषाओं और संदर्भों में लोगों तक वास्तविक लाभ पहुंचा सके। इस दौरान पिचाई ने 'इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव' की भी घोषणा की, जिसके तहत अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए ● शेष पेज 11 पर



### 'रोबोटिक कुत्ता' विवाद में गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई इंपैक्ट समिट से बाहर, पत्र में खेद जताया

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में विदेश में बने एक रोबोटिक कुत्ते को अपना नवाचारी उत्पाद बनाकर पेश करने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को आयोजन स्थल से बाहर कर दिया गया है। इस मामले को लेकर यूनिवर्सिटी को काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है और वह बड़े विवाद में फंस गई है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने प्रदर्शनी में ओरियन नाम का 'रोबोट कुत्ता' प्रदर्शित किया और जोर शोर से दावा किया कि यह उनका खुद का नवाचार उत्पाद है तथा इस पर अरबों रुपये खर्च किये गये हैं। लेकिन वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि यह एक चीनी कंपनी का बना हुआ उत्पाद है। वास्तव में यह रोबोट यूनिट्री कंपनी का यूनिट्री गो2 था जिसे चीन की रोबोटिक्स फर्म यूनिट्री ने बनाया है। चीन में बने रोबोटिक कुत्ते को दिखाने को लेकर उठे विवाद के मद्देनजर गलगोटिया विश्वविद्यालय को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो में अपने स्टाल को खाली करने के लिए कहा गया है। इस पूरे घटनाक्रम ● शेष पेज 11 पर

### एआई एक्सपो को एक दिन के लिए बढ़ाया गया

**नयी दिल्ली।** इंडिया एआई एक्सपो समिट 19 फरवरी को आम लोगों के लिए बंद रहेगा और एक अतिरिक्त दिन 21 फरवरी को खोलने का फैसला किया गया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी के अलावा एक्सपो अब 21 फरवरी को भी आम लोगों के लिए खुला रहेगा, हालांकि सुरक्षा पाबंदियों और अन्य कार्यक्रमों को देखते हुए 19 फरवरी को आम लोगों के लिए एक्सपो बंद रहेगा। आगंतुकों को परेशानी से बचाने के लिए यह फ़ैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए एक्सपो का समय पहले ही रात आठ बजे तक बढ़ा दिया गया है। इस बदलाव के साथ एक्सपो 20 और 21 फरवरी को आम लोगों के लिए खुला रहेगा जबकि सुरक्षा व्यवस्था कारणों से 19 फरवरी को आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

# राहुल देश की सुरक्षा के लिए खतरा : रिजिजू

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं। वे नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। रिजिजू ने ये बातें न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहीं।

रिजिजू ने आगे कहा कि संसद में राहुल का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना है। एक लीडर ऑफ अपोजिशन पूरे विपक्ष को रिप्रेजेंट करता है। संसद के बाहर जाकर लोगों को देशद्रोही कहना, ड्रामा वाले सिट-इन करना और एक अनपब्लिश्ड किताब लहराना। यह सब बच्चों जैसा बर्ताव है। हमने भारत के इतिहास में ऐसा लीडर ऑफ अपोजिशन कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ संसद में हंगामा करना है। कांग्रेस कहती है कि हम उन्हें बोलने नहीं देते। लेकिन जैसे ही वे (राहुल) अंदर आते हैं। हंगामा, बैनर और नारेबाजी शुरू हो जाती है। कांग्रेस के सीनियर लीडर मणिशंकर अय्यर के इस बयान पर कि 'मैं गांधीवादी, नेहरूवादी, राजीववादी हूं, लेकिन राहुलवादी नहीं हूं।' इस पर रिजिजू ने कहा कांग्रेस के पास कभी मजबूत लीडर हुआ करते थे, जिनकी बातों और काम में मैच्योरिटी थी। धीरे-धीरे कांग्रेस राहुल गांधी जैसी हो गई है और उनके आस-पास रहने वाले लोग भी उनके जैसे हो गए हैं। हम सोच भी नहीं सकते थे कि कांग्रेस ऐसी हो जाएगी।

राहुल गांधी के समर्थक भी अब उन्हें गंभीरता से क्यों नहीं लेते, क्योंकि राहुल बिना सच के बोलते हैं। अगर प्रधानमंत्री किसी से मिले हैं या अगर कोई डॉक्यूमेंट मौजूद हैं तो उन्हें पेश करें। वे बिना किसी आधार के प्रधानमंत्री का नाम जबर्दस्ती ले रहे हैं। रिजिजू ने पार्लियामेंट में गांधी के बर्ताव पर भी सवाल उठाया और कहा, राहुल गांधी लोकसभा में बिना मतलब के बोल रहे हैं। अगर आप अपोजिशन लीडर हैं तो क्या आप नियमों से ऊपर हैं? रिजिजू ने आगे दावा किया कि भारत में '15-20% लेफ्ट इकोसिस्टम' राष्ट्रवाद का विरोध करता है और भारत के डिफेंस, सिक्योरिटी और धार्मिक पहचान को समस्या मानता है। राहुल गांधी को आम जनता के बजाय इसी सेगमेंट से सपोर्ट मिल रहा है। लोकसभा स्पीकर ● शेष पेज 11 पर



❐ उनके नक्सलियों से रिश्ते, संसद में उनका बर्ताव बचकाना, ऐसा अपोजिशन लीडर इतिहास में नहीं देखा


❐ विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर के साथ बदसलूकी की

# राम मंदिर संग्रहालय में दिखेंगे 500 वर्षों के मुकदमों के साक्ष्य

एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर में बन रहे संग्रहालय में दर्शनार्थियों को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक मुकदमों के साक्ष्य और 500 वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई की पूरी जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में विकसित किए जा रहे संग्रहालय में 20 आधुनिक गैलरियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक गैलरी में विभिन्न न्यायालयों में चले श्रीराम जन्मभूमि मुकदमों के दस्तावेज, साक्ष्य और न्यायिक प्रक्रिया को प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु पूरे ऐतिहासिक और कानूनी पक्ष से परिचित हो सकें। इसके लिए संबंधित न्यायालयों से साक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अब श्रद्धालुओं को मुख्य मंदिर सहित परिसर में स्थित 14 मंदिरों के दर्शन 3डी तकनीक के माध्यम से भी कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त एक गैलरी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की गई खुदाई से जुड़े प्रमाणों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे मंदिर स्थल के ऐतिहासिक पक्ष को समझा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एक अन्य गैलरी में 7डी तकनीक से सुसज्जित पुष्पक विमान ● शेष पेज 11 पर



❐ अयोध्या में तैयार हो रहा आधुनिक संग्रहालय, 3डी-7डी तकनीक से इतिहास और आस्था से जुड़ेंगे श्रद्धालु

# नाड़ा खींचना, ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी


प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी लड़की के पायजामे का नाड़ा खींचना और ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश माना जाएगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें इसे रेप की कोशिश की जगह रेप की तैयारी बताया गया था।

चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने आपराधिक कानून के स्थापित सिद्धांतों का गलत इस्तेमाल किया है। कोर्ट ने कहा, हम हाईकोर्ट की इस बात से सहमत नहीं हैं कि आरोप केवल तैयारी तक सीमित हैं। आरोपियों की हरकत साफ तौर पर रेप की कोशिश की ओर इशारा करती है। पहली नजर में शिकायतकर्ता और अभियोजन ने रेप की कोशिश का मामला बना दिया है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 मार्च, 2025 को दिए आदेश में कहा था कि ये कृत्य रेप या रेप की कोशिश की केटेगरी में नहीं आते, इसके बाद 'अटेंप्ट टू रेप' का आरोप हटाने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट का फैसला सामने आते ही विवाद बढ़ गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर 25 मार्च, 2025 को रोक लगा दी थी।

गौरतलब हो कि कासगंज की एक महिला ने 12 जनवरी, 2022 को कोर्ट में एक शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि 10 नवंबर, 2021 को वह अपनी 14 साल की बेटी के साथ कासगंज के पटियाली में देवरानी के घर गई थी। उसी दिन शाम को अपने घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के रहने वाले पवन, आकाश और अशोक मिल गए।

पवन ने बेटी को अपनी बाइक पर बैठाकर घर छोड़ने की बात कही। मां ने उस पर भरोसा करते हुए बाइक पर बैठा दिया, लेकिन रास्ते में पवन और आकाश ने लड़की के प्राइवेट पार्ट को पकड़ लिया। आकाश ने उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करते हुए उसके पायजामे की डोरी तोड़ दी। लड़की की चीख-पुकार सुनकर ट्रैक्टर से गुजर रहे सतीश और भूरे मौके पर पहुंचे। इस पर आरोपियों ने देसी तमंचा दिखाकर दोनों को धमकाया और फरार हो गए। पीड़ित की मां की शिकायत पर आरोपी पवन और आकाश के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, ● शेष पेज 11 पर

❐ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे रेप की तैयारी बताया था, सीजेआई ने फैसला पलटा



# तार्किक विसंगति वाले 2.22 करोड़ मतदाताओं की घर पर ही सुनवाई

लखनऊ। यूपी की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में तार्किक विसंगति वाले 2.22 करोड़ मतदाताओं की घर पर ही बीएलओ सुनवाई कर मामले का निस्तारण कर देंगे। नोटिस पाने वाले मतदाताओं के परिवार के सदस्य जिसमें बेटा-बेटी, पति-पत्नी, माता-पिता, दादी-बाबा, चाचा व भतीजे इत्यादि भी नोटिस से संबंधित दस्तावेज दे सकेंगे। फिर विसंगति दूर कर दी जाएगी। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि क्योंकि तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में हैं, ऐसे में इनका मिलान तो हो ही चुका है। सिर्फ विसंगति दूर की जानी है। जो नाम, पिता के नाम, माता-पिता व बाबा-दादी की उम्र से कम अंतर के कारण हैं, उससे संबंधित दस्तावेज लेगा। वर्ष 2003 की मतदाता सूची का पेज, रिश्ते या उम्र से संबंधित साक्ष्य का दस्तावेज, आधार कार्ड व बीएलओ की अंडरटेकिंग जरूरी होगी। सुनवाई की फोटो खीच कर बीएलओ एप पर अपलोड किया जाएगा। घर-घर सुनवाई होने का ही ● शेष पेज 11 पर

# 2027 में बसपा अकेले दम पर लड़ेगी चुनाव : मायावती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन की अटकलों को सिरे से खारिज करते हुये एक बार फिर साफ किया कि उनकी पार्टी 2027 का चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेगी।

सुश्री मायावती ने गुरुवार को कहा कि कुछ राजनीतिक दल और मीडिया के कुछ वर्ग जानबूझकर यह भ्रम फैला रहे हैं कि बसपा किसी गठबंधन की तैयारी में है। उन्होंने इसे पूरी तरह ‘फेक न्यूज’ बताते हुए कहा कि इस प्रकार की खबरें जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। उन्होंने याद दिलाया कि नौ अक्टूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सार्वजनिक रूप से ऐलान किया था कि बसपा आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। इसके बावजूद गठबंधन की चर्चा को उन्होंने विरोधियों की साजिश करार दिया। मायावती ने कांग्रेस, सपा और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों की सोच संकीर्ण है और वे परमपूज्य भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप राजनीति नहीं करते। उन्होंने कहा कि बीएसपी का मूल एजेंडा सामाजिक न्याय और बहुजन समाज के सशक्तिकरण पर आधारित है, जबकि अन्य दल केवल राजनीतिक स्वार्थ साधने में लगे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं ● शेष पेज 11 पर




## जनप्रतिनिधियों की बात न सुनने वाले अधिकारियों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : विधानसभा अध्यक्ष

# जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों के जनप्रतिनिधियों की बात न सुनने, फोन न उठाने और उचित उत्तर न देने जैसे मुद्दे पर बुधवार को सदन में कहा कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जो जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठाते या अवहेलना करते हैं।

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि जो राजनैतिक कार्यकर्ता केवल निर्वाचन के लिए ही कार्य करते हैं, वह सिर्फ राजनीतिज्ञ हैं, परंतु जो राजनैतिक कार्यकर्ता अगली पीढ़ी के लिए कार्य करते हैं, उन्हीं को हम स्टेट्समैन की संज्ञा देते हैं। जनता ने हमको इन पदों पर बिठाया है, इसलिए हम सबका यह दायित्व है कि अगले निर्वाचन के साथ हम सब अगली पीढ़ी की भी चिंता करें। हम यहां पर मूल रूप से एवं मुख्य रूप से जनता के कार्यों के लिए ही एकत्र होते हैं एवं जनता ने ही हमको यहां पर अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा है। इसलिए चाहे हम पक्ष में हों, अथवा विपक्ष में हों, हम अपने संवैधानिक दायित्वों का एवं जो भी भूमिका हमको प्रदत्त की गयी है, उसका ईमानदारी से एवं पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें।

अध्यक्ष महाना ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री से अनुरोध है कि वह शासन स्तर से प्रस्तुत प्रकरण के संदर्भ में आवश्यक निर्देश निर्गत करें एवं जो आदेश पूर्व में कई बार निर्गत किये जा चुके हैं उनका अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के लिए कड़ा निर्देश दें। शासनादेशों का अनुपालन अधिकारियों के स्तर पर न किया जाना उनकी सेवा नियमावली का उल्लंघन है। यह उपयुक्त होगा कि यदि शासन की ओर से विधायकों के संदर्भ में निर्गत किये गये आदेशों का अनुपालन अधिकारियों के स्तर पर सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है तो इसके लिए नियमानुसार कड़ी अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाए।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र के कारण ही हम सब यहां पर बैठे हैं। जनता ने हम सब में अपना विश्वास प्रदर्शित किया गया है। जनता के इस विश्वास को हम सब किसी भी कीमत पर संरक्षित करेंगे। यह अपेक्षित है कि संवैधानिक प्राविधानों के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रकरण के संबंध में अपेक्षित कार्यवाही की जाए एवं ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया जाए कि भविष्य में ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति न हो। तद्नुसार ही शासकीय कार्यविधि में कार्य करना अपेक्षित है।

अध्यक्ष ने सदन में जानकारी दी कि मंगलवार 17 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष एवं उनके सहयोगियों द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य संचालन एवं प्रक्रिया नियमावली के नियमऽ300 के अंतर्गत इस आशय की सूचना दी गई कि कार्यपालिका द्वारा विधायिका एवं न्यायपालिका के क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप किया जा रहा है। सूचना संविधान के प्रावधानों के संदर्भ में होने के कारण स्वीकार की गई। इस मुद्दे को सपा के मुख्य सचेतक कमल अख्तर, सदस्य संग्राम यादव, डॉ रागिनी ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए अपने उद्गार व्यक्त किये थे।




### 2017 की अपेक्षा में बिजली उपभोक्ता दोगुना हुए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को प्रश्नकाल में प्रदेश की बिजली व्यवस्था से कई प्रश्न उठे। सरकार का पक्ष रखते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में 2017 की अपेक्षा बिजली उपभोक्ता अब दोगुना हो गए हैं। सदन में आज सदस्य अतुल प्रधान के सवाल पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2017 में एक लाख 20 हजार मजरों का विद्युतीकरण हुआ था। अब तक दो लाख 50 हजार मजरों का विद्युतीकरण किया गया है। डॉ रागिनी के सवाल पर शर्मा ने कहा कि हम लाइफ लाइन कंज्यूमर (गरीब जो कम बिजली खर्च करते हैं) को विशेष सुविधा दे रहे हैं। प्रदेश में हमारे तीन करोड़ 72 लाख ग्राहक हैं। 2017 में 01 करोड़ 80 लाख ग्राहक थे। कुल ग्राहकों में से एक करोड़ 68 लाख लाइफ लाइन कंज्यूमर हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार राज्य में बकाया बिजली पर ब्याज 100 फीसदी माफ और 25 फीसदी मूलधन माफ किया है। सरकार को 4 हजार 600 करोड़ मिला है। इसका लाभ आठ हजार करोड़ से अधिक ग्राहकों ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्रगति के निर्देश

❒ लापरवाही पर वेण्डरों का अनुबंध होगा समाप्तलंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु चलाया जाएगा विशेष अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को एनआईसी सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत वेण्डर चयन के बाद लंबित आवेदनों, विद्युत विभाग में नाम, लोड एवं बिल संशोधन, निरीक्षण से संबंधित प्रकरणों, स्मार्ट मीटर लंबित मामलों तथा बैंक स्तर पर ऋण निर्गत/पार्शियल पेमेंट से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।प्रभारी पीओ नेडा द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 17.02.2026 तक कुल 27,837 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 12,481 आवेदकों के यहां सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 19,304 आवेदनों में इंस्टालेशन का कार्य अभी शेष है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पीओ नेडा को विद्युत विभाग, बैंक अधिकारियों एवं वेण्डरों के साथ समन्वय बैठक कर समस्त पेंडेंसी शीघ्र समाप्त कराने को कहा।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक वेण्डर को आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर हर पात्र घर में सोलर सिस्टम स्थापित किया जाए। विद्युत विभाग को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर पर लंबित सभी प्रकरणों का अभियान चलाकर निस्तारण करें और अधिकतम सोलर कनेक्शन सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी वेण्डर द्वारा कार्य में शिथिलता या लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित वेण्डर का अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, पीओ नेडा कोमिल द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

❒ परीक्षा की शुचिता से समझौता नहीं, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 को नकल विहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ज्वाला देवी इण्टर कालेज, सिविल लाइंस सहित अन्य विद्यालयों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं प्रधानाचार्यों से परीक्षा संचालन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालयों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की और निर्देश दिया कि सभी कैमरे निरंतर सक्रिय रहें तथा कंट्रोल रूम से सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि केन्द्रों के आसपास किसी भी अनधिकृत व्यक्ति की मौजूदगी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी।

## प्रयागराज में रिश्वतखोरी पर बड़ी कार्रवाई

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने नगर निगम जोन 6, खुल्दाबाद के टैक्स कलेक्टर अनूप चंद्र मिश्र को ?10,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर टैक्स संबंधी कार्य में सुविधा देने के नाम पर अवैध धनराशि मांगने का आरोप है।सूचना मिलने पर एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और शिकायतकर्ता की मौजूदगी में आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि आरोपी नगर निगम के जोन 6, खुल्दाबाद क्षेत्र में तैनात था। इस कार्रवाई से नगर निगम महकमे में हड़कंप मच गया है। एंटी करप्शन विभाग ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## परीक्षा से पहले बिजली संकट

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रयागराज के यमुनानगर क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा से ठीक पहले बिजली संकट गहरा गया है। बारा तहसील के भीटा और लालापुर इलाके में 33 हजार केवी लाइन में आए फाल्ट से आपूर्ति ठप हो गई। बुधवार सुबह से परीक्षा शुरू होनी है, लेकिन देर रात तक बिजली न होने से छात्रों की तैयारी प्रभावित हुई। इन्वर्टर जवाब दे गए और ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा छा गया। अभिभावकों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अधिशासी अभियंता सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। छात्रों का कहना है कि पूरे साल की मेहनत अंतिम समय में बाधित हो रही है।

## लापता युवक का 44 दिन बाद शव बरामद

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय जितेंद्र कोल का शव 44 दिन बाद जंगल में मिला। हरदौन गांव निवासी युवक के परिजनों ने शुरुआत से ही हत्या की आशंका जताते हुए लिखित शिकायत दी थी। आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। शव मिलने के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। सूचना पर एसीपी मेजा और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच और विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## प्रपत्र प्राप्त, अपलोड करने की अवधि 6 मार्च निर्धारित

**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर सर्विस मतदाताओं से संबंधित निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भाग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की विभिन्न गतिविधियों/संशोधित कार्यक्रम एवं उनकी तिथियां निर्धारित की गई है जिसके अनुसार रिकॉर्ड/कमांडिंग अधिकारियों/संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रपत्र प्राप्त/अपलोड करने की अवधि 06 मार्च 2026 (शुक्रवार) निर्धारित की गई है। द्वारा हस्ताक्षरित और सत्यापित प्रपत्रों के साथ-साथ फाइलों की प्रक्रिया और निपटान की अवधि 27 मार्च 2026 (शुक्रवार) निर्धारित की गई है। मतदातासूचियों के अंतिम भागों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की उपरोक्तानुसार तिथियों में संशोधन करते हुए नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 नियत किया गया है।

## मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन 22 फरवरी को

**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता ने बताया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व मा0 जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में 22 फरवरी 2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज मैदान रायबरेली में किया जा रहा है, जिसमें दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, मत्स्य विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), महिला कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, जिला उद्यान, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग आदि द्वारा स्टॉल लगाएं जाएंगे। इस शिविर का उद्देश्य है कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे जन सामान्य को उपलब्ध कराना है।

## परिवहन कर में बड़ा सुधार, अब वाहनों पर वन टाइम टैक्स की सुविधा शुरू

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली अरविंद कुमार ने बताया है कि प्रदेश सरकार ने परिवहन यानों पर कर प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए एक मुश्त कर की व्यवस्था लागू कर दी है। नई व्यवस्था वाहन मालिकों को बार-बार टैक्स भरने की झंझट से मुक्ति दिलाएगी और विभागीय राजस्व संग्रह को भी मजबूत बनाएगी। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर यह सुविधा वाहन पोर्टल पर तकनीकी रूप से लाइव हो चुकी है। उन्होंने बताया है कि राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार विभिन्न श्रेणी के परिवहन यानों पर एकमुश्त कर की दरें निर्धारित की गई है, जिसमें भाड़े या पारिश्रमिक पर चलने वाली दोपहिया मोटरसाइकिल वाहन मूल्य का 12.5%, तिपहिया मोटर कैब वाहन मूल्य का 7%, 10 लाख रूपये तक के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर) और मैक्सी कैब वाहन मूल्य का 10.5%, 10 लाख रूपये से अधिक के मोटर कैब और मोटर कैब वाहन मूल्य का 12.5%, सनिर्माण उपस्कर/विशेष प्रयोजन यान, जेसीबी, बुलडोजर आदि वाहन मूल्य का 6%, माल वाहन (3000 किलो तक सकल भार वाले, जैसे पिकअप) वाहन मूल्य का 3%, माल वाहन (3000 से 7500 किलो तक सकल भार वाले, जैसे मिनी ट्रक) वाहन मूल्य का 6%, पुराने वाहनों के लिए विशेष छूट पहले से रजिस्टर्ड वाहनों पर एकमुश्त कर की गणना करते समय प्रत्येक बीते वर्ष के लिए 8% की छूट दी जाएगी। हालांकि यह कुल छूट 75% से अधिक नहीं होगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए जनपद में उप संभागीय परिवहन कार्यालय, हरदासपुर, रायबरेली परिसर में 20 फरवरी और 21 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक परिवहन मेला लगाया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली ने सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि निर्धारित तिथियों में पहुंचकर नई एकमुश्त कर योजना की पूरी जानकारी लें और इसका लाभ उठाएं।

## बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने जिलाधिकारी विशाख जी पहुंचे नारी शिक्षा निकेतन व सेंटेनियल इंटर कालेज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बोर्ड परीक्षा 2026 के मद्देनजर आज जिलाधिकारी श्री विशाख जी0 द्वारा नारी शिक्षा निकेतन व सेंटेनियल इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरी पारदर्शिता और सुचिता के साथ नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 5 जोन और 14 सेक्टर में बांटा गया है। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। उक्त के साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए की सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमणशील रहते हुए अपने अपने सेक्टरों के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। 1) सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्र में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापक द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कुल 485 परीक्षार्थी पंजीकृत है जिसके सापेक्ष 467 परिक्षार्थियों द्वारा 19 कक्षों में परीक्षा दी जा रही है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लाभार्थियों के लिये जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जनपद प्रयागराज के आकांक्षी ब्लॉक कोरांव में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को योजना तथा विभिन्न एमएसएमई योजनाओं की जानकारी देकर स्वरोजगार, डिजिटल लेन-देन, विपणन एवं वित्तीय सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज के अधिकारियों ने योजना के प्रावधानों, प्रशिक्षण, ऋण सुविधा एवं डिजिटल ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी। बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधियों ने ऋण, वित्तीय साक्षरता एवं क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली पर मार्गदर्शन प्रदान किया।तकनीकी सत्र में ऑनलाइन मार्केटिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं गुणवत्ता सुधार पर विशेषज्ञों ने उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम में लगभग 80 लाभार्थियों ने सहभागिता की। 30 लाभार्थियों को निःशुल्क क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए तथा 8 कारीगरों ने ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म Meesho पर विक्रेता के रूप में पंजीकरण कराया। कार्यक्रम को लाभार्थियों ने अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

## यूपी बोर्ड परीक्षाः ... प्रश्न पत्र देख कर मिली राहत

लखनऊ। बुधवार की परीक्षा में प्रथम पाली और द्वितीय पाली के अंतर्गत छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, ताकि सभी परीक्षार्थी बिना किसी समस्या के परीक्षा दे सकें। परीक्षार्थियों ने जाहिर की खुशी पी एम श्री वीरांगना उदा देवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से 10वीं परीक्षा में शामिल होकर नजर निकली वैष्णवी सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में पहली बार शामिल होने को लेकर कुछ घबराहट जरूर थी। लेकिन प्रश्नपत्र मिला तो घबराहट दूर हो गई। सभी प्रश्न पाठ्यक्रम से पूछे गए थे। बहुत अच्छा लगा। केन्द्र पर किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हुई।12वीं की परीक्षा देने के बाद परीक्षार्थियों में उत्साह देखा गया। परीक्षा केंद्रों से प्रसन्न होकर बाहर निकलते हुए नजर आए।छात्र दीपक द्विवेदी ने परीक्षा के बारे में कहा कि इस वर्ष की परीक्षा बहुत ही व्यवस्थित और शांतिपूर्वक संपन्न हुई है।

## रमज़ान में अमेठी वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने बांटी 200 अफ्तार किट

लखनऊ। रमज़ान के पवित्र माह की शुरुआत पर अमेठी वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए ज़रूरतमंद परिवारों के बीच लगभग 200 से अधिक अफ्तार सामग्री किट वितरित कीं ,फाउंडेशन के अध्यक्ष अबरार हुसैन अब्बासी ने बताया कि यह कार्य समाज के सहयोग से संभव हो सका। टीम के सदस्य डॉ. जकारिया, कासिम अब्बासी, मोहम्मद खालिक, जुनैद खान, उस्मान खान एवं उदयभान यादव ने क्षेत्र में पात्र परिवारों को चिन्हित कर उन्हें रमज़ान में उपयोग होने वाली आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई ,अध्यक्ष ने कहा कि संस्था का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। फाउंडेशन किसी भी प्रकार का भेदभाव किए बिना इंसानियत के आधार पर जरूरतमंदों की सहायता करता है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# प्रयागराज के यमुनानगर में तैनात बारा थाना प्रभारी की गिरफ्तारी




विनोद कुमार सोनकर, आरोपी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रयागराज कमिश्नरेट के यमुनानगर क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। बारा थाना प्रभारी विनोद सोनकर को एंटी करप्शन टीम ने कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए उनके आवास/कमरे से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि टीम ने पूर्व शिकायत के आधार पर जाल बिछाया और कार्रवाई को अंजाम दिया।

सूत्रों के मुताबिक, थाना प्रभारी पर एक मामले में सुविधा देने के नाम पर अवैध धनराशि मांगने का आरोप था। एंटी करप्शन टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपी अधिकारी को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है। इस घटना से पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। वहीं, पत्रकार दिनेश शुक्ला ने बयान जारी कर कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना जरूरी है, ताकि जनता का भरोसा कानून व्यवस्था पर कायम रहे। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# होली व रमजान को लेकर मोहनलालगंज में पीस कमेटी की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। आगामी होली और रमजान पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मोहनलालगंज पुलिस द्वारा पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की शांति व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक का आयोजन मोहनलालगंज नगर पंचायत स्थित मऊ बड़ी मस्जिद परिसर में किया गया, जहां एसीपी विकास पांडेय व इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं व व्यापारियों ने सहभागिता की। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पर्वों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा अफवाहों से दूर रहने की अपील की।एसीपी विकास पांडेय ने कहा कि त्योहार खुशी और सौहार्द का संदेश देते हैं, ऐसे में सभी नागरिक प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों की तत्काल सूचना पुलिस को देने की बात भी कही गई।इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बाजारों, धार्मिक स्थलों और मुख्य चौराहों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर एसएसआई यशवंत सिंह, कस्बा प्रभारी अतुल सिंह, विकास मनोज सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। बैठक में स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि मोहनलालगंज क्षेत्र में हमेशा से आपसी सौहार्द की परंपरा रही है, जिसे हर हाल में कायम रखा जाएगा।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, वहीं शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने वालों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

## तहसील सभागार में 'किसान दिवस' का किया गया आयोजन

रायबरेली। तहसील सभागार में 'किसान दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक खेती, सरकारी योजनाओं और पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप कृषि निदेशक विनोद शर्मा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय ने रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल पर चिंता जताई। उन्होंने किसानों को मिट्टी की सेहत बनाए रखने के लिए उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दी। इसके अलावा इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार ने कृषि क्षेत्र की नई क्रांति 'नैनो यूरिया' और 'नैनो डीएपी' के उपयोग और फायदों के बारे में किसानों को विस्तार से समझाया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ विश्व विजय रघुवंशी ने फसलों में लगने वाले रोगों और उनके प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ. नीलेश शर्मा ने औद्यानिक फसलों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे किसान फल और सब्जियों की खेती से कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

# ज्वेलरी की दुकान में चोरी , कोरांव थाना क्षेत्र के सुहास महुगांव गांव मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र में स्थित विध्यवासनी ज्वैलर्स की दुकान में चोरी की घटना हुई है। दुकान के मालिक देवनाथ सोनी पुत्र रामचंद्र सोनी निवासी नैडी लापर ने बताया कि अज्ञात चोरों ने दिनांक 18 फरवरी की रात्रि को उनकी दुकान का ताला काटकर लगभग ढाई किलो चांदी के गहने और 40 ग्राम सोने के गहने चोरी कर लिए हैं।

देवनाथ सोनी ने बताया कि वे रात को दुकान बंद करके घर गए थे, और सुबह जब वे दुकान पर पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला कटा हुआ था। उन्होंने तुरंत डायल 112 नंबर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज की जांच की।पीड़ित ने कोरांव थाना पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है और इस मामले की शिकायत एसीपी मेजा से भी की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर रही है।

# यूरिया की कमी की पूर्ति के उद्देश्य से एचयूआरएल कार्यालय का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में एचयूआरएल के प्रबंधक डॉ सिबा प्रसाद मोहंती ने लखनऊ में अपने राज्य कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया जिससे संगठन का विस्तार होगा और किसानों के लिए होगी बड़ी पहल लखनऊ में राज्य कार्यालय उद्घाटन के शुभ अवसर पर एच यू आर एल के प्रबंधक डॉक्टर सिबा प्रसाद मोहंती ने उद्घाटन करके कार्यालय की शोभा बढ़ाई कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ इसके बाद वृक्षारोपण अभियान के तहत भवन परिसर में वृक्षारोपण भी किया डॉ मोहंती ने अग्रणी उर्वरक कंपनियों के राज्य प्रभारी अधिकारियों तथा प्रतिष्ठित व्यवसायिक सहयोगियों के साथ बैठक की जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। डॉ सिबा मोहंती ने उर्वरक के क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए कहा एच यू आर एल द्वारा प्रधानमंत्री प्रमाण योजना की चल रही पहलों का उल्लेख करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं सर्वधन करना और कृषि उत्पादन को बढ़ाना है जिसमें एच यू आर एल अब तक लगभग 27,000 हजार करोड रुपए का निवेश कर चुका है परिणाम स्वरुप गोरखपुर, बरौनी, सिंदरी में तीन अत्यधिक यूरिया संयंत्र स्थापित किए गए हैं जिसकी उत्पादन क्षमता 40 लाख टन प्रतिवर्ष है यह क्षमता देश को यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है पीएम मोदी के द्वारा चल रही लखपति दीदी और नमो ड्रोन योजना के सपने को साकार करने में एच यू आर एल भी सक्रिय योगदान देगा अब तक 60 महिला ड्रोन पायलट तैयार की जा चुकी है जिनमें से कई महिलाएं सालाना लाखों रुपए की आए भी कर रही हैं संगठन का लक्ष्य है कि हर गांव में ड्रोन दीदी को स्थापित किया जाए औद्योगिक की दिशा में हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड ने लखनऊ में अपना विक्रेता संवाद का आयोजन किया जिसमें लगभग 190 व्यावसायिक सहयोगियो ने भाग लिया जो क्ष्ठटख्र को मजबूत नेटवर्किंग और विश्वसनीय संबंधों का प्रमाण है जो विचार चर्चा रणनीतिक व्यावसायिक विमर्श और दूरदर्शी विचारों के आदान-प्रदान का अवसर बना डॉ सिबा मोहंती ने इस अवसर पर संगठन के सहयोगात्मक विकास परिचालन हितधारक जुड़ाव के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि काम तभी संभव है जब सभी मिलकर आगे बढ़ेंगे और काम करेंगे।

# जोन-4 में हाउस टैक्स की बड़ी उपलब्धि, हाई कोर्ट परिसर से 35.16 करोड़ रुपये जमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ के जोन-4 अंतर्गत चिनहट-द्वितीय वार्ड में गृहकर वसूली के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई है। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के नेतृत्व में विशेष राजस्व अभियान के तहत हाई कोर्ट परिसर से गृहकर के रूप में 35 करोड़ 16 लाख 15 हजार रुपये की धनराशि नगर निगम को प्राप्त हुई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे वित्तीय वर्ष की बड़ी सफलता बताते हुए राजस्व सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना है।जोनल अधिकारी श्रीमती शिल्पा कुमारी ने बताया कि संबंधित संस्थान के साथ निरंतर संवाद और समन्वय स्थापित कर बकाया गृहकर की गणना एवं सत्यापन किया गया, जिसके बाद यह राशि नगर निगम के खाते में जमा कराई गई। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य सभी करदाताओं से पारदर्शी एवं नियमानुसार कर वसूली सुनिश्चित करना है, ताकि शहर में विकास कार्यों को निरंतर गति मिलती रहे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में वार्ड चिनहट-द्वितीय में कुल गृहकर वसूली 65 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है।

# उत्तर प्रदेश में परिवर्तन: उपेक्षा से विकास की नई ऊँचाइयों तक: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया–सुदृढ़ कानून–व्यवस्था और वित्तीय अनुशासन से प्रति व्यक्ति आय 1,24,366 तक पहुँची

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पिछले एक दशक में उत्तर प्रदेश में हुआ व्यापक परिवर्तन यह स्पष्ट दर्शाता है कि संकल्पित एवं परिणामोन्मुखी शासन क्या होता है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश ने जिस गति से विकास किया है, वह पूर्ववर्ती बसपा और सपा सरकारों के दौरान दिखाई नहीं दिया।शिक्षा, जो किसी भी राज्य के दीर्घकालिक विकास की आधारशिला होती है, पूर्ववर्ती सरकारों में अपेक्षित प्राथमिकता नहीं पा सकी।

वर्ष 2012ऽ13 में बसपा सरकार के दौरान शिक्षा पर लगभग ?45,000ऽ50,000 करोड़ का प्रावधान था, जबकि 2016ऽ17 में सपा सरकार के समय यह बढ़कर लगभग ?55,000ऽ60,000 करोड़ हुआ। किंतु एइक्क की टिप्पणियों और स्वतंत्र आकलनों में अधूरे विद्यालय भवन, अप्रयुक्त बजट, शिक्षकों की कमी और लंबित भर्तियों जैसी गंभीर खामियाँ उजागर हुईं। समस्या केवल बजट आवंटन की नहीं, बल्कि क्रियान्वयन और जवाबदेही की भी थी।इसके विपरीत, माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को मिशन मोड में पुनर्गठित किया है। वर्ष 2026ऽ27 में शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति के लिए ?1,08,154 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो बसपा काल की तुलना में लगभग दोगुना तथा सपा काल से कहीं अधिक है। यह पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से 28% अधिक है और कुल राज्य व्यय का 12.8% है। यह बजट केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम देने वाला निवेश है। नए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, आधारभूत संरचना का उन्नयन, डिजिटल एवं एआई-सक्षम कक्षाएँ, पारदर्शी शिक्षक भर्ती, समय पर वेतन भुगतान तथा छात्रवृत्ति एवं कौशल-आधारित कार्यक्रमों का विस्तार इसका प्रमाण हैं।आर्थिक क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक प्रगति की है। बसपा सरकार के समय (2012ऽ13) प्रति व्यक्ति आय लगभग ?33,000 थी। सपा सरकार के अंत तक (2016ऽ17) यह बढ़कर लगभग ?55,000 हुई, किंतु विकास की गति सीमित रही। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 2024ऽ25 में प्रति व्यक्ति जीएसडीपी ?1,24,366 तक पहुँच गई है। यह वृद्धि सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, व्यापक आधारभूत संरचना विकास, उच्च पूंजीगत व्यय, आर्थिक औपचारिकरण, बेहतर कर अनुपालन और मजबूत वित्तीय अनुशासन का परिणाम है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि तुलना स्पष्ट है–जहाँ पूर्ववर्ती सरकारें सीमित और क्रमिक दृष्टिकोण तक सिमटी रहीं, वहीं भाजपा सरकार ने रिकॉर्ड बजट, पारदर्शी व्यवस्था और प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से उत्तर प्रदेश को नई दिशा दी है। आज उत्तर प्रदेश ठहराव से प्रगति की ओर, सीमित सोच से व्यापक परिवर्तन की ओर और विखंडित शासन से समेकित विकास की ओर अग्रसर है, जिसका लाभ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक पहुँच रहा है।

# सरकारी तालाब की पैमाइश में चली गोली, धारदार हथियारों से हमला

❒ दिगोई गांव में राजस्व टीम की मौजूदगी में हिंसक झड़प, प्रधान समेत कई घायल; दोनों पक्षों की तहरीर पर जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के दिगोई ग्राम पंचायत में बुधवार को सरकारी तालाब की पैमाइश के दौरान हालात बेकाबू हो गए। अवैध कब्जे की नापजोख करने पहुंची राजस्व टीम की मौजूदगी में दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। फायरिंग और धारदार हथियार से हमले के आरोप लगे हैं।

घटना में ग्राम प्रधान समेत कई लोग घायल हुए हैं।दिगोई गांव स्थित सरकारी तालाब, गाटा संख्या 308, पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद तहसील प्रशासन ने पैमाइश के आदेश दिए थे। आदेश के क्रम में कानूनगो अविनाश तिवारी और लेखपाल सर्वेश कुमार मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान आदर्श कुमार सिंह लवकुश के अनुसार, जैसे ही राजस्व टीम ने नापजोख शुरू की, वहां पहले से मौजूद विपक्षी पक्ष ने आपत्ति जताई और कहासुनी शुरू हो गई।प्रधान का आरोप है कि तालाब की लगभग एक एकड़ भूमि पर अभयराज सिंह और उनके पुत्रों द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा था। पैमाइश के दौरान विवाद बढ़ने पर विपक्षी पक्ष के एक व्यक्ति ने असलहे से फायर कर दिया, जिसकी गोली प्रधान के पास से निकल गई। इसके बाद लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया गया। हमले में प्रधान के भाई आलोक सिंह और ग्रामीण राजकुमार रावत के सिर में गंभीर चोटें आईं।प्रधान का कहना है कि अपनी और साथियों की जान बचाने के लिए उन्होंने लाइसेंसी रिवॉल्वर से हवाई फायर किया।वहीं दूसरे पक्ष के रामसिंह उर्फ आदर्श ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान ने रिवॉल्वर की बट से उनके सिर पर वार किया, जिससे वह घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और मौके पर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हुई है। मेडिकल परीक्षण कराया गया है और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।वहीं गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है।

## नगराम में तेज रफ्तार टाटा टियागो ने ली किसान की जान



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के गुमवां खेड़ा मजरा बहरौली गांव में मंगलवार शाम करीब 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय किसान रामू वर्मा की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया, वहीं पीड़ित परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, रामू वर्मा खेत में पानी लगाने के बाद सड़क किनारे पैदल चलते हुए चौराहे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार टाटा टियागो कार ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामू वर्मा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल को तत्काल पीएचसी गोसाईगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जो गोसाईगंज पुलिस द्वारा कराया गया।बलसिंह खेड़ा गांव निवासी रत्नेश वर्मा ने नगराम थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि कार चालक उमेश प्रताप सिंह पुत्र स्व. रामनारायण सिंह, निवासी बहरौली ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके बड़े भाई रामू वर्मा को टक्कर मारी और वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश तेज कर दी है। जब कि टियागो कर को कब्जे में ले लिया है। बताया गया कि मृतक रामू वर्मा अपने ननिहाल गुमवां खेड़ा मजरा बहरौली में परिवार के साथ रहकर खेती–किसानी और मजदूरी कर परिवार का पालन–पोषण करता था। परिवार में पत्नी शिवकुमारी (36), बड़ी बेटी अनन्या वर्मा (16), आस्था वर्मा (13) और बेटा आर्श पटेल (8) हैं। रामू परिवार का एकमात्र कमाऊ सहारा था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना पर सपा सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। पुलिस का कहना है कि वाहन नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जानकीपुरम में सामुदायिक खेल महोत्सव: बालागंज अव्वल, अहमदगंज ने भी दिखाया दम



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विज्ञान फाउंडेशन की ओर से जानकीपुरम सेक्टर–8 स्थित पार्क में आयोजित सामुदायिक खेल प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों—जानकीपुरम, पारा, बालागंज व अहमदगंज के खिलाड़ियों एवं परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवारों के बीच संवाद बढ़ाना तथा बच्चों व युवाओं में खेल भावना का विकास करना रहा।प्रतियोगिता में माताओं की कबड्डी में बालागंज ने प्रथम तथा पारा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाइयों की रस्साकशी में पारा प्रथम और जानकीपुरम द्वितीय रहा। पुरुषों की पंजा लड़ाने की प्रतियोगिता में अहमदगंज के रफ़ीक अहमद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। लड़कों की स्पर्धा में अहमदगंज के राजवीर द्वितीय रहे। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता में अहमदगंज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल डिफेंस के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर एवं राष्ट्रपति पदक से सम्मानित अधिकारी मनोज वर्मा तथा स्थानीय पार्षद दीपक लोधी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।अंत में प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अनन्या बनर्जी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कैपेसिटी बिल्डिंग एंड एडवोकेसी ऑफिसर निदा परवीन, किशोरी मित्र शहला किदवई, पूजा और सुनीता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गृहकर बकाया न जमा करने पर बड़ी कार्रवाई, निगम ने खाता सीज और उपकेंद्र किया सील

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम द्वारा गृहकर बकाया की वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन–2 के जोनल अधिकारी संजय यादव ने यू0पी0 एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ का बैंक खाता सीज करा दिया है। वहीं जोन–7 में कर अधीक्षक अजीत राय ने बकाया कर न जमा करने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र को सील कर दिया है। जोन 2 अम्बेडकर नगर वार्ड स्थित यू0पी0 एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 31 मार्च 2020 तक गृहकर मद में 94,04,294 रुपये की धनराशि बकाया है। निगम द्वारा समय–समय पर बिल और नोटिस ऑफ डिमांड जारी किए गए थे। संबंधित अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर भुगतान कराने का प्रयास भी किया, लेकिन अब तक बकाया राशि जमा नहीं की गई। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 509 से 516 तक के अंतर्गत बकाया कर की वसूली के लिए चल संपत्ति को कुर्क या सीज करने का प्रावधान है। अपर नगर आयुक्त के आदेशों के अनुपालन में जोनल अधिकारी श्री संजय यादव ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए संस्था का बैंक खाता कुर्क/सीज करने का आदेश जारी किया।

# पर्यावरण संरक्षण और मतदान जागरूकता, संजय दत्त व विधायक राजेश्वर सिंह का युवाओं से संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता एवं नागरिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 22 फ़रवरी 2026 को दोपहर 11:00 बजे से 3:00 बजे तक, बंगला बाज़ार, सरोजनीनगर विधानसभा में किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में आयोजित होगा, जिसमें भारतीय सिनेमा के प्रख्यात अभिनेता संजय दत्त मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे।कार्यक्रम के अंतर्गत संजय दत्त सरोजनीनगर क्षेत्र में एक भव्य रोड शो के माध्यम से नागरिकों एवं युवाओं से संवाद करेंगे। इसके पश्चात वे पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 'पर्यावरण वीरों (क्द्वफ्द्धन्धद्वद्वदृद्वद्र डथन्द्धधन्प)' को सम्मानित करते हुए पुरस्कार प्रदान करेंगे।इस अवसर पर संजय दत्त द्वारा बहुप्रतीक्षित 'नेट ज़ीरो सरोजनीनगर' अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में पर्यावरण-संरक्षण, हरित जागरूकता एवं सतत विकास को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य युवाओं एवं नव मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना भी है। संजय दत्त इस अवसर पर युवाओं से अपील करेंगे कि वे मतदाता सूची में अपना नामांकन सुनिश्चित करें, अपने मतदाता पहचान पत्र बनवाएँ तथा लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण अधिकार – मतदान – का सक्रिय रूप से प्रयोग करें।विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर में विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं लोकतांत्रिक जागरूकता को समान प्राथमिकता दी जा रही है। 'नेट ज़ीरो सरोजनीनगर' अभियान इसी दूरदर्शी सोच का प्रतीक है।यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, युवा भागीदारी एवं नागरिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# शहजादेपुर में शिव मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा पर सजेगा भागवत का भव्य मंच

❒ 22 फरवरी को कलश यात्रा से शुभारंभ, 28 फरवरी को प्राण–प्रतिष्ठा व विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के शहजादेपुर स्थित शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक एवं यजमान पीएस एंड एमएस के डायरेक्टर मोहित शर्मा हैं।

यह श्रीमद् भागवत कथा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन से सटे शहजादेपुर गांव के समीप स्थित पूर्वांचल फार्म हाउस फ़ेज-2 में आयोजित होगी। आयोजक मोहित शर्मा ने बताया कि कथा के लिए काशी-बनारस से कथावाचक त्रिलोकी नाथ तिवारी तथा उनके साथ आशुतोष जी महाराज पधारेंगे, जो श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजक ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा, जबकि 28 फरवरी को काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर में शिव परिवार, राधे-कृष्ण, हनुमान जी सहित द्वारपालों की मूर्तियों की स्थापना भी की जाएगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

**इमली वाले बाबा की मजार के पास नालियों में सिल्ट जमी, सीवर जाम की शिकायत**

# हुसैनाबाद के गेंद खाना मोहल्ला में गंदगी से लोग परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी के हुसैनाबाद वार्ड स्थित गेंद खाना मोहल्ला में इमली वाले बाबा की मजार के पास गंदगी और जाम नालियों की समस्या से स्थानीय लोग लंबे समय से जूझ रहे हैं। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं की जाती, जिससे सिल्ट (कीचड़ व गाद) भरकर पानी का बहाव रुक जाता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, जब सफाई कर्मी आते भी हैं तो केवल ऊपर-ऊपर की सिल्ट निकालकर खानापूर्ति कर दी जाती है।

नालियों की पूरी गहराई से सफाई नहीं होने के कारण कुछ ही दिनों में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। लोगों का कहना है कि ्नसिर्फ दिखावे के लिए सफाई की जाती है, असल समस्या जस की तस बनी रहती है।ङ्कमोहल्ले के लोगों ने बताया कि जब कभी नालियों से सिल्ट निकाली भी जाती है तो उसे उठाने के लिए वाहन समय पर नहीं भेजा जाता। नतीजतन, निकाली गई गाद कई-कई महीनों तक नालियों के किनारे पड़ी रहती है और बारिश या पानी के बहाव के साथ दोबारा नाली में चली जाती है। इससे बदबू और मच्छरों की समस्या भी बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि इलाके में सीवर लाइन अक्सर जाम रहती है। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया। सीवर जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गंदगी और ठहरे पानी के कारण डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि नालियों की गहराई तक सफाई कराई जाए, निकाली गई सिल्ट को तुरंत उठाया जाए और सीवर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

# शाहगंज में पानी की बर्बादी या अफसरशाही की लापरवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के शाहगंज इलाके में मोमसिरी वाली मस्जिद के पास बीते करीब एक महीने से वाटर सप्लाई लाइन लीकेज होकर सड़क पर बह रही है। हालात ऐसे हैं कि सड़क पर लगातार पानी फैलने से दोपहिया और पैदल राहगीर आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से शाम तक पानी सड़क पर बहता रहता है। मोहल्ले के लोग बताते हैं कि कई बाइक सवार अचानक फिसलकर गिर चुके हैं। गली में रहने वाले बुजुर्ग और बच्चे भी इस फिसलन से परेशान हैं। ्नघर से निकलो तो पहले जमीन देखो, वरना सीधे अस्पताल पहुंचो,ङ्क एक स्थानीय निवासी ने नाराजगी जताते हुए कहा। शिकायतों के बाद भी कार्रवाई शून्य है। इलाके के पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद इरफान ने बताया कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित जेई कुलदीप कुमार और ज़ोन 6 के अधिशासी अभियंता, जलकल विभाग से की गई है। लेकिन आरोप है कि अब तक न तो मरम्मत हुई और न ही कोई टीम मौके पर पहुंची। एक तरफ सरकार जल संरक्षण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर सैकड़ों लीटर पानी रोज सड़क पर बह रहा है। इससे न केवल पानी की बर्बादी हो रही है बल्कि सड़क पर फिसलन बढ़ने से बड़े हादसे की आशंका भी बनी हुई है। मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उनका कहना है कि ्नजब शिकायतों के बाद भी सुनवाई नहीं होती, तो जनता आखिर जाए तो जाए कहां?ङ्क अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी किसी गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं, या फिर लीकेज के साथ जिम्मेदारी भी यूं ही बहती रहेगी?

# गार्बेज कलेक्शन वाहन की छत पर बैठकर सफर

❒ नगर निगम की कूड़ा गाड़ियां पहले ही बिना ढके कूड़ा ढोने को लेकर विवादों में रही हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी में नगर निगम की लापरवाही एक बार फिर सड़क पर खुलकर सामने आई। थाना सआदतगंज क्षेत्र के कटरा इलाके में नगर निगम की मिनी गार्बेज कलेक्शन वाहन की छत पर कई लोग बैठकर सफर करते नजर आए। हैरानी की बात यह रही कि गाड़ी तेज रफ्तार में सड़क पर दौड़ती दिखाई दी, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कूड़ा उठाने वाली इस मिनी वाहन की छत पर 4 लोग बैठे थे घटना 16 फ़रवरी की बताई जा रही है। वाहन चालक ने न तो रफ्तार कम की और न ही सुरक्षा का ध्यान रखा। सड़क पर अन्य वाहन भी चल रहे थे, ऐसे में जरा सी चूक किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती थी।

नगर निगम की कूड़ा गाड़ियां पहले ही बिना ढके कूड़ा ढोने को लेकर विवादों में रही हैं। अब कर्मचारियों द्वारा छत पर बैठकर सफर करना सुरक्षा नियमों की खुली अनदेखी माना जा रहा है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत इस तरह वाहन की छत पर बैठकर यात्रा करना प्रतिबंधित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर निगम के कर्मचारी ही नियमों का पालन नहीं करेंगे तो आम जनता से क्या उम्मीद की जा सकती है? सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस तरह की गतिविधियों की जानकारी है या फिर यह सब उनकी नजरों से दूर हो रहा है? कटरा इलाका घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां सड़कें भी कई जगह संकरी हैं। ऐसे में तेज रफ्तार और छत पर बैठे लोगों के साथ चल रही गाड़ी किसी भी समय पलट सकती थी या संतुलन बिगड़ सकता था। अब देखना यह है कि नगर निगम इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और जिम्मेदारों पर कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं।

## माल में जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत दो दिवसीय कार्यशाला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन के उद्देश्य से संचालित ज़ीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत माल विकास खंड में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 16ऽ17 फ़रवरी को खंड विकास अधिकारी रमेश चन्द्र वर्मा तथा पीसीआई इंडिया के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई।कार्यशाला में महिलाओं के लिए स्वरोज़गार के अवसर बढ़ाने हेतु वस्त्र कढ़ाई, विशेष रूप से चिकनकारी का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण चिकनकारी की विशेषज्ञ रोली मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें प्रतिभागी महिलाओं को कौशल उन्नयन एवं आजीविका से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई।कार्यशाला में ट्ठद्धन्द्दथद एन्थद्ध ऋद्धदद्धथ द्वारा भी सहभागिता की गई, जहाँ महिलाओं को नियमित कार्यादेश (ऑर्डर) उपलब्ध कराने हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी ) का प्रारूप तैयार किया गया, जिससे प्रशिक्षण के बाद उन्हें सीधे आजीविका से जोड़ा जा सके।पीसीआई इंडिया, द्वारा बताया गया कि ज़ीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत यह पहला प्रयोग है, जिसमें अन्य औद्योगिक संस्थाओं के सहयोग से ऐसा प्रभावी मॉडल विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# अनुभव हीन नेताओं के चक्कर में पिस रहा किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । इस समय किसान अनुभवहीन नेताओं के चक्कर में पड़कर पिस रहा है। उसे हर तरफ से भारी हानि उठानी पड़ रही है।यह बात भारतीय किसान यूनियन आराजनित के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा की ओर से गोसाईगंज क्षेत्र में गंगागंज - नगराम मार्ग पर स्थित पौशाला बाजार रसूलपुर आशिक अली गांव में संपन्न हुई पंचायत में कही गई।

भाकियू नेता ने किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि किसान को आर्गेनिक खेती पर आना होगा तभी वह अपनी आजीविका बचा पाएगा। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में डीएपी और यूरिया खादों का प्रयोग न करें। इसी से जमीनों की उत्पादकता की रक्षा की जा सकती है।भाकियू नेता के अनुसार किसानों को अपनी जमीनों को बचाकर रखना चाहिए क्योंकि भविष्य में जिसके पास जमीन होगी वही बादशाह होगा। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि भारत ने अमेरिका से समझौता कर लिया है इसी बात का माहौल पूरे देश में बनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका बीच जो समझौता कर लिए जाने की बात कही जा रही यह मानने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समझौता हुआ है तो वे उसकी कॉपी देखना चाहते हैं। इसके बाद भाकियू के वरिष्ठ नेता किशोरीलाल पटेल ने भी किसानो की बिगड़ती दशा पर चिंता व्यक्त की।भाकियू की इस पंचायत में पूर्व ब्लॉक प्रमुख मान सिंह, पूर्व प्रधान महेश वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दीपू वर्मा,जिला अध्यक्ष राजेश रावत, हंसराज वर्मा, शिवराज वर्मा, सुशील प्रधान, प्रमोद वर्मा, संतलाल पटेल, और अशोक वर्मा के अलावा बहुत से लोग मौजूद रहे।

# त्योहारों व परीक्षाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकताः एसपी

❒ त्योहारों एवं परीक्षाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। एसपी राजेश द्विवेदी ने आगामी त्योहार होली व रमजान तथा बोर्ड परीक्षाओं में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बैठक की। इस दौरान एसपी ने कहा कि त्योहारों एवं परीक्षाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित गश्त बढ़ाने, अराजक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित को दिए। कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की सतत मॉनिटरिंग करें और भ्रामक, उत्तेजक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहे। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा परीक्षार्थियों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया और यह भी निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संभ्रांत व्यक्तियों के साथ संवाद स्थापित करें, जिससे आपसी समन्वय एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहे तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही की जा सके। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी पुवायां, प्रभारी एसओजी, प्रभारी सर्विलांस सहित नगर क्षेत्र के समस्त चैकी प्रभारी मौजूद रहे।

# डीसीएम चालक पर जानलेवा हमला, चार आरोपी हिरासत में पुलिस जांच में जुटी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ डीसीएम चालक का सीएचसी में इलाज जारी

रामपुर कलां , सीतापुर। जनपद के सीतापुर में थाना क्षेत्र रामपुर कलां के अंतर्गत पुलिस चौकी बेहमा इलाके में डीसीएम चालक पर हुए जानलेवा हमले से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना व कस्बा सिधौली निवासी मो. एराज पुत्र मो. शरीफ ने पुलिस चौकी बेहमा में लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी डीसीएम ठ्घ्32खा4690 गाड़ी के चालक मुंशी लाल पुत्र त्रिलोकी निवासी कमलापुर को ठ्घ्32क्क0060 व ठ्घ् 79ड्ड1009 दो कारों में सवार चार व्यक्तियों ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि चारों ने चालक मुंशी लाल के साथ लोहे की रॉड से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए चारों आरोपियों को उनके वाहनों सहित हिरासत में ले लिया। घायल चालक को 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है।घायल को एम्बुलेंस तक पहुंचाने में सहयोग छात्र शिक्षा समिति के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी एवं समाजसेवी रंजीत यादव , समाजसेवी संजय सिंह, संकित सिंह ,मोनू चौधरी सहित अन्य स्थानीय समाजसेवियों ने सक्रिय सहयोग किया। उनके प्रयासों से मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिली।इस संबंध में पुलिस चौकी बेहमा प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर चार नामजद व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जो कन्नौज जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्वामी चिन्मयानंद ने मुमुक्षु महोत्सव की तैयारियों को लेकर की बैठक

शाहजहांपुर। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने अध्यक्षता में स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में 24 फरवरी से होने वाले मुमुक्षु महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में स्वामी चिन्मयानंद ने बताया कि मुमुक्षु महोत्सव 24 फरवरी से शुरू होकर दो मार्च तक चलेगा। श्रीराम ध्वज यात्रा के साथ शुरू होने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन अपराह्न दो बजे से पांच बजे तक श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा के श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होगा। कथाव्यास के रूप में संत विजय कौशल महाराज कथा सुनाएंगे। समापन पर भजन संध्या होगी। कहा कि महाविद्यालय के विश्वविद्यालय में उच्चीकरण के बाद यह पहला भव्य आयोजन होगा। जिससे पूरे शिक्षा संकुल में अदभुत उत्साह और प्रसन्नता है। कालेज के उप प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल के संयोजन में आयोजित इस बैठक में महोत्सव से संबंधित विभिन्न समितियों का गठन करते हुए जिम्मेदारी दी गई। बैठक में कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 'ऊँची उड़ान के परिंदे' का 7वां संस्करण सम्पन्न

❒ 5 विद्यार्थी टॉप-200 में चयनित, 8वें संस्करण में हर प्रतिभागी के नाम पर लगेगा एक पौधा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिले के विकास खण्ड पहला क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक सरोकारों को समर्पित ग्रीन क्लीन एजुकेटेड विलेज फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 'ऊँची उड़ान के परिंदे' के सातवें संस्करण का परिणाम घोषित कर दिया गया।

प्रतियोगिता में जिले भर के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस वर्ष ब्लॉक पहला क्षेत्र के शहीद भगत सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेहमा की छात्रा वर्तिका राज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-200 में 112वां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय के चार अन्य विद्यार्थी–विनीत, सीमा बानो, राधा और आस्था–ने भी टॉप-200 में स्थान बनाकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। चयनित विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।परिणाम घोषणा के अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक ताराचंद्र, सहयोग छात्र शिक्षा समिति के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, भावी जिला पंचायत सदस्य (वार्ड 59) रंजीत यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर संस्था ने शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण को जोड़ते हुए महत्वपूर्ण घोषणा की कि 'ऊँची उड़ान के परिंदे' के 8वें संस्करण में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के नाम पर एक-एक पौधा लगाया जाएगा। इसके साथ ही फाउंडेशन ने ङ्कसंकल्प अभियानङ्क की भी शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत आगामी दो वर्षों में 200 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को गोद लेकर उनकी संपूर्ण शिक्षा का खर्च वहन किया जाएगा।फाउंडेशन के सीईओ ताराचंद्र ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि वे भी अपने सपनों को साकार कर सकें। शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी के समन्वय की यह पहल जिले में एक प्रेरणादायक कदम के रूप में देखी जा रही है।

## पांच बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन की बोर्ड परीक्षा हुई सम्पन्न

रायबरेली। क्षेत्र के पांच बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच पहले दिन की बोर्ड परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा केंद्रों में राजकीय इंटर कॉलेज हलोर, स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर, राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज व न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू समेत पांच केंद्रो पर पहले दिन सुबह की पाली में हाईस्कूल व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों की बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए सचल दस्ते केन्द्रवार भागदौड़ करते देखे गए। सुबह की पाली में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने हलोर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज पहुंच कर परीक्षा का जायजा लिया।

## तमंचा–कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना रोजा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर परी नमकीन फैक्ट्री से बरनई जाने वाली रोड से एक युवक को तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना रोजा क्षेत्र के गांव शाहगंज का रहने वाला घनश्याम पुत्र राजाराम है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त घनश्याम पर आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक शिवम अग्रवाल, हेड कांस्टेवल दीपक कुमार, कांस्टेवल विपिन कुमार मौजूद रहे।

# हज यात्रियों के टीकाकरण प्रशिक्षण में सहयोग करने वाले सम्मानित

❒ कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले चिकित्सकों सहित टीम तथा मदरसा शिक्षकों को सम्मानित किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




शाहजहांपुर। हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले चिकित्सकों सहित टीम तथा मदरसा शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समारोह पुराना जिला चिकित्सालय सभागार में आयोजित किया गया। जहां मदरसा नूरूलहुदा बिजलीपुरा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने सभी सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि हज यात्रा इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और हाजियों की सेहत एवं सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों द्वारा समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किए जाने से हाजियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ यात्रा करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों की टीम ने भी अपने अनुभव साझा किए और हाजियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने की अपील की। बताया कि टीकाकरण और प्राथमिक स्वास्थ्य जांच हज यात्रा की अनिवार्य प्रक्रिया का हिस्सा है, जिससे संक्रामक रोगों की रोकथाम संभव हो पाती है। इस दौरान डॉ. शोएब अली, अभिषेक कुमार, जावेद अहमद सिद्दीकी, जहीम खान, शालिनी शर्मा, स्नेहा, अनिल कुमार, डॉ पीपी श्रीवास्तव, साजिद अली खान, अब्दुल कादिर खान, निफासत अली खान, मोईन खान, जाहिद को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही हज यात्रियों की यात्रा सफल और सुगम बन सकती है।

# मझगई में कथित गौकशी पर हंगामा हिंदू संगठनों ने खोला मोर्चा

❒ प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफकार्रवाई की मांग की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद के मझगई थाना क्षेत्र में कथित गौकशी की घटना को लेकर मंगलवार को माहौल गरमा गया। घटना की सूचना मिलते ही विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गौकशी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो इस तरह की घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की गई।फिलहाल पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो।

# सीएमओ ने टीबी के मरीजों को वितरित की पोषण पोटली



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने विहास डेवलपमेंट सोसाइटी के सहयोग से अपने कार्यालय परिसर में 10 क्षय रोगियों को पोषण पोटलियों का वितरण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य रोगियों के पोषण स्तर को बेहतर बनाना और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता देना है। कहा कि क्षय रोग के उपचार में दवाओं के साथ-साथ उचित पोषण की भी अहम भूमिका होती है और इस तरह की सहायता से रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा वे उपचार के प्रति अधिक सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर पाते हैं। इस अवसर पर डीटीओ डॉ. उमेन्द्र राठौर, डीएचईआईओ वीरेन्द्र शर्मा, सिद्धार्थ गुप्ता, आरती देवी सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

## पंच कैलाशी शिव साधिका साधना दीदी ने भंडारे में शिवभक्तों को दिया आशीर्वाद



**बिसवां , सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई दीदी द्वारा नगर के वार्ड मोहल्ला कैथी टोला बिसवा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई दीदी ने भोलेनाथ शिव जी का जल,दूध, दही,शहद,शकर, फल,फूल,मेवा,मिष्ठान से रुद्राभिषेक किया।उसके उपरांत भोलेनाथ शिव जी को वस्त्र पहनाकर विधिवत आरती एवं पूजा अर्चना की। भंडारे का शुभारंभ पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई दीदी ने ब्राह्मणों एवं कन्याओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा देकर किया।भंडारे में बिसवा,सीतापुर, लखीमपुर,हरदोई सहित विभिन्न जनपदों सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिव भक्तों ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई दीदी ने सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी के सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की।भंडारे के सफ़ल आयोजन में अजय बाजपेई,कौशल अक्षय बाजपेई,अश्वनी छोटू बाजपेई, अभय बाजपेई,सूरज बाजपेई, ऊषा किरन,शशि गुड़िया मिश्रा,बेबी शुक्ला,शैली बबली शर्मा,गीता बाजपेई,संध्या बाजपेई,वंश बाजपेई,शिवांश बाजपेई,रुद्रिका नव्या बाजपेई आदि का विशेष योगदान रहा।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो का किया निरीक्षण



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व किये जा रहे कार्यो की गहन समीक्षा कर अवलोकन किया।जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक (प्रथम), न्याय सहायक (द्वितीय), शिकायत प्रकोष्ठ, न्याय सहायक (प्रथम), लेखाकार, डीएलआरसी, स्थापना, आंग्ल अभिलेखागार, डिस्पैच पटल का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित कार्यो की गहन समीक्षा की गई व अभिलेखों के रख–रखाव को देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अपडेट पायी गई। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सेवा निवृत्त व स्थानान्तरित कार्मिकों की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय निर्देशित किया कि किस पटल में क्या कार्य किया जाता है उसको प्रॉपर डिस्प्ले किया जायें। प्रतिदिन लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उसको फॉलोअप किया जाए, जिससे लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, एसडीएम अहमद फरीद खान, सचिन यादव, विवेक राजपूत, सारा अशरफ सहित सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहें।

# दो किलोग्राम अफीम के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर । जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना तिलहर की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अग्रवाल होटल के सामने हाइवे से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 02 किलोग्राम अफीम बरामद की।

पकड़े गए अभियुक्त थाना तिलहर क्षेत्र के गांव खनपुरा निवासी बैजनाथ पुत्र रामदयाल और थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव नवादा रूद्रपुर निवासी अनिल पुत्र रघुनाथ हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं और इसी से अपने घर का खर्चा चलाते हैं। बताया कि वो लोग झारखंड से अफीम लाकर पंजाब बेचते हैं। बताया कि आज भी बरामद अफीम पंजाब बेचने जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त बैजनाथ पर थाना तिलहर में लूट, षड़यंत्र और एनडीपीएस एक्ट के करीब एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने दोनों अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के साथ एसओजी प्रभारी और प्रभारी सर्विलांस सेल की टीम मौजूद रही।

# ट्रेनी आईएएस, बीडीओ मितौली मनीषा धारवे बनीं न्यायिक तहसीलदार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। ग्रामीण परिवेश से निकलकर कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए प्रशासनिक सेवा तक पहुंचने वाली मनीषा धारवे आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। ट्रेनी आईएएस एवं बीडीओ मितौली के रूप में कार्य कर चुकीं मनीषा धारवे को अब न्यायिक तहसीलदार मितौली का दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति को क्षेत्र में प्रशासनिक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मनीषा की प्राथमिक शिक्षा गांव की आंगनवाड़ी से शुरू हुई, जहां उन्होंने पांच वर्ष बिताए। पहली से आठवीं तक की पढ़ाई गांव के सरकारी स्कूल में पूरी की। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने खरगोन के उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश लिया और 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा वहीं से प्राप्त की। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 11वीं में उन्होंने गणित और जीवविज्ञान दोनों विषय चुने। 10वीं में 75 प्रतिशत और 12वीं में 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उन्होंने इंदौर के होलकर कॉलेज से बीएससी कंप्यूटर साइंस की डिग्री हासिल की।कॉलेज के दौरान ही उन्होंने पीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन दोस्तों के सुझाव पर उन्होंने यूपीएससी की तैयारी करने का निर्णय लिया। उन्होंने ठान लिया कि अब लक्ष्य सिर्फ कलेक्टर बनना है। जब उन्होंने दिल्ली जाकर तैयारी करने की इच्छा परिवार के सामने रखी तो माता-पिता बड़े शहर में अकेले भेजने को लेकर चिंतित थे। इसके बावजूद मनीषा एक मित्र के साथ दिल्ली पहुंचीं, वहां कोचिंग और रहने की व्यवस्था देखी और फिर घर लौटकर परिवार को भरोसा दिलाया। अंततः डिग्री पूरी होने के बाद उन्हें दिल्ली जाकर तैयारी करने की अनुमति मिल गई।मनीषा ने वर्ष 2020 में पहली बार यूपीएससी परीक्षा दी, लेकिन कुछ अंकों से असफल रहीं। इसके बाद वह गांव लौटीं, जहां बिजली की समस्या के कारण पढ़ाई में बाधा आई। बेहतर तैयारी के लिए वह झिरनिया चली गईं। वर्ष 2021 में दूसरे प्रयास में वह मात्र एक प्रश्न से पीछे रह गईं। तीसरे प्रयास के लिए उन्होंने इंदौर में रहकर परीक्षा दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। लगातार असफलताओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। चौथे प्रयास के लिए वह फिर दिल्ली लौटीं और वर्ष 2023 में परीक्षा दी। इस बार उनकी मेहनत रंग लाई और उनका प्रशासनिक सेवा में चयन हो गया।प्रशिक्षण के दौरान मितौली में ट्रेनी आईएएस एवं बीडीओ के रूप में उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा, ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया। अब न्यायिक तहसीलदार के रूप में उनकी जिम्मेदारी राजस्व एवं अर्ध-न्यायिक मामलों का निस्तारण, भूमि विवादों का समाधान, नामांतरण (दाखिल-खारिज), वरासत और अन्य तहसीली कार्यों को समयबद्ध ढंग से संपादित करना होगी। मनीषा धारवे की यह सफलता साबित करती है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा पर सेमिनार आयोजित

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिभूति बाजार में विनियोग जागरूकता व सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य विभागाध्यक्ष व उप–प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य वक्ता नियामक विभाग, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज उत्तर प्रदेश क्षेत्र की प्रभारी सीएस श्रुति शर्मा ने वित्तीय साक्षरता व साइबर क्राइम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय साक्षरता का अर्थ केवल धन कमाना नहीं, बल्कि आय, बचत, बजट, निवेश और जोखिम की समझ विकसित करना है। सही वित्तीय ज्ञान युवाओं को विवेकपूर्ण निर्णय लेने, अनावश्यक ऋण से बचने तथा भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होता है। शेयर बाजार निवेश का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, लेकिन इसमें निवेश करते समय धैर्य, शोध और जोखिम प्रबंधन की समझ आवश्यक है। कहा कि साइबर फ्रॉड आज एक गंभीर चुनौती बन चुका है। फिशिंग, फर्जी कॉल, नकली केवाईसी अपडेट और आकर्षक निवेश प्रस्ताव जैसे धोखाधड़ी के तरीके तेजी से बढ़ रहे हैं। अतः सभी को सतर्क रहना चाहिए। किसी भी अनजान लिंक या संदेश पर प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिए और अपनी व्यक्तिगत व बैंकिंग जानकारी सुरक्षित रखनी चाहिए। प्रो. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि वित्तीय जागरूकता, अनुशासन और डिजिटल सावधानी अपनाकर युवा न केवल अपनी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं, बल्कि एक जिम्मेदार एवं सुरक्षित निवेश संस्कृति का निर्माण भी कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपक श्रीवास्तव ने किया। इससे पूर्व डॉ बरखा सक्सेना ने पुष्प कालिका भेंट कर मुख्य वक्ता का सम्मान किया। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य सिंह, डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ कमलेश गौतम, डॉ गौरव सक्सेना, डॉ अजय कुमार, डॉ रामशंकर पाण्डेय, डॉ प्रमोद यादव, डॉ बलबीर, डॉ. पूजा बाजपेई

# शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में वोट के साथ इंसाफ नहीं हुआ, इसलिए विकास में पिछड़ा : आबिद रजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ पूर्वमंत्री आबिद रज़ा का शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में काफिला सबसे पहले यादव बाहुल्य गांव कुलचौरा में पहुंचा

बदायूँ। सपा के राष्ट्रीय सचिव एव पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के दलित, यादव बाहुल्य व मुस्लिम गांवों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने कहा कि शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र से अब तक जो भी जनप्रतिनिधि चुने गए उन्होंने कभी भी वोट के साथ इंसाफ नहीं किया। इसीलिये आज तक शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में सर्वाधिक पिछड़ा हुआ है।

पूर्वमंत्री आबिद रज़ा का शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में काफिला सबसे पहले यादव बाहुल्य गांव कुलचौरा में पहुंचा। जहाँ ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। कुलचौरा के बाद पूर्व मंत्री आबिद रजा का काफिला मुस्लिम बाहुल्य कस्बे सखानू पहुंचा। वहां युवाओं में बेहद जोश देखने को मिला। युवाओं ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा पर फूलों की वर्षा की और देखो देखो कौन आया शेर आया शेर आया जैसे जोरदार नारे लगाए। इसके बाद पूर्व मंत्री आबिद राजा का काफिला भन्द्रा ग्राम की ओर बढ़ा। वहां पहुंचने से पहले म्याऊं पेट्रोल पंप के पास युवाओं ने मोटरसाइकिलो पर सवार होकर ढोल नगाड़ों के साथ पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का भव्य स्वागत किया और फूलों की वर्षा की। यह देखकर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा अपनी गाड़ी के सनरूफ से निकलकर ऊपर खड़े हो गए तभी महिलाओं बुजुर्गों और युवाओं ने पूर्व मंत्रीआबिद रज़ा के ऊपर फूलों की बारिश की। गांव भन्द्रा पहुंचने से एक किलोमीटर पहले यादव बाहुल्य गांव गिल्टिया में यादव समाज के लोगों ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का भव्य स्वागत किया। भन्द्रा पहुंचने पर लोगों ने अपनी छतो से आबिद रज़ा पर फूल बरसाए। गांव भन्द्रा में विशाल जनसभाओं को संबोधित करने के बाद पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का काफिला म्याऊं पहुंचा। म्याऊं में भी पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का भव्य स्वागत हुआ अंत मे पूर्व मंत्री आबिद रजा का काफिला जाटव बाहुल्य ग्राम ढका पहुंचा जहां पर जाटव समाज के लोगों ने फूल माला डालकर आबिद रज़ा का भव्य स्वागत किया। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने ढका ग्राम में कथा कमेटी के लोगों को पाँच हज़ार रुपये उपहार स्वरूप भेंट किए। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने गाँवों में जनता का शुक्रिया कहते हुए कहा कि मुझे पता है कि आपके साथ राजनैतिक नाइंसाफी हुई। आपके वोट के साथ इंसाफ नहीं हुआ। क्षेत्र मे जितना विकास होना चाहिए था उसका 5 प्रतिशत भी विकास नहीं हुआ। आपके क्षेत्र मे कोई सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं इससे ज्यादा अफ़सोस की बात और क्या हो सकती, जब आपके बच्चे पढ़ ही नहीं पाएंगे तब तक उनका भविष्य कैसे बेहतर हो सकता है। आप लोगों को केवल वोट लेने के लिए इस्तेमाल किया गया, केवल चुनाव मे अच्छी अच्छी बातें की गई,विकास के सपने दिखाए गए। चुनाव के बाद आपके क्षेत्र मे विकास तो दूर की बात आपको पहचाना तक नहीं जाता है। विधानसभा के चुनाव में आपका दिया हुआ वोट कामयाब भी हुआ और आप चुनाव भी जीते फिर भी आप लोग मायूस क्यूँ दिखते है, इसका मतलब यह है कि सियासी मुख़ालिफ आपकी मुखालफत पूरी शिद्दत से करता है और आप जिसे अपना सियासी दोस्त समझकर कामयाब करते हो वह दोस्ती नहीं निभाता, इसलिए आपको डबल नुकसान होता है।

उन्होंने कहा वर्ष 2027 मे मौजूदा सरकार को हटाने के लिए सेक्युलर हिन्दू व मुसलमानों व दलित भाईयो को सियासी एक साथ होना होगा। पीडीए को मजबूत करना होगा। तभी आपके वोट के साथ इंसाफ होगा और आपके इलाके का विकास सम्भव है। इस मौके पर ओमवीर सिंह दद्दा, रमेश सिंह यादव, शीशपाल सिंह यादव ,प्रेमपाल सिंह यादव ,भोपाल सिंह यादव ,नेकराम सिंह यादव ,नंदराम सिंह यादव, सिपटटर सिंह यादव दुर्गपाल यादव, अतर सिंह यादव, दानिश अशरफी, खलील अंसारी, अनवर अंसारी,फहीम अंसारी,नदीम अशरफी, राघिब अशरफी, नदीम सभासद नदीम अंसारी , रफीक अंसारी अमीरुद्दीन अंसारी दानिश अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण की ताकत पर ही भाजपा पूरे देश में : राकेश मिश्र आनवा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ भाजपा की पहचान उसके सिद्धांतों, अनुशासन और समर्पित कार्यकर्ता शक्ति से है

बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला कार्यशाला में क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र आनवा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने सत्रों के माध्यम से कार्यशाला को संबोधित किया। ब्रजक्षेत्र क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र आनवा ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी राजनीति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक व्यापक आंदोलन है। भाजपा की पहचान उसके सिद्धांतों, अनुशासन और समर्पित कार्यकर्ता शक्ति से है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संगठन की दीर्घकालिक रणनीति का महत्वपूर्ण अंग है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व, संगठनात्मक रूप से सक्षम और सामाजिक रूप से सक्रिय बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन का दूत है। जब वह आत्मबल और स्पष्ट दृष्टि के साथ समाज में जाता है, तब वह केवल पार्टी की बात नहीं करता, बल्कि राष्ट्रहित की सोच को जन-जन तक पहुंचाता है। कार्यकर्ताओं का मनोबल जितना ऊंचा होगा, संगठन उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भाजपा में कार्यकर्ता सर्वोपरि है। संगठन प्रत्येक कार्यकर्ता के सम्मान, सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मंडल एवं बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने, सेवा कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की पहुंच मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा भाजपा राष्ट्रवाद की विचारधारा पर आधारित एक सशक्त संगठन है, जिसकी असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि संगठन की स्थायी सफलता प्रशिक्षित, अनुशासित और वैचारिक रूप से दृढ़ कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 मार्च से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे, जिनकी समयावधि 24 घंटे की होगी। इन वर्गों में भाजपा की विचारधारा, एकात्म मानववाद, अंत्योदय, संगठनात्मक ढांचा, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसेवा के विभिन्न आयामों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखना और उन्हें निरंतर प्रशिक्षित करना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जब कार्यकर्ता आत्मविश्वास और स्पष्ट विचार के साथ कार्य करता है, तब संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ बनाएं।

इस अवसर पर कार्यशाला में पूर्व विधायक विधायक कुशाग्र सागर, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यसमिति सदस्य मनोज मसीह, पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य, जिला आईटी संयोजक संदीप चौहान, रचना शंखधार एवं पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गाँवों के हर मकान की अद्वितीय आईडी है घरौनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली आबादी के घरों का कोई नक्शा या नम्बर नहीं होता है। जमीन के जिस भाग पर विभिन्न वर्गो के परिवार मकान बनाकर रहते हैं, उस क्षेत्र को राजस्व विभाग के नक्शे में आबादी क्षेत्र घोषित किया गया है। आबादी क्षेत्र में बहुत से परिवारों के घर होते है, किन्तु इस घर पर किसी के नाम से वह मकान नहीं होता है।

ऐसी स्थिति में स्वामित्व व कब्जों को लेकर गाँवों में पारिवारिक या पडोसी से विवाद मारपीट व मुकदमेबाजी भी होती है। ग्रामीण समाज में शान्ति, सौहार्द आपसी भाई चारा बनाये रखने और आवासों का स्वामित्व बनाये रखने के उद्देश्य से भारत सरकार की ष्स्वामित्व योजनाष के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण, एवं अभिलेख संक्रिया विनियामली, 2020 प्रख्यापित की है। जिसके अन्तर्गत आवास स्वामी को घरौनी दी जाती है।

राज्य सरकार की इस विनियमावली के अन्तर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में अवस्थित भूमि, भवन एवं सम्पत्तियों का सर्वेक्षण कराकर ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयार कर सम्बन्धित गृह स्वामियों को उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर ग्रामीण आबादी क्षेत्र के सर्वेक्षण का कार्य जिलाधिकारियों/जिला अभिलेख अधिकारियों द्वारा प्रसारित कर कराया जा रहा है। सर्वेक्षण प्रक्रिया में सर्वप्रथम ग्राम सभाओं की बैठक कर सभी ग्रामवासियों को इस विनियमावली की जानकारी दी जाती है। तत्पश्चात ग्राम के आबादी क्षेत्र की सभी निजी, सरकारी अर्ध सरकारी भूमि, भवन एवं सम्पत्तियों को चिन्हीकरण किया जाता है। चिन्हीकरण के पश्चात आबादी क्षेत्र को ड्रोन द्वारा सर्वेक्षण फोटो लिए जाते हैं, जिसके आधार पर आबादी क्षेत्र का मानचित्र तैयार किया गया है। मानचित्र के आधार पर आबादी भूखण्डों की नम्बरिंग कर सभी गृह स्वामियों एवं सरकारी सम्पत्तियों की सूची बनाकर ग्राम पंचायत की बैठक में प्रकाशित किया जाता है।

घरौनियों हेतु सम्पत्तियों की सूची के प्रकाशन के उपरान्त उप जिलाधिकारी द्वारा आपत्तियों आमंत्रित कर उनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाता है। उप जिलाधिकारी/सहायक अभिलेख अधिकारी के निस्तारण के विरुद्ध जिलाधिकारी/जिला अभिलेख के समक्ष आपत्ति दाखिल की जा सकती है। जिलाधिकारी/जिला अभिलेख अधिकारी द्वारा सम्बन्धित पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर आपत्ति का निस्तारण करते है। सभी त्रुटियों, समझौते एवं आपत्तियों के निस्तारण के पश्चात गृह स्वामीवार ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) एवं संशोधित मानचित्र तैयार किया जाता है। जिसकी पुष्टि सहायक अभिलेख अधिकारी द्वारा की जाती है। ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयारी हो जाने के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा ग्राम के आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया पूर्ण होने की अधिसूचना का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाता है।

प्रदेश में नवीनतम ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर उनके स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार कराने हेतु प्रदेश में कुल 1,10,344 ग्रामों को अधिसूचित किया गया है, जिनमें संचालित ''स्वामित्व योजना'' के अन्तर्गत प्रदेश में गैर आबाद आदि ग्रामों को छोड़कर कुल 90530 ग्रामों में वास्तविक रूप से ड्रोन सर्वेक्षण एवं घरौनी तैयार किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। दिसम्बर, 2025 तक समेकित रूप से सभी 90530 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूर्ण हो गया है। प्रदेश में अब तक 71344 ग्रामों में कुल 1,09,11,057 ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयार/वितरित की जा चुकी है।

# सम्भल: असमोली थाना क्षेत्र में मिला गाय का सिर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ थानाध्यक्ष मोहित चौधरी पर, गाय के अवशेष को भैंस का अवशेष

सम्भल। जनपद के असमोली थाना क्षेत्र में सेंधरी गांव के पास एक पालतू गाय का कटा हुआ सिर बरामद होने की घटना सामने आई है। घटना सेंधरी निवासी प्रशांत कुमार की गाय उनके घर के आंगन से चोरी हो गई थी, जिसका कटा हुआ सिर 24 घंटे बाद गांव निवासी श्रीपाल के खाली प्लॉट में मिला है।पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर विश्व हिंदू रक्षा संगठन व ग्रामीण एकत्र हुए बहजोई मुख्यालय पर पहुंचे , जहां पुलिस कप्तान कृष्ण कुमार बिश्नोई के कार्यालय पहुंचे जिसके बाद लिखित शिकायती पत्र दिया है।

असमोली पुलिस पर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायती पत्र दिया है । आरोप है कि गाय चोरी होने गौकशी के संम्बन्ध मैं बताया गया है कि विकास कुमार सुपुत्र मुकेश सिंह ग्राम सैंधरी थाना असमौली जनपद सम्भल दिनांक नौ फरवरी की रात्रि को समय लगभग 9 बजे इनके घेर से लाल रंग की गाय चोरी हुई थी, दस फरवरी को शाम लगभगसात बजे गाय का अवशेष सर विकास कुमार के घेर के आगे डाल दिया । विकास कुमार के द्वारा गाय चोरी होने व गाय के अवशेष मिलने की सूचना संम्बन्धित थाने को दी गई थी, थाने की पुलिस ने मौके पंहुच कर,गाय का अवशेष गांव के मौजूदा लोगो के सामने जांच के लिए अपने साथ ले गए जिसके फोटो तथा विडियो विकास कुमार के पास मौजूद है ।जब विकास कुमार व ग्रामवासी थाने पंहुचे तो थाना अध्यक्ष असमौली व सी0 ओ0 कुलदीप सिंह के द्वारा गाय के अवशेष को भैंस का अवशेष बताया गया । थानाध्यक्ष मोहित चौधरी असमौली व सी0 ओ0 कुलदीप सिंह के बयान से समस्त ग्राम वासियो में भारी रोष व्याप्त है , संगठन के लोगों ने संभल के कप्तान से उक्त प्रकरण में गाय के अवशेष की निसपक्ष जांच मांग की है, पुलिस ने कटे हुए अवशेषों को कब्जे में लिया।जांच पुलिस ने शव को दो-तीन दिन पुराना बताया है, जांच संगठन के हंगामे के बाद तेज कर दी गई है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**सम्भल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 18.2.2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का सामना करने में सक्षम हों। प्रशिक्षक सुरेश कुमार व सृष्टि ने छात्राओं को फ्रंट किक, फ्रंट जंप किक, ब्लॉक्स आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं मार्शल आर्ट सीखने में अत्यधिक रुचि ले रही हैं तथा काफी संख्या में उपस्थित हैं।जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सम्भल, बहजोई,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बैंकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्योग विभाग के अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत आये आवेदन पर जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इसमें प्रगति धीमी है, योजना बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। खादी ग्राम उद्योग अधिकारी द्वारा लंबित आवेदनों के विषय में जानकारी दी मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदन का निस्तारण करें या लंबित होने का कारण बताएं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बैंक में सीसीएल की लंबित पत्रावली की बैंक वार जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, शासन की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखना सुनिश्चित करें। उद्यान विभाग की योजना पीएमएफएमई को लेकर भी बैंक वार जानकारी प्राप्त की गयी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत अधिक से अधिक ऋण करें यह शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं में से एक है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा माटी कला योजना के अन्तर्गत आवेदन, लंबित आवेदनों आदि के विषय में बैंक वार जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि माह फरवरी में शासन की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित ऋण वितरित किया जाए किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में ना आए उन्होंने कहा कि अगर किसी संबंधित बैंकर्स की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित बैंकर्स के खिलाफ बैंक मुख्यालय को पत्र जिलाधिकारी की तरफ से जारी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी आवेदन बैंकों में लंबित है उनको प्रत्येक दशा में निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंकों की बैठक साप्ताहिक लगाई जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेंद्र सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक प्रबंधक उद्योग संदीप कुमार, एलडीएम ललित कुमार राय एवं बैंकों के जिला समन्वयक सीएम युवा फ़ेलो तारिक हुसैन,नवीन सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एचपीसीएल के अधिकारियों पर जबरन वसूली का आरोप, रिपोर्ट

**बदायूं, बहजोई,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के की एचपीसीएल कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी ने कंपनी के उच्चाधिकारियों पर भ्रष्टाचार, उत्पीड़न और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अजय प्रताप सिंह ने न्याय के लिए न्यायालय सीजेएम कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि वह कंपनी में पेलोडर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि प्रबंधक सुधीर गुप्ता और उप-प्रबंधक हर्षित मिश्रा उससे निजी काम करवाते थे। मना करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देते थे। पीड़ित का दावा है कि उसने पूर्व में एक व्यक्ति की फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी पाने के खेल का खुलासा किया था, जिसके बाद अधिकारी उससे रंजिश रखने लगे। 13 जनवरी को अधिकारियों ने पीड़ित से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। अगले दिन जब वह ड्यूटी पर गया, तो उसे गेट पर रोका गया। आरोप है कि अधिकारियों ने उसे रास्ते में घेरकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चालक समेत दो लोग घायल

बदायूं, **बहजोई,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में रेहड़िया गांव के पास बुधवार दोपहर गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर अचानक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में दो लोगों को मामूली चोट आई है। बड़ा हादसा होने से बच गया। घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया। जिसके बाद दोनों घर चले गए। अमरोहा के थाना हसनपुर के गांव व्यावली के रहने वाले वेदपाल व उसका साथी सोनू हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे पर ट्रैक्टर-ट्राली चलाते हैं। दोनों घर लौट रहे थे। दोनों सर्विस रोड से ही जा रहे थे। वजीरंगज क्षेत्र के नौली हरनाथपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक वेदपाल व सोनू को हल्की चोट आई। अगर ट्रैक्टर-ट्रॉली में अधिक लोग सवार होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। गांव वालों की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा करने के बाद दोनों का प्रथम उपचार कराया गया और फिर दोनों अपने घर के लिए रवाना हो गए। चालक ने बताया कि अचानक गड्ढा सामने आ गया, जिसे बचाने का प्रयास कि तो ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई।

## कंट्रोल रूम से जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों की हो रही लाइव मॉनिटरिंग

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज व पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 9 जोन व 19 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 107 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे क्रियाशील अवस्था मे पाए । इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार मौजूद रहे।

# डीएम ने तहसील सहसवान का किया निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को तहसील सहसवान का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव तथा न्यायिक कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में संचालित कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किया जाए तथा रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितैषी बनाया जाए, जिससे आमजन को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण कर लंबित वादों की स्थिति की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न अनुभागों का भ्रमण कर कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य निष्पादन एवं अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की जांच की। रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने दस्तावेजों को गहनता से परखा और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की तथा सर्विस बुक सहित सेवाकाल संबंधी अभिलेखों की जांच की। उन्होंने कहा कि कार्मिकों के देयों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नव जीवन वृद्धाश्रम में असहाय वृद्धजनों हेतु निःशुल्क सुविधाएं

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 60 वर्ष अधिक के ऐसे वृद्धजन जिनके भरण-पोषण का कोई सहारा नहीं है अथवा परिवार से अलग रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, ऐसे वृद्धजन समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नव जीवन वृद्धाश्रम, भागीरथी घाट, कछला, बदायूँ में पंजीकरण कराकर निःशुल्क निवास कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संवासी वृद्धजनों को भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, मनोरंजन, पर्सनल केयर आदि की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। नव जीवन वृद्धाश्रम, कछला में पंजीकरण कराये जाने हेतु इच्छुक व्यक्ति अपना पंजीकरण नव जीवन वृद्धाश्रम कछला, बदायूँ में अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी, बदायूँ के विकास भवन स्थित कार्यालय में कक्ष सं0-113 में करा सकते है।

# एक हफ्ता पूर्व अब रोडवेज बसों की कर सकेंगे बुकिंग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। रोडवेज बस की बुकिंग अब लोग निजी बस की तरह आसानी से करवा सकेंगे। डिपो ने बस की बुकिंग के लिए प्रक्रिया आसान कर दी है। अब एक माह की जगह एक सप्ताह पूर्व बरात, पिकनिक या किसी अन्य कार्य के लिए लोग बुकिंग करवा सकेंगे। निजी कार्यक्रम के लिए रोडवेज की बुकिंग 400 किमी व 24 घंटे के लिए 27,808 रुपये में की जा सकेगी। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। अब तक एक महीना पहले बुकिंग कराने की बाध्यता के चलते लोग रोडवेज की बसों की शादी विवाह में कम बुकिंग करा रहे थे। एक जनवरी से अब तक मात्र दो ही बुकिंग की गईं। परिवहन निगम के बेड़े में 130 निगम की तो 43 अनुबंधित रोडवेज की बसों का संचालन किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति निजी बस की तरह रोडवेज बस की बुकिंग करा सकता है। इसके लिए डिपो में यात्रा से एक सप्ताह पहले आवेदन करना होगा। कम किराये में बस की सुविधा मिल सके, इसके लिए परिवहन निगम ने 400 किलोमीटर तक के लिए 27,808 रुपये किराया निर्धारित किया है। डिपो ने अपनी आय बढ़ाने और लोगों की सुविधा के लिए बसों को बुक करने की सुविधा दी है। डिपो में संचालित बसों में से 20 से अधिक बसें बिल्कुल नई हैं जो पिछले माह ही आई हैं। यह बसें पूरी तरह से फिट व मेंटेन हैं। रोडवेज बसों की बुकिंग यात्रा के एक माह पहले कराने की शर्त अब समाप्त कर दी गई है। अब यात्रा के एक सप्ताह पूर्व भी रोडवेज डिपो पर पहुंचकर बुकिंग करा सकते हैं। 400 किमी व 24 घंटे का शुल्क 27808 रुपये निर्धारित। इतनी दूरी के लिए प्राइवेट बसों की बुकिंग 30 से 35 हजार में होती है। परिवहन निगम की बस सस्ती व सुरक्षित हैं। - राजेश पठक, एआरएम

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ जिला कृषि अधिकारी द्वारा फसलों में संतुलित उर्वरकों की मात्रा प्रयोग करने की सलाह दी गई

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने किसान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु आदेशित किया। उप कृषि निदेशक ने फार्मर रजिस्ट्री के बारे में बताया कि 31 मार्च 2026 तक जनपद के समस्त कृषक अपनी-अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले अन्यथा 01 अप्रैल 2026 से पी0एम0 किसान सम्मान निधि एवं कृषि तथा सम्बद्ध विभागों की योजनाओं का लाभ मिलना बन्द हो जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र या कृषि विभाग के कर्मचारी एवं लेखपाल तथा पंचायत सहायक से सम्पर्क कर बनवा सकते है।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा फसलों में संतुलित उर्वरकों की मात्रा प्रयोग करने की सलाह दी गई। किसान नेता रामाशंकर शंखधार ने यदु शुगर मिल बिसौली से पिछले वर्ष के गन्ना के भुगतान की जानकारी चाही जिस सम्बन्ध में सहायक गन्ना समिति सचिव द्वारा बताया गया कि यदु शुगर मिल बिसौली का पिछले वर्ष का 28 फरवरी 2026 तक भुगतान कर दिया जायेगा। जनपद में सरकारी क्रय केन्द्रों पर बाजरा व धान की खरीद की जानकारी चाही जिस सम्बन्ध में खाद्य एव रसद विभाग वैभव कुमार द्वारा विस्तार से जानकार दी गई।जिला उद्यान अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा सब्जी वाली फसलों के बीजों पर अनुदान के बारे में कृषकों को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिनिधि जिला अग्रणी प्रबन्धक पी0एन0बी0 द्वारा के0सी0सी0 के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। कृषकों द्वारा नाधा फीडर की 1.5 किमी0 तक की विद्युत लाइन की समस्या रखी जिस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम द्वारा अवगत कराया गया कि सर्वे कराकर कार्य को पूर्ण कराया जायेगा। इस अवसर पर बैक, कृषि, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग आदि से जुड़े हुए समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर के सभागार मे किसान दिवस की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर बहजोई के सभागार में दोपहर किसान दिवस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र से आये कृषि वैज्ञानिक डॉ. महावीर सिंह द्वारा समस्यामूलक फसलों की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में जनपद में सरसों, गेहूँ आदि की फसल मुख्य रूप से लगी हैं।

उन्होंने गेहूं की फसल के बारे में अवगत कराया कि इस समय गेहूँ की फसल में सर्वाधिक आद्रता व नाइट्रोजन की आवश्यकता होती है। साथ ही जिन किसान भाइयों की जमीन मोटी है उनमें यूरिया डालने का सुझाव दिया। गेहूं फसल में खरपतवार नाशी का इस्तेमाल करने के लिए वाइड स्पेक्ट्रम वीडीसाइड जैसे सल्फोसल्फ्यूरान, आदि का इस्तेमाल करने के लिए सुझाव दिया।यह सभी खरपतवारनाशी कृषि रक्षा ईकाइयों पर 50% अनुदान पर उपलब्ध होने के बारे में भी अवगत कराया गया। गन्ने की फसल में प्रति एकड़ प्रति 150-175 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। साथ ही किसान भाइयों को खेत में यूरिया का अधिक इस्तेमाल होने वाले दुष्प्रभावों से भी अवगत किया गया। मिट्टी के विभिन्न प्रकारों से भी किसानों को अवगत कराते हुए कहा कि किसान भाई मिट्टी परीक्षण के अनुरूप ही फसलों की बुवाई निर्धारित करें। उन्होंने मक्का एवं सरसों की फसल एवं प्रजाति तथा रोग उपचार आदि पर भी प्रकाश डाला। बैठक में अग्रणी कृषक डॉ0 मोहम्मद गालिब द्वारा जनपद में मोती की खेती करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी सफलता की कहानी को अवगत कराया गया। साथ ही खेत तालाब योजना के तहत निजी तालाब पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त मोती के वर्तमान बाजार मूल्य व उसकी अधिक पैदावार हेतु किसानों को अवगत कराया गया।जिला गन्ना अधिकारी सम्मल धनीराम द्वारा गन्ना विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं से किसानों को अवगत कराया गया। साथ ही गन्ने की विभिन्न उन्नतशील प्रजातियों, विभाग द्वारा निर्गत कराये जाने वाले अनुदान एवं सहफली योजना के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। ए आर कॉपरेटिव द्वारा किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने वाली खाद, एनपीके0 एवं डीएनपीके0 की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी एवं वर्तमान में खाद वितरण किये जाने हेतु पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने अवगत कराया गया।उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप पर सोलर पेनल लगवाये जाने को बिजली बिलों में होने वाले धनलाभ के विषय में जागरूक किया। किसानों को पीएम कुसुम योजना के विषय में अवगत कराया गया। साथ ही कृषि विभाग से संचालित अन्य योजनाएं यथा कृषि यंत्रीकरण योजना, मिलेट्स पुनरुद्धार योजना,आदि के लाभों से भी अवगत कराया गया।

# बार-बालाओं को बंदूक की नली से पैसे देने वाला आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में बार-बालाओं को बंदूक की नोक पर नोट लगाकर पैसे देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने क़ेबाद पुलिस ने सं ज्ञान में लिया है।पूरे मामले मोतीगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।मोतीगंज पुलिस ने आरोपी अमरनाथ तिवारी उर्फ चचऊ को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने उसकी लाइसेंसी बंदूक भी बरामद की है।धानेपुर थाना क्षेत्र के खरिया उ ज्जैनी कला निवासी अमरनाथ तिवारी को मो तीगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया।मेडिकल परी क्षण के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।यह घटना बीते 16 फरवरी को मोतीगंज थाना क्षेत्र की छाछपारा कानूनगो ग्राम पंचायत के किशुन पुरवा गांव में एक तिलक उत्सव कार्यक्रम के दौरान हुई थी।अमरनाथ तिवारी का बार-बाला ओं को बंदूक की नोक पर नोट लगाकर पैसे दे ते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था।वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मोतीगंज थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव और कहोबा चौकी प्रभारी तेज नारायण गुप्ता को मामले में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मोतीगंज पुलिस ने परसपुर थाना क्षेत्र के राम रंगीली पूर्व निवासी अक्षय कुमार पांडे की बंदू क बरामद की है,जिसका इस्तेमाल अमरनाथ तिवारी ने पैसे देने के लिए किया था।वही सी ओ सदर शिल्पा बर्मा ने बताया कि तिलक का र्यक्रम में लाइसेंसी बंदूक के दुरुपयोग को ले कर के वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले में जांच कराई गई और अब तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लाइसेंसी बंदूक जब्त कर ली गई है।मामले की आगे की जांच कहोबा चौकी इंचार्ज तेज नारायण गुप्ता कर रहे हैं।

## अवैध निर्माण पर केडीए का बुलडोजर 21 बीघा क्षेत्र में ध्वस्तीकरण

कानपुर। कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) द्वारा अवैध निर्माण और अनधिकृत प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल और सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में बुधवार को प्रवर्तन जोन-1बी की टीम ने करीब 21 बीघा क्षेत्र में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। यह कार्रवाई विशेष कार्याधिकारी एवं उपजिलाधिकारी रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। प्राधिकरण की टीम ने प्रतापपुरी हरी गांव में करीब नौ बीघा, भगवानपुरवा में लगभग आठ बीघा और कटरी ख्यौरा में करीब चार बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। इन सभी स्थानों पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराए और बिना अनुमति के जमीन की प्लाटिंग की जा रही थी। ध्वस्तीकरण के दौरान तीन जेसीबी मशीनों की मदद से इंटरलॉकिंग, सड़क, नाले, बाउंड्रीवाल, बिजली के खंभे, पिलर और निर्मित व निर्माणाधीन ढांचों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के अभियंता, सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिठूर थाने की पुलिस टीम भी तैनात रही। प्राधिकरण ने बताया कि सिंहपुर और गंगपुर चकबदा क्षेत्र में भी लगभग आठ बीघा जमीन पर अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण के आदेश जारी हो चुके हैं और वहां जल्द कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि खरीदने से पहले ले-आउट की स्वीकृति की जानकारी अवश्य करें और भवन निर्माण से पहले मानचित्र स्वीकृत कराएं।

# राजनाथ सिंह पर अभद्र टिप्पणी करने क़े आरोप में अवध केसरी सेना प्रमुख गिरफ्तार




गोंडा । गाजियाबाद पुलिस ने अवध केसरी सेना प्रमुख ठाकुर नीरज सिंह को गिरफ्तार किया है उन पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खि लाफ अभद्र और विवादित टिप्पणी करने का आरोप है।यह कार्रवाई शालीमार गार्डन थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई।शिका यतकर्ता राजेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नीरज सिंह ने 13 फरवरी को एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कि या था जिसमें रक्षा मंत्री के खिलाफ कथित रू प से अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। आरोप है कि वीडियो में गाली-गलौज के साथ धमकी भरे शब्द भी कहे गए जिससे जन भावनाएं आहत हुईं।शिकायत में कहा गया है कि इस तरह की टिप्पणियां समाज में वैमनस्य फैलाने वाली हैं और इससे प्रदेश में अशांति या दंगा भड़कने की आशंका पैदा हो सकती है।नी रज सिंह पर एक विशेष जातिगत टिप्पणी कर ने का भी आरोप लगाया गया है जिसके बाद लोगों में नाराजगी बढ़ी।पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है।जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।वही वजीरगंज थाना अध्यक्ष विपुल पांडे ने बताया कि आरोपी मूल रूप से गोंडा जिले के खिरिया गांव का रहने वाला है।गाजियाबाद पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से उसे हिरासत में लिया और अपने साथ ले गई।उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की सू चना परिजनों को दे दी गई है और आगे की का र्रवाई गाजियाबाद पुलिस द्वारा की जा रही है।

# पुलिस ने हत्या का खुलासा कर चार लोगों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,थाना अमेठी व गौरीगंज पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुये मृतक की एक मोटरसाइकिल व आलाकत्ल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया है। थाना गौरीगंज के गांव पूरे खिचरन मजरे जगदीशपुर निवासी श्याम कुमार सिंह पुत्र स्व0 कामता सिंह द्वारा थाना गौरीगंज पर लिखित सूचना दी गयी कि हंसराज यादव पुत्र देवनाथ यादव निवासी ग्राम रौजा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ उनके घर आये थे तथा आवेदक के पुत्र पवन कुमार सिंह को अपने साथ लेकर चले गये जिसके बाद से उनका पुत्र घर वापस नहीं लौटा है।उक्त सूचना पर थाना गौरीगंज पुलिस ने हंसराज यादव व तीन अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत कर लिया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग उपरोक्त में संदिग्ध पवन कुमार यादव पुत्र दलसिंगार यादव निवासी ग्राम पूर सूबेदार मजरे मझवारा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी से पूछताछ करने पर बताया गया कि अभियोग में नामित हंसराज यादव द्वारा पवन सिंह की हत्या कर लाश नहर में फेंक दी गयी थी तथा घटना के बाद पवन सिंह की मोटरसाइकिल हंसराज व उसने मिलकर घटना के दिन ही छिपा दी थी। उपरोक्त बयान के आधार पर पुलिस टीम द्वारा हंसराज यादव के घर दबिश दी गयी व हंसराज यादव पुत्र देवनाथ यादव निवासी ग्राम रौजा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। हंसराज यादव ने पूछताछ में बताया कि मृतक पवन सिंह से वह पूर्व से ही परिचित था। वह लोग एक-दूसरे के साथ अक्सर उठते बैठते थे व घर आना जाना भी था । दिनांक सोलह अक्टूबर 2024 को वह अपने घर से निकलकर अपने साथी पवन कुमार यादव के साथ पवन सिंह के घर गया था। उस दिन पवन कुमार सिंह को अपने साथ लेकर वह तीनों दिनभर घूमते टहलते व खाते पीते रहे । शाम सात बजे के बाद वह पवन सिंह को लेकर अपनी ससुराल जा रहा था । जहां रास्ते में हंसराज यादव नें पवन सिंह के ऊपर पांच हजार पांच सौ रुपये जेब से निकाल लेने का आरोप लगाया था जिस बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। आवेश में आकर हंसराज यादव नें हाथ में लिये लोहे की पाइप से जान से मारने की नीयत से पवन सिंह के सिर पर मार दिया जिससे पवन सिंह जमीन पर गिर गया गिरने के उपरान्त हंसराज द्वारा लोहे की पाइप से वार कर पवन सिंह की हत्या कर दी गयी तथा शव को नहर में फेंक कर भाग गया।दूसरे दिन हंसराज यादव ने पवन कुमार यादव को पूरी बात बतायी व पवन कुमार यादव की सहायता से मृतक की मोटरसाइकिल व आलाकत्ल छिपा दिया था। निशानदेही पर नहर पटरी के पास से आला कत्ल लोहे की पाइप तथा अभियुक्त की ससुराल के एक कमरे से मृतक की पैसन प्रो मोटरसाइकिल संख्या यूपी 44 एबी 0397 व घटना के समय पहने कपड़े बरामद हुये। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त मामले में धाराओं की बढ़ोत्तरी कर पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

# विसुही पुल निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी को लिखा पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन का बारहवे दिन रहा,स्थानीय व्यवसाई यों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा तथा एक ही स्वर में सभी व्यवसाईयों ने मांग की जल्द से ज ल्द विसुही पुल का निर्माण कराया जाए, विका स द्विवेदी ने बताया कि हम लोग दुकान दुकान जाकर हर व्यवसाईयों से मुख्यमंत्री को संबोधि त पत्र लिखवा रहे हैं और सभी व्यापारियों ने एक ही स्वर में कहा की विसुही पुल निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए तथा छात्र पंचायत के कार्यकर्ता शहजाद ने बताया कि हम लोग बारह दिन से आंदोलन कर रहे है। लेकिन अभी तक एक भी सक्षम अधिकारी आकर हमसे वा र्ता नहीं किए हैं हमारा आंदोलन जब तक चले गा जब तक कोई सक्षम अधिकारी आकर हम से वार्ता नहीं करता है एवं कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि अब तक 489 लो गों ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र लिखा है तथा 11280 लोगों ने हस्ताक्षर कर इस अभियान में सहयोग किया है इस अवसर पर शुभम तिवारी, सतीश मिश्रा, रिजवान, सिद्धार्थ, फैजल, आदि लोग उपस्थित रहे।



## गोंडा में मंदिर को भी नहीं छोड़ा चोरो ने दुःख हरणनाथ मंदिर में तोड़ी दान पेटी

गोंडा । शहर के नगर कोतवाली से चंद कदम दूर शहर के प्रसिद्ध मंदिर बाबा दुःख हरण नाथ में मंगलवार की बीती रात्रि में चोरों ने मंदिर का ताला तोड़ कर घुस गए और मंदिर के अंदर रखा दान पात्र को तोड़ कर उस में रखा हजारों रूपये चुरा ले गए ।मंदिर के महंथ रुद्र नाथ गिरी ने बताया कि मंदिर दस बजे के बाद बंद कर दी जाती है ।मंगलवार के दिन भी रात्रि में भगवान शंकर की आरती कराने के बाद मंदिर को बंद कर दिया गया ।प्रात करीब चार बजे जब मंदिर को खोल ने आए तो देखा कि उस का ताला टूटा है ।मंदिर के अंदर दिवाल में जुड़ा दान पात्र टूटा है। उस के अंदर रखा हजारों रूपये गायब था। रात्रि में चोर मंदिर में घुस गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया ।बाबा दुःख हरण नाथ मंदिर में सुबह चार बजे आरती होने के बाद श्रद्धालु जल चढ़ाने लगते है जो दिन भर चढ़ाते है ।मंदिर से नगर कोतवाली की दूरी मात्र तीन सौ से चार सौ मीटर की है ।पुलिस भी रा त्रि में ग्रस्त करती रहती है ।इस के बाद भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया है ।मंदिर में चोरी हो ने की घटना शहर में चर्चा का विषय बन गया।

## अमेठी में पान मसाला की कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी

अमेठी। प्रदेश सरकार द्वारा तम्बाकू उत्पादों पर कर बढ़ोत्तरी के बाद जनपद के ग्रामीण इलाकों में पान मसाला की कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी है एक सौ पैंसठ रूपया प्रति पैकेट में बिकने वाला पान मसाला दो सौ तीस रुपये में डंके की चोट पर बेंचा जा रहा है। जनपद मुख्यालय के साथ ही जायस, जगदीशपुर, शुकुल बाजार, इन्हौना, सेमरौता, तिलोई, मुसाफ़िरखाना,अहोरवा भवानी, मोहनगंज सहित अन्य तमाम कस्बों में इन दिनों तम्बाकू उत्पादों की बिक्री की कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी है। पान दुकानदारों की मानें तो जो पान मसाला एक सौ पैंसठ रूपये में मिलता था वह आज दो सौ तीस रुपये पैकेट में दिया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि अट्ठासी रूपये प्रति पैकेट में मिलने वाली सिगरेट एक सौ रुपये प्रति पैकेट में बेची जाती है ।तहसील से लेकर जनपद तक के अधिकारी इस पर अंकुश नही लगा पा रहे हैं जिससे अवैध रूप से पान मसाला की कालाबाजारी करने वाले बड़े व्यवसायियों के हौसले बुलंद है और प्रशासन भी उन पर हाथ नही डाल पा रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने आला अधिकारियों से कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## पांडुलिपियों, दुर्लभ ग्रंथों को सहेजकर डिजिटल रूप देगी योगी सरकार

गोरखपुर। वर्तमान और भावी पीढियां विरासत पर गर्व की अनुभूति कर सकें, इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार ने हमेशा प्रतिबद्धता जताई है। इसी क्रम में भारत सरकार की भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने के महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय अभियान 'ज्ञान भारतम मिशन' में प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। पांडुलिपियों और दुर्लभ ग्रंथों को सहेजकर विश्व पटल पर डिजिटल रूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में जिला स्तर पर पांडुलिपियों को चिन्हित व संग्रहित करने के आदेश जारी किए हैं। इसके पर्यवेक्षण के लिए हर जिले में वहां के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

विरासत के संरक्षण को चलाए जा रहे 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत हर जिले में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पांडुलिपियों एवं दुर्लभ ग्रंथों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है ताकि यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। यूपी के लिए यह अभियान और भी विशेष है। कारण, उत्तर प्रदेश को प्राचीन ज्ञान दर्शन, साहित्य और संस्कृति की भूमि माना जाता है।

गोरखपुर के उप निदेशक संस्कृति यशवंत सिंह राठौर के अनुसार 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों, व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों और अन्य दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटलॉगिंग, संरक्षण तथा डिजिटलीकरण का कार्य किया जाना है। पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण होने से यह ज्ञान भारतम पोर्टल के माध्यम से आमजन को आसानी से उपलब्ध हो जाएंगी।

रखरखाव के अभाव में व्यक्तियों या संस्थाओं के पास उपलब्ध कई ग्रंथ नष्ट होने की कगार पर हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, अब जिला स्तर पर इन ग्रंथों को चिन्हित करने और उनके संरक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला स्तर पर अभियान चलाकर पांडुलिपियों का संग्रह करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं से सम्पर्क कर उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें हाथ से लिखे उन ग्रंथों को शामिल किया जाएगा जो 75 वर्ष से अधिक प्राचीन हों। जिला स्तर पर तैयार सूची संस्कृति विभाग के जरिये प्रदेश के राजकीय अभिलेखागार को प्रेषित की जाएगी। जहां उच्च गुणवत्ता की स्कैनिंग के बाद इसका डिजिटल रूप तैयार हो जाएगा। इस मिशन की विशेषता यह है कि इसमें पांडुलिपियां, सम्बंधित संग्रहकर्ता संस्था या व्यक्ति के ही अधिकार में रहेगी।

# बोर्ड परीक्षा के लिए स्थापित किए गए कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 को नकलविहीन तथा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में कमाण्ड सेन्टर (परीक्षा कन्ट्रोल रूम) स्थापित किया जा रहा है। जनपद के 122 परीक्षा केन्द्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद व अन्य अधिकारियों के साथ कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए निगरानी के लिए स्थापित की गई टीवी स्क्रीन का निरीक्षण किया तथा तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए निर्भिक होकर परीक्षा में सम्मिलित होने का आहवान किया।

डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देशानुसार जनपद में शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। डीएम ने बताया कि सभी 122 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक के साथ-साथ अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने बताया कि कन्ट्रोल रूम के माध्यम सघन निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक ने वाराणसी में तोड़ा दम, चालक फरार

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में वाराणसी-मीरजापुर मार्ग पर अदलहाट थाना क्षेत्र के सिकरा बरईपुर के सामने बुधवार पूर्वाह्न करीब 10 बजे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए वाराणसी में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया।

चौकी इंचार्ज नरायनपुर आशुतोष शुक्ला ने बताया कि रमेश चौहान (30) पुत्र बाल्मिकी चौहान निवासी ग्राम बलिया शिकारगंज थाना चकिया, जनपद चंदौली किसी परिचित की बाइक वाराणसी पहुंचाने जा रहा था। बरईपुर के पास अचानक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक रमेश दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे बड़ा था और हलवाई के साथ मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

## नानपारा में राठौर डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन, छात्रों को मिलेगी आधुनिक अध्ययन सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा बहराइच। नगर में शिक्षा को प्रोत्साहन देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नगर नानपारा में स्थापित राठौर डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन पूर्व विधायक दिलीप वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लाइब्रेरी के संचालक पवन राठौड़ ने कहा कि जनपद शिक्षा के क्षेत्र में अभी भी अपेक्षित प्रगति नहीं कर सका है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर विद्यार्थियों के भविष्य के लिए सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को विशेष सुविधा मिल सकेगी। उद्घाटन समारोह में पंकज जायसवाल, रामसमुझ वर्मा, राघवेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस प्रयास को क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# भारत-नेपाल सीमा पर 41 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सीमा चौकी लौकाही के प्रभारी निरीक्षक (सामान्य) सुभाष चंदर, उनकी टीम एवं स्थानीय पुलिस द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर बॉर्डर पिलर संख्या 667 के निकट कार्रवाई करते हुए 41 ग्राम स्मैक के साथ एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान 40 वर्षीय इजाद, पिता निशार अहमद, निवासी ग्राम मोतीपुर, थाना मोतीपुर, जिला बहराइच, के रूप में हुई है, जो भारत से नेपाल में मादक पदार्थ की तस्करी का प्रयास कर रहा था। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की गई है तथा जब्त स्मैक को थाना मोतीपुर, जिला बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया है। यह संयुक्त कार्रवाई सीमा सुरक्षा एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के प्रति सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एसएसबी एवं स्थानीय पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को दें, ताकि समाज को नशे की बुराई से सुरक्षित रखा जा सके।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर खड़े होकर मंत्री और विधायकों को घेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कलीनगर तहसील के अंतिम छोर पर बसे सुंदरपुर गांव से एक वीडियो ने स्थानीय राजनीति में हलचल मचा दी है। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरेश राहा सहित अन्य ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी ही पार्टी की सरकार और जनप्रतिनिधियों पर सवाल खड़े किए हैं। टूटी सड़क पर खड़े होकर उन्होंने जर्जर मार्ग की हालत दिखाई और सुरेश राहा ने कहा कि में भाजपा कार्यकर्ता होने के बावजूद उन्हें जनता के बीच जवाब देना पड़ रहा है। सुंदरपुर गांव की सीमा पड़ोसी राज्य उत्तराखंड और नेपाल से सटी हुई है। सुंदरपुर से मेलाघाट८ खटीमा और कलीनगर ८पूरनपुर को जोड़ने वाला यह मार्ग करीब 10 ग्राम पंचायतों के लोगों की जीवनरेखा माना जाता है। छात्र, व्यापारी, किसान, मरीज और आम राहगीर प्रतिदिन इसी सड़क से आवागमन करते हैं। लेकिन वर्षों से यह सड़क गड्ढों, टूटी सतह और धूल-कीचड़ से भरी पड़ी है।



बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है।वीडियो में सुरेश राहा ने उत्तराखंड की सीमा में बनी बेहतर सुंदर सड़क की तुलना यूपी की जर्जर सड़क से की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी सीमा तक उत्कृष्ट सड़क बनवाई है, लेकिन यूपी की सीमा में प्रवेश करते ही सड़क की स्थिति बदल जाती है। उनका सवाल था कि जब पूरनपुर विधानसभा और जिले में भाजपा के विधायक और सांसद मौजूद हैं तो फिर यह मार्ग अब तक दुरुस्त क्यों नहीं हो पाया।उन्होंने सड़क किनारे लगे उस बोर्ड का भी जिक्र किया, जिस पर जनप्रतिनिधियों के नाम और पद अंकित हैं। उनका कहना है। कि सड़क निर्माण के लिए कई बार संबंधित मंत्रियों,विधायकों और अधिकारियों को पत्र लिखे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।वीडियो में एक अन्य व्यक्ति विवेक वर्मा (

रमनग़रा ने भी खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताते हुए नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मंत्री को कई बार पत्र लिखे गए हैं, लेकिन सड़क का निर्माण टुकड़ों में किया जा रहा है। ल्लहमें टुकड़ों में सड़क नहीं चाहिए, पूरे मार्ग का निर्माण चाहिए,ङ्क उनका कहना है। कि इस मार्ग से 10 ग्राम पंचायतों के लोग पूरनपुर, पीलीभीत और अन्य स्थानों तक जाते हैं। खराब सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। विवेक वर्मा ने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते जनता के सवालों का सामना उन्हें ही करना पड़ता है। चुनाव के दौरान वोट मांगने जाते हैं तो लोग सड़क की हालत का मुद्दा उठाते हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं को जवाब देना मुश्किल हो जाता है।

वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है। कि उत्तराखंड सीमा में सड़क चमचमाती नजर आती है, जबकि यूपी सीमा में गड्ढों और टूटी सड़क का नजारा है। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग रहे हैं।इस घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति को गर्मा दिया है। अब सवाल यह है कि क्या यह मामला केवल सोशल मीडिया की बहस बनकर रह जाएगा, या फिर संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम उठाएंगे। क्षेत्र की जनता फिलहाल जवाब और समाधान दोनों का इंतजार कर रही है।

# त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ी भीड़

## भीड़ को देखते हुए इन वाहनों के प्रवेश पर लगा दे प्रतिबंध, तो जाम से मिलेगी ग्राहकों को राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में उमड़ी भीड़ ने यातायात व्यवस्था बिगाड़ दी है जहां वाहनों की टुक टुक और बड़े वाहन ठेली, ठिलिया नो एंट्री होनी चहिए वहां मुख्य मार्ग पर आवागमन के कारण बाजारों में दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है जाम के कारण वाहन चालकों और राहगीरों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी प्रशासन की ओर से अभी तक कोई रूट प्लान तैयार नहीं किया गया है होली और रमजान इसको लेकर बाजारों में अधिकांश भीड़ त्यौहार का सामान बेचने वाली दुकानों पर है महिलाएं, बच्चे अपने परिजनों के साथ दुपहिया वाहनों पर सवार होकर बाजार में दुकानों पर पहुंच रही हैं वहीं, इन लोगों के वाहनों को खड़ा करने के लिए शहर में कोई पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिस कारण लोगों को अपने वाहनों को सड़क पर इधर-उधर खड़े करने पड़ते हैं जिसके चलते जाम की स्थिति बन जा रही है तो वहीं, नो एंट्री जोन के नाम पर कुछ भी प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई बड़े ई - रिक्शाओं का बेतरतीब संचालन और सड़कों के किनारे दुकानों का अतिक्रमण जाम की मुख्य वजह बन रहा है शहर की अधिकांश सड़कें चौड़ी नहीं हैं, जिस कारण वाहन अक्सर सड़कों पर फंस जाते हैं और जाम लग जाता है उधर ई-रिक्शा टुकटुक चालक नियमों की अनदेखी कर मनमुताबिक वाहनों का संचालन कर रहे हैं, जिससे जाम और भी बढ़ रहा है दुकानों के बाहर अतिक्रमण के कारण सड़कें और संकरी हो जाती हैं, जिससे हल्की भीड़ भी जाम का रूप ले लेती है त्योहारों पर बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस की ओर से बाजार में ई-रिक्शा का प्रवेश बंद करा दिया जाए ऐसे में मार्ग पर लगने वाले जाम से ग्राहक व दुकानदारों को राहत मिलेगी कार व अन्य वाहनों के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से अस्थाई पार्किंग बनाई जाए केवल दोपहिया वाहन चालकों को ही बाजार में एंट्री दी जाए दरअसल, शहर में ई-रिक्शा के बेतरतीब संचालन से लोग वैसे ही इतना परेशान हैं कि मामूली बात बढ़ जाती है इनकी लगातार बढ़ती संख्या से आए दिन जाम के हालात बन रहे हैं दुकानदारों व अन्य लोगों ने प्रशासन से ई-रिक्शा की बढ़ती पर रोक लगाए जाने की मांग कई बार की जा चुकी है बड़ी बात यह है कि इनका कोई रूट डायवर्ट नहीं किया गया चालक बाजार मे ही बीचोंबीच रोककर अपनी ई-रिक्शा को खड़ा कर सवारी का इंतजार करने लग जाते हैं कई ई-रिक्शा की कमान नाबालिगों के हाथ में पहुंच गई है। वह इन्हें लापरवाही और अनियंत्रित गति से सड़कों और बाजारों में दौड़ा रहे हैं होली और रमजान की खरीदारी के चलते बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है लोग खरीदारी करने बाजारों में बड़ी संख्या पहुंच रहे हैं जहाँ एक तरफ दुकानदारों के चेहरे पर खुशी वही जाम मे फंसे लोगो के मन मे गुस्सा अगर नगर प्रशासन और पालिका ई रिक्शा का रोड मैप तैयार कर दे और बड़े वाहनो पर नगर मे आने पर प्रतिबंध कर दे तो जाम की समस्या से निजात मिल सकती है।

## रमजान का चांद दिखते ही बाजारों में रौनक

पूरनपुर।नगर में रमजान का चांद दिखने के साथ ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है इफ्तार और सहरी की तैयारियों के लिए लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने उमड़ रहे हैं शाम ढलते ही मुख्य बाजारों, गलियों और चौक-चौराहों पर विशेष रौनक देखी जा रही है खासकर खजूर और फलों की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी हुई हैं बाजार में खजूर की विभिन्न किस्में उपलब्ध हैं इनमें अजवा, किमिया, माबरूम, सफावी, कलमी और ईरानी खजूर की मांग सर्वाधिक है इनकी कीमतें गुणवत्ता और आकार के आधार पर निर्धारित की जा रही हैं सामान्य खजूर 120-200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रही है, जबकि प्रीमियम किस्मों की कीमत 800 से 1600 रुपये प्रति किलोग्राम तक है रोजेदार अपनी आवश्यकता और बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं हालांकि, फलों की कीमतों में वृद्धि ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है केला, सेब, अनार, पपीता और अंगूर के दामों में लगभग 20 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है व्यापारियों के अनुसार, थोक बाजार में कीमतों में वृद्धि और रमजान के दौरान बढ़ती मांग के कारण खुदरा दाम बढ़े हैं ।

# हर्ष फायरिंग का आरोपी आबकारी सिपाही गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में तिलकोत्सव समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग कर साथी सिपाही को घायल करने के मामले में आरोपी आबकारी सिपाही को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

घटना सोमवार रात करमाजितपुर गांव की है। रायबरेली में तैनात आबकारी विभाग के सिपाही सुरेंद्र कुमार यादव ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग की। इसी दौरान चली गोली उनके साथ मौजूद सिपाही विनीत मिश्र (35) के पेट में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल विनीत मिश्र को प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल



में भर्ती कराया गया है। ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। मोतिगरपुर थाने के उपनिरीक्षक श्रीराम मिश्र की तहरीर पर आरोपी सिपाही सुरेंद्र कुमार यादव के खिलाफ मुकदमा संख्या 048ध्2026 दर्ज किया गया। उस पर बीएनएस की धारा 109, 7 सीएलए एक्ट तथा 25 (1बी) (9)30 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उपनिरीक्षक विनोद कुमार मिश्र और कांस्टेबल सुनील यादव ने मंगलवार शाम आरोपी को लखनऊ-बलिया हाईवे स्थित कैथवारा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 32 बोर की ऑटोमेटिक पिस्टल (वेबली एंड स्कॉट, मेड इन इंडिया) बरामद की गई। पुलिस के अनुसार इस पिस्टल का लाइसेंस प्रयागराज जिले के फाफामऊ क्षेत्र के शान्तिपुरम पते से जारी है। बरामद हथियार को बैलिस्टिक जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया गया है।



## गांधी स्टेडियम में खेल हस्तियों के स्टैचू बने आकर्षण का केंद्र, सेल्फी प्वाइंट का चेयरमैन आस्था अग्रवाल ने किया लोकार्पण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित ल्ल28 दिन, 28 लोकार्पणङ्क अभियान के अंतर्गत शहर के गांधी स्टेडियम में खेल प्रेमियों के लिए विशेष पहल की गई। इस क्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव, पूर्व क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली तथा भाला फेंक खेल से संबंधित स्टैचू आधारित सेल्फी प्वाइंट के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल द्वारा किया गया। लोकार्पण समारोह के दौरान मौजूद लोगों ने नव निर्मित सेल्फी प्वाइंट को खेल प्रतिभाओं को प्रेरित करने वाला कदम बताया। इस अवसर पर खेल विभाग एवं नगर पालिका से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह यादव, व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा,वेटलिफ्टिंग कोच महेश कुमार, हॉकी कोच प्रगति सिंह, तोताराम, पंकज तिवारी, दीप अग्रवाल, रोहित कुमार, सभासद अनस अंसारी, विकास सिंह, विपिन त्यागी, सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, विपिन राजू फौजी, निर्मल सिंह टीटू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद ने रमजान व होली को लेकर की गई व्यापक तैयारियों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में आज से प्रारम्भ हो रहे रमजान तथा आगामी 04 मार्च 2026 को मनाए जाने वाले होली पर्व की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज सहित सफाई, निर्माण, मार्ग प्रकाश एवं जल-कल विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि रमजान माह के दृष्टिगत नगर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। मस्जिदों के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित की जाए, कूड़ा उठान की त्वरित व्यवस्था हो तथा आवश्यकतानुसार चूना छिड़काव कराया जाए। साथ ही मस्जिदों के निकट स्थित विद्युत पोलों पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने, रोस्टर के अनुसार निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा हैंडपम्पों की स्थलीय जांच कर आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मस्जिदों के व्यवस्थापकों एवं मौलाना साहेबान से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकता पर कार्यवाही की जाए। आगामी होली पर्व को लेकर भी व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए। नगर में चिन्हित सभी होलिका दहन स्थलों पर समय से साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने को कहा गया। होली के दिन पेयजल आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जल-कल विभाग द्वारा लगभग 50 स्थानों पर पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। साथ ही सफाई विभाग को निर्देशित किया गया कि होली के दिन प्रातः 7 बजे तक पूरे नगर में सफाई और कूड़ा उठान का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए।पालिकाध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील की कि सभी त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पालिका प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। पूर्व की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका परिसर में होली मिलन समारोह एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।बैठक में पालिका के सभासदगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परीक्षा के दबाव में इंटर की छात्रा ने फांसी लगाई

सुलतानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के रामपुर बाबुआन गांव में इंटरमीडिएट की एक छात्रा ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार छात्रा इन दिनों बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही थी। परिजनों का कहना है कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में थी। बुधवार को वह अपने कमरे में गई और काफी देर तक बाहर नहीं निकली। परिजनों ने दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पहुंची हलियापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका की पहचान लक्ष्मी सेन (22) पुत्री जग नारायण यादव निवासी रामपुर बाबुआन के रूप में हुई है। वह गायत्री विद्या मंदिर,शिवनाथगंज, थाना कुमारगंज, जिला अयोध्या की छात्रा थी।



## न्यूज 10 होम डेकोरेट का फीता काटकर किया उद्घाटन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर मे अफरोज जिलानी जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत के द्वारा सैफ खान के नए प्रतिष्ठान होम डेकोरेट माधौटांडा रोड निकट मंडी समिति पूरनपुर का फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया कार्यक्रम में पूरनपुर के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, सरदार मोहन सिंह, मंत्री रवि जायसवाल, गोल्डी जोशी, बृजेश शुक्ला, नासिर, आसिफ खान, आसिफ अंसारी, पुष्पेंद्र शर्मा, कुलदीप सनाढय, नितिन वर्मा, मोहम्मद हसन, राहत शेरी, हसमत अली, अंकित अग्रवाल, रजवी, वैभव सक्सैना आदि संख्या में काफी पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे है।

## प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी व युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन मामले की जानकारी लगते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील के पिपरिया थाना सेहरामऊ के रहने वाले किशोरी और युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते खेत पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे हालत नाजुक बनी हुई है बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक किशोरी और एक युवक ने गांव के बाहर खेत में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया कुछ ही देर में दोनों की हालत बिगड़ने लगी आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया डॉक्टर के अनुसार दोनों की स्थिति नाजुक है घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया भी अस्पताल पहुंचे और दोनों की हालत के बारे में चिकित्सकों से जानकारी ली उन्होंने परिजनों से भी बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई पुलिस प्रारंभिक जांच में मामले को प्रेम प्रसंग से जुड़ा बता रही हैं सेहरामऊ थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रेम प्रसंग का मामला संज्ञान में आया है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल 108 एबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि दोनों ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी किशोरी की पहली माँ की मृत्यु हो चुकी है और दूसरी मा आपने मायके मे है बताया जा रहा है कि किशोरी सुबह से घर से गायब थी और युवक से मिलने गन्ने के खेत मे मिलने जा पहुची जहां दोनो ने संदिग्ध अवस्था मे जहरीले पदार्थ का सेवन किया है।

## खैरपुर के पास ईट भट्टे पर 16 वर्षीय किशोरी ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, हालत गंभीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव खैरपुर में बुधवार को एक 16 वर्षीय किशोरी के द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन करने का मामला सामने आया है किशोरी की हालत बिगड़ने पर उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 10 बजे किशोरी ने गांव के पास स्थित एक ईंट-भट्ठे पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया बताया जा रहा है कि किशोरी अपने परिजनों के साथ उसी ईंट-भट्ठे पर रहती थी, जहां उसका परिवार ईंट पथाई का कार्य करता है। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया परिजन तत्काल किशोरी को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया घटना की सूचना मिलते ही पूरनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी भी अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली अधिकारियों ने किशोरी के बयान दर्ज किए हैं, किशोरी अपने परिवार में पांच भाइयों और चार बहनों में सबसे छोटी है।

# श्रीराम भक्तों का पुष्पवर्षा कर गर्मजोशी से किया गया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमई स्थित बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम के प्रांगण से प्रधान प्रतिनिधि की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों का जत्था अयोध्या धाम तक पद यात्रा कर श्रीराम जन्मभूमि एवं हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन करेंगे।इन पदयात्रियों का कस्बा मोहनगंज और शंकरगंज सहित अन्य तमाम जगहों पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इन पदयात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाली मोहनगंज पुलिस मुस्तैदी के साथ डटी रही। क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमई के प्रधान प्रतिनिधि वीर बहादुर सिंह उर्फ बबलू सिंह की अगुवाई में बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम से बुधवार को विशाल पदयात्रा अयोध्या धाम तक गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण नब्बे किलो मीटर की पदयात्रा कर



श्रीराम जन्मभूमि एवं हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे।गांव रमई से निकलने वाली यह विशाल पदयात्रा के कस्बा मोहनगंज पहुंचने पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी के संयोजकत्व में दर्जनों ग्राम प्रधानों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के गगनभेदी नारों जयकारों के साथ पद यात्रा कस्बा शंकरगंज पहुंची तो देव ऑटो फ्यूल्स पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बबलू सिंह और अन्य पदयात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट किया। प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह ने बताया कि पदयात्रा में शामिल भक्तगणों का पहला पहला पड़ाव रानीगंज में और उन्नीस फरवरी को कुचेरा बाजार के साथ ही बीस फरवरी को नाका फैजाबाद में होगा। उन्होंने बताया कि आगामी इक्कीस फरवरी को सरयू स्नान के उपरांत समस्त भक्तगणों द्वारा श्रीराम जन्मभूमि एवं हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन किया जायेगा।इस मौके पर भाजपा नेता मनीष पाठक, गुडडू सिंह, विनोद मौर्या, राजीव सिंह, शैलेंद्र सिंह,ध्रुवराज पासी, आनंद सिंह, जागेश्वर मौर्या, देव नारायण, मोहम्मद अशरफ, रुद्र प्रताप सिंह,मोनू जायसवाल, दान बहादुर सिंह, अखिलेश सिंह, दिग्विजय सिंह, राम करन पासी, बजरंग सिंह, गिरजा शंकर शर्मा, सुरेन्द्र पासी, राहुल पाठक, आंसू राजावादी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीसीओ पर मुकदमा न दर्ज होने से भड़के किसान,एसपी से शिकायत

पूरनपुर। दि किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ना तौल के दौरान किसान से कथित मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी अमित चतुर्वेदी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं, लेकिन तहरीर के बावजूद कोतवाली में मुकदमा दर्ज न होने से किसानों में आक्रोश है। इसको लेकर किसान नेता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम जादोपुर गहलुईया निवासी बहार खां पुत्र वसी खां ने कोतवाली प्रभारी को दी तहरीर में बताया कि 6 जनवरी 2026 को दोपहर करीब दो बजे वह गन्ना तौल के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर दि किसान चीनी मिल, पूरनपुर गेट पर लाइन में खड़ा था। आरोप है कि सुबह से ही मनमाने ढंग से गन्ना तौल बंद कराई गई थी, जिससे कई किसानों की लंबी कतार लगी थी।पीड़ित किसान का आरोप है कि उसी दौरान सीसीओ अमित चतुर्वेदी 3-4 बाहरी व्यक्तियों के साथ पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसे थप्पड़ मारे तथा धक्का देकर गिरा दिया। साथ आए लोगों ने भी कथित रूप से लात-घूंसों से मारपीट की। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया कि अधिकारी शराब के नशे में थे और धमकी देते हुए कहा कि गन्ना लेकर यहां से चले जाओ, वरना जान से मार देंगे। मौके पर मौजूद अन्य किसानों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। किसान का कहना है कि आरोपी अधिकारी आए दिन गन्ना काश्तकारों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। तहरीर में संबंधित अधिकारी व उनके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।मामले को गंभीर बताते हुए भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव सरदार स्वराज सिंह सिद्धू ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर आरोपी सीसीओ के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।इसके अलावा किसान दिवस के अवसर पर भी किसान नेता ने जिलाधिकारी व डीसीओ से मिलकर चीनी मिल में गन्ना किसानों के कथित उत्पीड़न, तौल में अनियमितता और शोषण की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।


## सम्पादकीय

# भारत के लिए बड़ा सबक

20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 के लगभग वैश्विक एआई अग्रणी भारत की राजधानी दिल्ली में अपनी तरह के पहले वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अपनी नई भूमिका की तलाश कर रहा भारत, दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इवेंट 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की मेजबानी कर रहा है। यह पहली बार है जब एआई पर इस स्तर का वैश्विक सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित किया जा रहा है। सरकार ने इसे लेकर दावा भी किया है कि इस शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख, मंत्रीगण, वैश्विक प्रौद्योगिकी अग्रणी, प्रख्यात शोधकर्ता, बहुपक्षीय संस्थान और उद्योग जगत के हितधारक एक साथ आएंगे और समावेशी विकास को बढ़ावा देने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास को सक्षम बनाने में एआई की भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी के साथ चल रहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपने आप में यह बताता नजर आ रहा है कि भारत आज की तारीख में वैश्विक एआई संवाद का नेतृत्व कर रहा है और आने वाले दिनों में कोई भी देश भारत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। क्योंकि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 वैश्विक एआई एजेंडा को आकार देने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करता है। दुनियाभर के दिग्गजों के साथ-साथ इस समिट में भारत के भी कई विश्विद्यालय, कॉलेज और स्टार्टअप्स शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तो एआई को 5वीं औद्योगिक क्रांति की संज्ञा देते हुए यहां तक दावा किया कि, 3 लाख से ज़्यादा छात्रों और रिसर्चर्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। देशभर के कई विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्टार्टअप ने समिट में एआई मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जाहिर सी बात है कि इस समिट के जरिए जहां चर्चा भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता और टैलेंट की होनी चाहिए थी, वहीं गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मसार कर दिया है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन में बने रोबोट को अपना इनोवेशन बताकर दिल्ली एआई समिट में पेश कर दिया। मीडिया से बात करते हुए एक प्रोफ़ेसर ने बड़े ही गर्व के साथ चार पैरों वाले इस रोबोडॉग की खासियत भी कैमरे पर बताई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की इस प्रतिनिधि के हाव-भाव देखने लायक है।इसका नाम 'ओरियन' बताते हुए उन्होंने दावा किया कि इसे यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। सरकारी चैनल सहित देश के कई मीडिया संस्थानों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर जोर-शोर से चलाया और छापा भी। लेकिन चीन की तरफ से बयान आते ही पूरा मामला पलट गया। इसके बाद यह पता लगा कि वास्तव में यह गलगोटिया यूनिवर्सिटी द्वारा नहीं बल्कि चीन की एक कंपनी द्वारा बनाया गया एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग है, जो अपनी फुर्ती और एडवांस सेंसर्स के लिए दुनियाभर में मशहूर है। विवाद बढ़ने और सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोल होने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने भी अपने झूठ को स्वीकार कर लिया। यूनिवर्सिटी ने एक लंबा चौड़ा बयान जारी कर यह स्वीकार किया कि यह रोबोडॉग उन्होंने नहीं बनाया है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर से झूठ का सहारा लेते हुए यह भी कह दिया कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इसे बनाने का दावा नहीं किया। जबकि उनके प्रोफ़ेसर का वायरल वीडियो ही उनके झूठ का पर्दाफाश कर रहा है। ऐसे में एक बार फिर से सरकार के विजन, नीति और फंड की व्यवस्था पर गहरे सवाल खड़े हो गए हैं। सरकार प्राइवेट विश्विद्यालय और कॉलेजों के सहारे देश में नई, बड़ी और स्पेशल रिसर्च नहीं करवा सकती क्योंकि इनकी भूमिका और इनके कामकाज का पूरा ढांचा ही संदिग्ध है। एडमिशन से लेकर क्लास और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी कई बार गहरे सवाल खड़े हो चुके हैं।

# मानवताविहीन विकास आखिर किसके लिए?

जब मनुष्य यंत्र में परिवर्तित हो चुका हो, मनुष्य के यंत्रवत हावभाव स्पष्ट परिलक्षित हों तथा मानवता का विकराल अभाव परिव्याप्त हो तो क्यों नहीं तब आधुनिकता, विकास, विज्ञान, उन्नति एवं पशुवत मानवीय गतिविधियों पर विराम लगे? ये प्राकृतिक विधि से जीवनयापन करने की अभिलाषा रखने वाले मनुष्य की केवल अभिलाषा है, जो पूर्ण कभी नहीं होगी। इसलिए नहीं होगी क्योंकि विकास के स्वरूप में विद्यमान विनाशी कुमार्ग की यात्रा अब तक बहुत लंबी हो चुकी है। अब तो ऐसे विनाश के बाद जब प्रलय होगी तथा सार्वभौमिक मृत्यु के बाद नवजीवन उदित होगा, तब ही प्राकृतिक जीवन होगा। तब तक संवेदनशील प्राकृतिक मनुष्यों को घुटना होगा, घुट-घुट कर मरना होगा तथा आधुनिक सार्वजनिक जीवन-व्यवहार के प्रति गहन अनिच्छा के उपरांत भी उसमें अपना निर्धारित जीवन समय व्यतीत करना होगा। आधुनिकता की कुछ विसंगतियों के साथ वर्णन आगे बढ़ाते हैं। एक ओर, देश-दुनिया के जीवन में विद्यमान प्यारे, मासूम, निश्छल व मखमली बच्चों के बारे में सोचकर नीति-नियम बनते हैं कि बच्चों को मदिरा, धूम्र, मादक तथा अन्य विषैले पदार्थों से पृथक रखकर उनका समुचित पालन-पोषण किया जाना है, किंतु दूसरी ओर जीवन जी रहे वयस्क लोगों के लिए ऐसे पदार्थों का नियमबद्ध उत्पादन, व्यापार तथा क्रय-विक्रय किया जाता है। भारत जैसे देश में तो ऐसे पदार्थों की बिक्री द्वारा शासन को सर्वाधिक राजस्व अर्जन होता है।



अंतर्मन बारंबार पूछता है कि क्या तुझे स्वयं की मनुष्यता, भारतीयता तथा सामाजिक पहचान पर गर्व है? उत्तर में अतिशय निराशा उत्पन्न होती है तथा नहीं को स्वीकार करना पड़ता है। विश्व के प्रत्येक संवेदनशील, प्राकृतिक तथा शांत व्यक्ति की यही मनःस्थिति है। वह निजास्तित्व, नागरिकता, राष्ट्रीयता तथा सामाजिकता को विवशतापूर्वक स्वीकार किए हुए है। भारत के संदर्भ में स्वयं को ही सम्मुख रखता हूं। जीवन जकड़ा हुआ लगता है। भीतर जो वैचारिकता स्वतंत्रता है, वह बाहर की विभिन्न परतंत्रताओं से भयाक्रांत है। अभिलाषा प्राकृतिक, ग्रामीण, पारंपरिक तथा आधुनिकता के लगभग हर हस्तक्षेप से मुक्त जीवन जीने की है, किंतु जीना पड़ रहा है ऐसा जीवन जिसके वास्तविक सिद्धांत, क्रियाकलाप तथा समग्र गतिविधियां अभिलाषा के विपरीत विषैली हैं। क्यों नहीं किसी को ये स्वीकार करना चाहिए कि उसे विसंगतियों से परिपूर्ण लोकतंत्र नहीं चाहिए? उसे शासन-प्रशासन की घिनौनी, लुंज-पुंज, मरणासन्न तथा हिंसापरक कुंठा उत्पन्न करने वाली गतिविधियां नहीं चाहिए। उसे पारंपरिक भारतीय राष्ट्र, समाधानहीन समस्याएं उत्पन्न करने वाले वैश्विक ग्राम में परिवर्तित नहीं चाहिए। उसे धनपतियों, पूंजीपतियों, उद्योगपतियों तथा इनके संकेतों पर नीतियां बनाने वाले नेता, शासकीय कर्मचारी तथा अन्य लोकतांत्रिक संस्थाएं नहीं चाहिए। ये खुलकर क्यों नहीं स्वीकार हो कि उसे वैज्ञानिक प्रयोगों, आविष्कारों, खोजों तथा अभिशाप की पराकाष्ठा को स्पर्श करता विज्ञान का प्रायोगिक जीवन-व्यवहार नहीं चाहिए।

जब मनुष्य यंत्र में परिवर्तित हो चुका हो, मनुष्य के यंत्रवत हावभाव स्पष्ट परिलक्षित हों तथा मानवता का विकराल अभाव परिव्याप्त हो तो क्यों नहीं तब आधुनिकता, विकास, विज्ञान, उन्नति एवं पशुवत मानवीय गतिविधियों पर विराम लगे? ये प्राकृतिक विधि से जीवनयापन करने की अभिलाषा रखने वाले मनुष्य की केवल अभिलाषा है, जो पूर्ण कभी नहीं होगी। इसलिए नहीं होगी क्योंकि विकास के स्वरूप में विद्यमान विनाशी कुमार्ग की यात्रा अब तक बहुत लंबी हो चुकी है। अब तो ऐसे विनाश के बाद जब प्रलय होगी तथा सार्वभौमिक मृत्यु के बाद नवजीवन उदित होगा, तब ही प्राकृतिक जीवन होगा। तब तक संवेदनशील प्राकृतिक मनुष्यों को घुटना होगा, घुट-घुट कर मरना होगा तथा आधुनिक सार्वजनिक जीवन-व्यवहार के प्रति गहन अनिच्छा के उपरांत भी उसमें अपना निर्धारित जीवन समय व्यतीत करना होगा। आधुनिकता की कुछ विसंगतियों के साथ वर्णन आगे बढ़ाते हैं। एक ओर, देश-दुनिया के जीवन में विद्यमान प्यारे, मासूम, निश्छल व मखमली बच्चों के बारे में सोचकर नीति-नियम बनते हैं कि बच्चों को मदिरा, धूम्र, मादक तथा अन्य विषैले पदार्थों से पृथक रखकर उनका समुचित पालन-पोषण किया जाना है, किंतु दूसरी ओर जीवन जी रहे वयस्क लोगों के लिए ऐसे पदार्थों का नियमबद्ध उत्पादन, व्यापार तथा क्रय-विक्रय किया जाता है। भारत जैसे देश में तो ऐसे पदार्थों की बिक्री द्वारा शासन को सर्वाधिक राजस्व अर्जन होता है। ये क्या है? क्या ऐसे में विकास तथा आधुनिकता के नाम पर सभ्य, प्रतिष्ठित, आदर्श एवं समुचित होने का कोई अर्थ है? बिल्कुल नहीं है। इसी प्रकार, एक ओर, बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने तथा उन्हें इसके संपर्क में न आने देने के लिए प्रधानमंत्री से लेकर विद्वान-विशेषज्ञ गण प्रवचन कर रहे हैं, तो दूसरी ओर बच्चों के माता-पिता तथा अभिभावकों के लिए उनकी इच्छा जाने बिना ही मोबाइल फोन रखना अनिवार्य कर दिया गया है। हर आर्थिक, बैंकिंग, सामाजिक तथा अन्य कार्य मोबाइल फोन से जोड़ दिया गया है। ऐसे में स्थिति ये हो चुकी है कि जिसे मोबाइल फोन रखने की इच्छा नहीं है, उसे भी बलात शासकीय प्रपंच व षड्यंत्र से मोबाइल फोन ढोना पड़ रहा है। जिन बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने की सलाहें दी जा रही हैं, वे भी बड़े होते-होते चाहे-अनचाहे इनको ढोने के लिए विवश हो ही जाएंगे। इस संदर्भ में आश्चर्य तो तब होता है, जब प्रधानमंत्री, एक ओर तो बच्चों को परीक्षावधि में तनाव से दूर रखने के मंत्र बताते हुए कहते हैं कि मोबाइल फोन से दूर रहना सीखो, और दूसरी ओर एआई अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा लेने का आग्रह भी करते हैं। यह कैसा विरोधाभास है! क्या एआई एप्लिकेशन बनाने वाली कंपनियों से व्यापारिक समझौते करते समय शासन को इस संदर्भ में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की इच्छा-अनिच्छा जानने के लिए कर्तव्यनिष्ठ नहीं होना चाहिए? इसी विषय को नहीं, अपितु अन्य विषयों तथा नीतियों को लोगों पर थोपने से पूर्व शासन को उनको स्वीकार-अस्वीकार करने की लोगों की इच्छा-अनिच्छा पर ध्यान नहीं देना चाहिए? क्या सामान्य लोग शासन से कहते हैं कि हमारे लिए मदिरा, धूम्र, मादक पदार्थों का उत्पादन एवं कारोबार करो? क्या जनसामान्य कहता है कि उसे डिजिटल लेन-देन, मोबाइल फोन तथा एआई चाहिए? जनसामान्य तो अपने प्रबुद्ध विचार तथा युक्तियुक्त बुद्धि-विवेक द्वारा शांत प्राकृतिक जीवन जीने को लालायित है। किंतु दुर्भाग्य देखिये कि जनसामान्य की इस प्राकृतिक इच्छा के साथ शासन का कोई सरोकार नहीं है। इस संदर्भ में उसका स्वयं संज्ञान रसातल में है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए न तो वैज्ञानिक, धनपति, पूंजीपति, उद्योगपति तथा न ही शासकीय प्रतिनिधि कुछ करते हैं। ये सभी तो प्राकृतिक व्यवस्था बनाए रखने में नहीं, अपितु प्रकृति से प्रचुर अयस्क, खनिज तथा अन्यान्य रत्न खींच-सोख डालने को अतिव्याकुल हैं, ताकि इनके द्वारा आधुनिकता के झांसे में लिए गए लोगों के लिए कुछ नवीन वैज्ञानिक वस्तुएं, मशीनें एवं सुविधाएं बनाई जा सकें तथा इनके मध्य अमीरी में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ बनी रहे। इन सब परिस्थितियों में जीवन शुष्क पाषाण की भांति हो चुका है। मानव में से मानवता समाप्त हो चुकी है। आखिर इस सब की अंतिम परिणति है क्या? क्या आधुनिकता की दौड़ में तन-मन-धन से डूबे अग्र प्रभावशाली व्यक्तियों के पास इसका विचारणीय उत्तर है? उनके पास कोई उत्तर नहीं है। आधुनिकता की ये सबसे बड़ी कमी है कि इसमें डूब चुकी दुनिया तथा दुनिया के अधिसंख्य मानवों को रुककर जीवन के बारे में सोचने का अवसर ही नहीं होता। इस भंवर में घूमते लोगों तथा लोगों को घुमाने वाले शक्तिशाली लोग केवल वेश में ही मनुष्य बचे हुए हैं। अंदर से वे रिक्त, भावनाहीन, मानवताविहीन, प्रकृतिरहित हो चुके हैं। इस आत्मघाती वातावरण में घोर आश्चर्य ये है कि देश-दुनिया के शक्तिशाली लोग अपने मासूम बच्चों के मुख देखकर भी नहीं पिघल रहे।

विकेश कुमार बडोला

# साउथ ब्लॉक से सेवा तीर्थः औपनिवेशिक युग का अंत

**विवेक शुक्ला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीती 13 फरवरी को राजधानी में सेवा तीर्थ का उद्घाटन किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक से अब सेवा तीर्थ में शिफ्ट कर गया। दरअसल, राजधानी दिल्ली आज आधुनिकता और परंपरा के अनोखे मिश्रण का प्रतीक बन रही है। केन्द्र में साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के आने के बाद राजधानी के सेंट्रल विस्टा में बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू हो गए। सेंट्रल विस्टा री-डवलपमेंट प्रोजेक्ट 2019 में शुरू हुए थे और इसके साल 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस परियोजना के तहत संसद का नया भवन, सेवा तीर्थ (नया प्रधानमंत्री कार्यालय), कर्तव्य भवन और कई अन्य इमारतें बनी हैं। ये निर्माण न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए हैं बल्कि इनमें वास्तुशास्त्र के सिद्धांतों का भी व्यापक उपयोग किया गया है, जो भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े हैं।

सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की शुरुआत इसलिए की गई क्योंकि पुरानी इमारतें बदलती हुई जरूरतों के लिहाज से अपर्याप्त हैं। पुराना संसद भवन, जो साल 1927 में बना था, अब सांसदों की बढ़ती संख्या और आधुनिक आवश्यकताओं के लिए अपर्याप्त हो गया था। इसलिए, संसद के नये भवन का निर्माण किया गया, जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को किया गया। यह इमारत 64,500 वर्गमीटर में फैली है और त्रिकोणीय आकार की है, जो वास्तुशास्त्र में 'अग्नि तत्व' का प्रतीक मानी जाती है। प्रख्यात वास्तु शास्त्री डॉ. जयप्रकाश शर्मा लालधागेवाले बताते हैं कि अग्नि तत्व ऊर्जा, शक्ति और सकारात्मकता का प्रतीक है, जो संसद और सेवा तीर्थ जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के लिए उपयुक्त है। डॉ. लालधागेवाले भी इन इमारतों के निर्माण में सलाहकार की भूमिका निभा रहे हैं। वास्तु के अनुसार, त्रिकोणीय डिजाइन भवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह सुनिश्चित करता है, जो निर्णय लेने की प्रक्रिया को मजबूत बनाता है। संसद के नये भवन में छह मुख्य द्वार हैंः गज द्वार, अश्व द्वार, गरुड़ द्वार, मकर द्वार, शार्दुल द्वार और हंस द्वार। ये सभी वास्तुशास्त्र से प्रेरित हैं और भारतीय संस्कृति के प्रतीकों को दर्शाते हैं। उदाहरण के लिए, गज द्वार उत्तर दिशा में है, जो वास्तु में बुध ग्रह से जुड़ा है और बुद्धि का स्रोत माना जाता है। हाथी (गज) समृद्धि और खुशी का प्रतीक है। इसी तरह, पूर्व दिशा में अश्व द्वार सूर्योदय से जुड़ा है, जो विजय का प्रतीक है। गरुड़ द्वार उत्तर-पूर्व में है, जो ज्ञान और विवेक का प्रतिनिधित्व करता है। ये द्वार न केवल सौंदर्य बढ़ाते हैं बल्कि वास्तु के अनुसार भवन में संतुलन बनाए रखते हैं। भवन के अंदर लगभग 5,000 कलाकृतियां हैं, जो 5,000 वर्षों की भारतीय सभ्यता को दर्शाती हैं और वास्तु तथा सनातन परंपरा पर आधारित हैं। डिजाइनरों ने ब्रह्मेश्वर मंदिर से प्रेरणा ली है, जो तांत्रिक यंत्र पर आधारित है, हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तु की गहन समझ की कमी हो सकती है। सेवा तीर्थ सेंट्रल विस्टा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और साउथ ब्लॉक के पास 15 एकड़ में फैला है। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय एक ही जगह पर हैं। इसका नाम 'सेवा तीर्थ' इसलिए रखा गया है क्योंकि यह 'नागरिक देवो भव' की भावना को दर्शाता है, जहां सेवा को तीर्थ के समान पवित्र माना गया है। वास्तु के संदर्भ में, इसका डिजाइन प्रकृति से जुड़ी है, जिसमें ऊर्जा संरक्षण और सकारात्मक प्रवाह पर जोर है। यह इमारत आधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है लेकिन वास्तु सिद्धांतों का पालन करती है, जैसे दिशाओं का संतुलन और प्राकृतिक तत्वों का समावेश। सेवा तीर्थ के अलावा कर्तव्य भवन 1 और 2 का भी उद्घाटन हो चुका। ये कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट (एएट्ट) के हिस्से हैं, जो कुल 10 इमारतों की योजना में पहले हैं। कर्तव्य भवन में गृह, विदेश, ग्रामीण विकास जैसे मंत्रालय हैं। नामचीन आर्किटेक्ट उज्ज्वल उपाध्याय कहते हैं कि ये सभी इमारतें पर्यावरण अनुकूल हैं। ये 30 फीसदी ऊर्जा बचत करती हैं और सौर ऊर्जा से 5.34 लाख यूनिट बिजली पैदा करती हैं। सेंट्रल विस्टा में कई अन्य इमारतों का निर्माण चल रहा है। राजपथ को कर्तव्य पथ में बदलना भी इसी परियोजना का हिस्सा है, जो 3 किमी लंबा है और पैदल यात्री अनुकूल है। मोदी सरकार के तहत ये निर्माण न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हैं, बल्कि वास्तुशास्त्र को आधुनिक संदर्भ में अपनाते हैं। वास्तु भवनों को प्रकृति से जोड़ता है। मोदी युग में स्मार्ट सिटी और गेटेड कम्युनिटीज में वास्तु का उपयोग बढ़ा है।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है लोबिया खाना

लोबिया खाने में जितनी स्वादिष्ट होती है, उतनी ही सेहतमंद भी है। सभी बीन्स की तरह लोबिया भी फाइबर, आयरन और विटामिन्स से भरपूर होती है। कब्ज और दिल के रोगियों के लिए लोबिया का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। 100 ग्राम लोबिया में मात्र 90 कैलोरीज होती हैं इसलिए वजन घटाने के लिए भी लोबिया बहुत अच्छा आहार मानी जाती है। लोबिया खाने से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कब्ज आदि रोगों का खतरा कम हो जाता है। आइए आपको बताते हैं कि आपकी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है लोबिया। लोबिया खाने से आपको कभी भी ब्लड प्रेशर की बीमारी नहीं होगी और अगर है भी, तो लोबिया ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करेगी। इसका कारण यह है कि इसमें पोटैशियम की मात्रा बहुत ज्यादा होती है जबकि सोडियम बेहद कम होता है। 100 ग्राम लोबिया में केवल 4 मिलीग्राम सोडियम होता है, जबकि 431 मिलीग्राम पोटैशियम होता है। अगर आप ज्यादा पोटैशियम वाले आहार खाएंगे, तो आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है। लोबिया में फाइबर और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है इसलिए ये पेट के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। 100 ग्राम लोबिया में 5 ग्राम फाइबर होता है। फाइबर वाले आहार आंतों की अच्छी तरह सफाई करते हैं और खाने को पचाने में मदद करते हैं। इसलिए कब्ज, एसिडिटी और अपच के मरीजों के लिए भी लोबिया का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। लोबिया में आयरन की मात्रा अच्छी होती है इसलिए इसे खाने से खून में हीमोग्लोबिन बढ़ता है और कमजोरी दूर होती है। खून में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण एनीमिया हो जाता है, जिससे खून में लाल रक्त कणिकाएं (रेड ब्लड सेल्स) की संख्या कम हो जाती है। शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए खून में हीमोग्लोबिन होना जरूरी है। 100 ग्राम लोबिया में इतना आयरन होता है कि आपकी दैनिक जरूरत का लगभग 6% पूरा हो जाता है। विटामिन 'ए' और एंटीऑक?सीडेंट्स का खजाना होने के कारण, लोबिया कई तरह की बीमारियों को आपसे दूर रखता है। ये फलियां शरीर से विभिन्न विषाक्त पदार्थों और हानिकारक ऑक्सीजन रहित तत्वों को बाहर करने में मदद कर शरीर को स्वस्थ रखने में उपयोगी है।

## धर्म मंत्र

# भय से मुक्ति और शक्ति की प्राप्ति के लिए हनुमान जी के मंत्रों का करें जाप

एसी मान्यता है कि हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव हैं, और जो भी श्रद्धा भाव से उनकी आराधना करता है वो भय या किसी भी तरह के डर से मुक्त हो जाता है। सबसे खास बात ये है कि हनुमान जी को प्रसन्न करना बेहद सरल है। कोई भी बाधा उनके स्मरण से ही दूर हो जाती है। हनुमान जी सभी सिद्धियों के दाता भी माने जाते हैं। उन्हे प्रसन्न करके कोई भी सिद्धि और शक्ति को प्राप्त की जा सकती है। सूर्य के शिष्य हनुमान जी बेहद ज्ञानी भी हैं। ये सच है कि हनुमान क्रोध ना करने वाले और सहज प्रसन्न होने वाले देवता है, परंतु उनकी साधना करने के पूर्व कुछ नियमों के बारे में अवश्य जान लें। बिना इन नियमों का पालन करे आप बजरंग बली को प्रसन्न तो नहीं ही कर पायेंगे उनके कोप के भी भागी बन सकते हैं। हनुमान साधना के कुछ तांत्रिक प्रयोग व मंत्र हैं जिनको साधकर हनुमान जी को प्रसन्न किया जा सकता हैं। नीचे ऐसे ही कुछ बीज मंत्रों बताये गए हैं। शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार से लाल आसन पर हनुमान जी की प्रतिष्ठित मूर्ति करके उसके सामने घी का दीपक जला कर लाल चंदन की माला अथवा मूंगे की माला पर नित्य 11 माला 40 दिन फ़ेरने से भी उनकी सिद्धि प्राप्त हो सकती है। साथ ही इन मंत्रों का जाप करें। ऊँ हुँ हुँ हनुमतये फट्।, ऊँ पवन नन्दनाय स्वाहा।, ऊँ हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट।, नमो भगवते आन्जनेयाये महाबलाये स्वाहा, ओम नमों हनुमते रुद्रावताराय विश्वरूपाय अमित विक्रमाय प्रकटपराक्रमाय महाबलाय सूर्य कोटिसमप्रभाय रामदूताय स्वाहा।, ओम नमो हनुमते रुद्रावताराय सर्वशत्रुसहांरणाय सर्वरोगाय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा। ओम नमो हनुमते रुद्रावतराय वज्रदेहाय वज्रनखाय वज्रसुखाय वज्ररोम्णे वज्रनेत्राय वज्रदंताय वज्रकराय वज्रभक्ताय रामदूताय स्वाहा।

## पर्यटन



# जैसलमेर में संस्कृति की खूबसूरत और अनोखी झलक

जैसलमेर डेजर्ट फ़ेस्टिवल शुरू करने का मकसद भारत से बाहर रह रहे लोगों को यहां की संस्कृति से रूबरू कराना था। जो अब यहां का खास आकर्षण बन चुका है। रंग-बिरंगे कार्यक्रमों, ऊंट दौड़, मूंछ और पगड़ी बांध प्रतियोगितायों में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस फ़ेस्टिवल में रहने, खाने-पीने हर एक सुविधाओं का आधुनिक अंदाज देखने को मिलता है। जैसलमेर से 42 किमी दूर स्थित सैम रेत टिब्बा में मनाए जाने वाले इस फ़ेस्टिवल में राजस्थान की संस्कृति, लोक नृत्य-संगीत, स्थानीय कलाकारों और हुनरमंद कारीगरों से रूबरू होने का मौका मिलता है। जो अपने करतब से खुश करने के साथ ही चौंकाने का काम भी करते हैं। सुबह से शुरू होने वाले इन रंगारंग कार्यक्रमों को देखते हुए कब दिन ढ़ल जाता है इसका पता ही नहीं लगता। घेर और फायर डांस, ऊंट दौड़, पगड़ी बांध, लंबी मूंछ और मिस्टर डेजर्ट जैसी प्रतियोगिताएं न सिर्फ फ़ेस्टिवल की रौनक बढ़ाती हैं बल्कि पर्यटक के रोमांच को भी बनाए रखने का काम करती हैं। देश-विदेश के कलाकार इस फ़ेस्टिवल में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए देखे जा सकते हैं। ऊंट पर की जाने वाली कलाकारियों को देखना अद्भुत और लाजवाब होता है। संजे-सवरें इन ऊंटों को देखकर आप इन्हें कैमरे में कैद करने से खुद को रोक नहीं पाएंगे। आप इसमें शामिल होकर पोलो मैच, ऊंट और जीप पर डेजर्ट सफारी राइड के मज़े भी ले सकते हैं। अगर आप हैंडीक्राफ्ट चीज़ों के शौकीन हैं तो थ्रेड और मिरर वर्क से सज़ी खूबसूरत चीज़ों का भंडार यहां देखने को मिलेगा। आउटफिट्स से लेकर फुटवेयर्स, घर सजावट का सामान आप यहां से अपने साथ ले जा सकते हैं। यहां तक कि फ़ेस्टिवल में पारंपरिक राजस्थानी जायके का भी स्वाद ले सकते हैं। आसपास कई ढाबे और फूड स्टॉल्स भी लजीज़ खाने की खुशबू से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करते हैं।

# होली व रमजान को शांति व सौहार्द से मनाने की अपील, शांति समिति बैठक आयोजित

**परंपरा से छेड़छाड़ न हो, कानून व्यवस्था सर्वोपरि : सुश्री गुंजिता अग्रवाल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। होली एवं रमजान पर्व के मद्देनज़र थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जॉइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने सभी समुदायों से अपील की कि त्यौहार परंपरागत तरीके से ही मनाए जाएं तथा कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो या कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि होलिका दहन केवल परंपरागत स्थलों पर ही किया जाए और जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं। होली रंगों का पर्व है, इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा बिना किसी की सहमति के रंग न डालें। अभिभावकों से विशेष रूप से आग्रह किया गया कि होली के दिन बच्चों को बाइक या अन्य वाहन चलाने के लिए न दें, क्योंकि नशे की अवस्था में तेज गति से वाहन चलाने से दुर्घटनाएं घटित होती हैं।

बैठक में ग्राम पंचायत लोधौरा का मुद्दा उठाया गया, जहां छप्परनुमा घर के अत्यंत समीप होलिका दहन किए जाने से आगजनी का खतरा बना रहता है। सुझाव दिया गया कि उक्त होलिका दहन को अलग पड़ी सरकारी भूमि पर स्थानांतरित कर दिया जाए तो अधिक सुरक्षित होगा। इसी प्रकार ग्राम कटका कॉप फतेहुल्लापुर एवं ददौरा में होलिका दहन की भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी दी गई, जिस पर गंभीरता दिखाते हुए पुलिस एवं तहसील की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटवाने की बात कही गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही महत्वपूर्ण पर्व हैं, जिन्हें परंपरागत तरीके से आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि अमर्यादित व अश्लील गाने न बजाए जाएं, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने कहा कि होली के दिन दोपहिया वाहन चालकों पर रंग भरे गुब्बारे कदापि न फेंके जाएं, इससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शराब के सेवन से बचने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें, जिससे त्वरित समाधान किया जा सके। बैठक में तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष रामशंकर वर्मा, समाजसेवी डॉ. सलीम अहमद एवं शीतला बक्श सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि सभी लोग जिम्मेदारी के साथ होली व रमजान का त्योहार मिलजुलकर मनाएं, जिससे सामाजिक सौहार्द बना रहे और राष्ट्र को मजबूती मिले। बैठक में नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, चौकी इंचार्ज महादेवा अभिनंदन पांडे, चौकी इंचार्ज सुध्यामऊ राम अवतार, उप निरीक्षक राज कनौजिया, प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष रामकुमार मिश्र, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविंद्र सिंह 'पप्पू', सभासद केडी खान, सभासद प्रतिनिधि शिव कैलाश गौतम, इसरार खान, रमेश राठौर, ग्राम प्रधान महादेवा राजन तिवारी, व्यापारी नेता रविकांत पांडे, मोहम्मद इमरान, अंकज यादव, मोहम्मद मन्नान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय संभ्रांतजन उपस्थित रहे।

## साकेंद्र की दूरदर्शिता सड़क चौड़ीकरण कार्य में संशोधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। बुधवार का दिन विकासखंड निंदूरा क्षेत्र वासियों के मंगलमय हुआ। लखनऊ महमूदाबाद मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में शासन स्तर से महत्वपूर्ण संशोधन हो जाने से हजारों लोग सीधे लाभांवित होंगे। बताते चलें कि पूर्व में जारी कार्य वृत्ति के अनुसार किलोमीटर 19 बाराबंकीऽलखनऊ जनपद सीमा, से किलोमीटर 51 बाराबंकीऽसीतापुर जनपद सीमा, तक मार्ग का चौड़ीकरण प्रस्तावित था। इसमें आबादी वाले हिस्सों में 14 मीटर का चौड़ीकरण के साथ डिवाइडर, इंटरलॉकिंग और नाला निर्माण तथा गैर-आबादी क्षेत्र में 10 मीटर चौड़ीकरण का प्रावधान किया गया था।

कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप की दूरदर्शिता कि उन्होंने लखनऊ सीमा से टिकैतगंज तक बढ़ते यातायात दबाव व लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत हस्तक्षेप किया और शासन स्तर पर संशोधन की मांग उठाई। उनके विशेष प्रयासों के परिणामस्वरूप बुधवार को संशोधित कार्यवृत्ति जारी हुई।

अब लखनऊ जनपद की सीमा पर स्थित किसान पथ से लेकर कस्बा टिकैतगंज तक लगभग 13 किलोमीटर लंबे हिस्से में पूरी सड़क का करीब 197 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण 14 मीटर किया जाएगा। इतना ही नहीं, इस पूरे 13 किलोमीटर मार्ग पर सतत डिवाइडर का निर्माण भी सुनिश्चित होगा। परिवर्ि्तित कार्य योजना से लखनऊ सीमा से टिकैतगंज तक का मार्ग पूरी तरह सुरक्षित, व्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप में विकसित होगा। डिवाइडर निर्माण से आमने-सामने टक्कर की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा।दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात सुचारु रहेगा।

## जल संकट, आवारा पशु, बिजली बिल और नदी प्रदूषण को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गन्ना संस्थान, बाराबंकी में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार प्रियंका मिश्रा के माध्यम से सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि बंकी क्षेत्र के गनौरा, पलिया, ममसूदपुर, दलयानपुर मजरा जरूवा, चंदौली, बिचलंगा सहित कई गांवों में जल जीवन मिशन के तहत अब तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी है। भीषण गर्मी नजदीक है, लेकिन जल निगम विभाग की लापरवाही के कारण काम ठप है और जल आपूर्ति बाधित बनी हुई है। उन्होंने बताया कि देवां व बंकी ब्लॉक के कई गांवों में आवारा पशु खुलेआम घूम रहे हैं, जिन्हें गौशालाओं में नहीं भेजा जा रहा, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। वहीं बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि किसान अमन द्वारा पूरा बिजली बिल जमा करने के बावजूद वर्ष 2019 से लगातार बिल भेजे जा रहे हैं, जबकि अब तक कनेक्शन भी चालू नहीं किया गया, जिससे किसान अनावश्यक रूप से परेशान हो रहा है। इसके साथ ही रेठ नदी में कई महीनों से फैक्ट्रियों द्वारा गंदा पानी छोड़े जाने का आरोप लगाते हुए कहा गया कि पानी में तेज दुर्गंध है और पशु-पक्षी तक पानी नहीं पी रहे हैं। इस संबंध में कई बार जिलाधिकारी को पत्र दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो एक सप्ताह बाद चिलहटा घाट पर 'जल बचाओ-नदी बचाओ आंदोलन' शुरू किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में फूलचंद यादव, जैद अंसारी, नारायण यादव, देशराज यादव, वीरेंद्र यादव, ज्ञानवती यादव, सुषमा देवी, मोहित सैनी, प्रताप यादव, संजय यादव, राघवेंद्र रावत, जगदीश प्रसाद, प्रसादी वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## शहनाइयों से गूंजायमान वातावरण, एक साथ मंडप में पधारे 101 दूल्हे सैकड़ो बाराती , आवभगत

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। दूल्हादेपुर स्थित श्री राम जानकी मंदिर बजरंग व्यायामशाला बुधवार को शहनाईयों की मधुर गूंज से गुंजायमान हुआ। महंत बाबा बलराम दास के नेतृत्व में यहां आयोजित

101 कन्याओं के सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में राज्य मुख्यालय स्थित सुप्रसिद्ध मनकामेश्वर महादेव मंदिर की पीठाधीश्वर श्री महंत देव्या गिरी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुई, और वर वधुओं को सुख में वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। रामनगरी अयोध्या से आए संत महंत इस अनुपम अवसर के साक्षी बने। और नोडा पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया। स्मृति शेष 1008 महंत श्री हरिशंकर दास जी महाराज के पुण्यतिथि पर परंपरागत आयोजित दसवां भव्य यज्ञ समारोह का आज अंतिम दिवस था।अंतिम दिन बुधवार दोपहर लगभग दो बजे 101से दूल्हे बारात के साथ पहुंचे। डीजे पर नाचते बारातियों के आगमन से कार्यक्रम स्थल पर अनुपम मनोहरी महोत्सव देखते बना। 101 बारातें एक साथ पहुंचने से वहां मेला जैसा परिदृश्य लोग वर्ब्स झूम उठे।इस सामूहिक विवाह में दो मुस्लिम कन्याओं ने हिंदू लड़कों से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार फ़ेरे लिए। आयोजक महंत बाबा बलराम दास ने दोनों कन्याओं से उनकी सहमति के संबंध में प्रश्न किया। कन्याओं ने स्पष्ट किया कि वे अपनी मर्जी से यह विवाह कर रही हैं।जयमाल कार्यक्रम का आरंभ दरियाबाद के राजकुमार पुत्र सतनाम और दरियाबाद की मुफीदा बानो पुत्री मोहम्मद अहमद के वरमाला आदान-प्रदान से हुआ। इस दौरान पंडाल में 'जय हनुमान' के जयकारे गूंज उठे। इसके पश्चात कोठरी गोरिया निवासी सतीश पुत्र गुल्ले और लखवा अमानीगंज निवासी रुबा पुत्री वारिस अली ने भी जयमाल किया। इसी क्रम में सभी 101 कन्याओं का जयमाल संपन्न हुआ, और विवाह की अन्य रस्में देर रात तक चलती रहीं।इस अनुपम अवसर की अतिथि महंत देव्या गिरी ने सभी नवविवाहित दंपति को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने बाबा बलराम दास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जहां लोग एक कन्या का विवाह करके पुण्य महसूस करते हैं, वहीं 101 कन्याओं का विवाह करवाना अत्यंत सौभाग्य और बड़ी मिसाल है। उन्होंने पुरजोर कहा कि गुरु और भगवान के आशीर्वाद के बिना ऐसा सम्भव नहीं। बलराम दास साहब पर गुरु की अद्भुत कृपा ही है कि 10 वर्षों से निरंतर यह पूर्ण कार्य करते चले आ रहे हैं।

इस अवसर पर अनिल पांडे, प्रहलाद कुमार विमल ,रवि सिंह, सौरभ दास, स्वर्ण दास, अमन दास, बजरंग दल नेता सुनील सहनी भाजपा नेता विवेकादित्य सिंह पंकज वर्मा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कोतवाली टिकैतनगर के कोतवाल मनोज कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

**देव्या गिरी का हुआ जगह-जगह स्वागत**

संयासिनी परिषद की प्रमुख श्री महन्त देव्या गिरि जी का राजधानी मुख्यालय से बाराबंकी के दूल्हादेपुर कुटी जाते समय जगह-जगह स्वागत किया गया। शारदा कैनाल पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं के भारी भीड़ एकत्रित हुई। बाराबंकी के रामनगर में सुनील सिंह की अगवाई में भारी भीड़ व सिरौली गौसपुर तहसील मख्यालय के कोटवा धाम में श्याम मनोहर रावत के नेतृत्व मे चौराहे के निकट शनिदेव जी महराज की स्थापना करवाने वाले पत्रकार रामू रावत ने फूल माला देकर स्वागत एवं अभिनंदनन किया।रामू रावत, अनूप विश्वकर्मा, शुभम सिंह अजय रावत एडवोकेट, जितिन रावत,विनय कुमार राजवंशी आदि ने महन्त देव्या गिरि को पुष्प माला भेंटकर स्वागत एंव सम्मान किया। तत्पश्चात अगले कार्यक्रम के लिए प्रस्थान कर गयी।उनके साथ बजरंग दल के नेता सुनील सिंह,भाजपा नेता विवेकादित्य सिंह से पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर ब्लाक सभागार मे शुभारंभ

मसौली बाराबंकी। विकास खण्ड मसौली के ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों एव सहायको का दो दिवसीय राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना का प्रशिक्षण शिविर ब्लाक सभागार मे शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर मे प्रथम दिन जिला परियोजना प्रबंधक नीलम रावत ने ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायको एव सचिवों को पीएफएमएस से होने वाले भुगतान के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि पंचायतो द्वारा कार्ययोजना विकसित करते समय यह सुनिश्चिचित किया जायेगा कि किसी एक कार्य को टुकड़ो मे विभाजित करके सम्मलित नही किया जाये तथा प्रत्येक कार्य वर्क आईडी की तकनीकी वित्तीय एव प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के उपरांत कार्य को प्रारम्भ किया जायेगा तथा ई ग्राम स्वराज के साफ्टवेयर पर प्रोगेस रिपोर्टिंग मद मे अंकित किये जाने के बारे प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षक अनमोल प्रियदर्शी ने ग्राम पंचायत मे कराये गये विकास कार्यो के पीएफएमएस की जानकारी दी तथा जीपीडीपी के सफल निष्पादन एव संयुक्त डिजिटल सिग्नेचर के बारे मे जागरूक करते हुए पंचायत प्रोफ़ाइल, प्लानिंग माड्यूल, प्रोग्रेस रिपोटिंग, एकाउंटिंग माड्यूल, ई ग्राम स्वराज पर आनलाइन भुगतान करने हेतु तैयारी एव व्यवस्थायो, चेकर मेकर प्रोफ़ाइल पंजीकरण, डी एस पी पंजीकरण के बारे मे जानकारी दी।

## ग्राम पंचायत बहुता में पंचायत भवन का लोकार्पण ग्रामीणों को गांव में ही मिलेंगी शासकीय सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । आमजन को बेहतर एवं शासकीय सुविधाएं ग्राम पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित पंचायत भवन बहुता का आज क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा अध्यक्ष नगर पंचायत आलोक तिवारी एवं खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह की उपस्थिति में संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विकास खंड त्रिवेदीगंज में पंचायत भवन बहुता धाम के संचालन से ग्रामीणों को अब महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवाने व योजनाओं का लाभ लेने के लिए ब्लॉक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, सभी आवश्यक सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी। अध्यक्ष नगर पंचायत आलोक तिवारी ने कहा कि यह पंचायत भवन ग्राम पंचायत को समर्पित किया गया है, जहां से सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को सीधे मिलेगा। खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह ने अपने बयान में कहा कि पंचायत भवन के माध्यम से प्रमाण पत्र, योजनाओं से संबंधित आवेदन, जनसुनवाई व अन्य प्रशासनिक सेवाएं सुव्यवस्थित ढंग से ग्राम स्तर पर उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और ग्रामीणों का समय व धन दोनों बचेगा; साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान देवी प्रसाद लोधी, व्यापारी नेता जनार्दन प्रसाद शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि अरुण शुक्ला, रामहेत महतो, पंचायत सचिव संयम मिश्रा, बबलू सिंह, संतोष श्रीवास्तव, मोहित मिश्रा, करुणेश द्विवेदी, राज कुमार सोनी, राहुल दीक्षित, ब्रजेश शुक्ला उर्फ विधायक, ब्रजेश त्रिपाठी, संत शरण, प्रधान बेलहरी गुड्डू सिंह चौहान, भानू बाजपेई, प्रधान मोहम्मदपुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ, जिला आईटी सेल प्रभारी बने दिलीप



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक शिक्षक संघ की नई कार्यसमिति के गठन क्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने दिलीप कुमार तिवारी को जिला आईटी सेल प्रभारी नियुक्त किया है।प्रदेश अध्यक्ष ने नवगठित कार्यसमिति को बधाई देते हुए कहा कि ऊर्जावान शिक्षकों को जिम्मेदारी देकर शिक्षक हितों की रक्षा व शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।साथ ही शीघ्र ही ब्लॉक एवं जनपद स्तर की शेष कार्यकारिणी के गठन की बात भी कही।कार्यक्रम में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सदस्य उमानाथ मिश्र सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।सभी ने दिलीप कुमार तिवारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### हादसे में बालक जख्मी

फतेहपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सीतापुर के ग्राम मीरानगर गांव निवासी प्रांशु पुत्र दिनेश कुमार अपने बड़े भाई के साथ साइकिल से गांव जा रहा था, गांव के पास ही पीछे से आ रहा एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मारी जिससे प्रांशु गंभीर रूप से घायल हुआ।

### गहमा गहमी के बीच बोर्ड परीक्षा प्रारंभ, 4554 छोड़ा परीक्षा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को भारी गहमा गहमी के बीच जनपद के 110 परीक्षा केन्द्रों पर आरम्भ हुई यूपी बोर्ड परीक्षा में पंजीकृत हाईस्कूल के 42554 व इंटरमीडिएट के 34809 परिक्षार्थियों में अज्ञात कारणों से दोनो कक्षाओं के 4554 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए। ''फतेहपुर '' क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही सैकड़ों परीक्षार्थी पहुंचे।परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात थे,ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके। केंद्रों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की गहन जांच की गई। बिना जांच किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई।

इण्टर की छात्रा हुई अचेत

रामसनेहीघाट में आधुनिक भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने पहुंची छात्रा मानसी पाल परीक्षा केन्द्र के गेट पर ही अचेत हो गिर गई। घटना से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए छात्रा को तुरंत सी एच सी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया।

### रफी साहब का पूरा जीवन, किसान और गरीबों की सेवा में समर्पित रहा : अम्मार रिजवी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जंगे आजादी के महानायक पूर्व केंद्रीयमंत्री स्व. रफी अहमद किदवाई की जयन्ती पर रफी साहब की मजार पर पुष्पांजलि अर्पित कर खिराजे अक़ीदत पेश करते हुए मेहमाने खुशुशी पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ0 अम्मार रिजवी ने मजार पर खिराजे अक़ीदत पेश की। रफी साहब को खिराजे अक़ीदत पेश करते हुए रफी अहमद किदवाई ट्रस्ट के चेयरमैन पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री अम्मार रिजवी ने कहा कि रफी साहब का जीवन हमेशा गरीबो एव किसानों के लिए मददगार रहा और बिना किसी भेदभाव के लोगो की मदद की । उन्होंने कहा की स्व रफ़ी अहमद किदवई ने अपनी पुरी ज़िन्दगी देश की सेवा मे लगा दी थी उन्होंने बिना भेदभाव के चलते ग़रीब मजलूमो की मदद की । पुर्वमंत्री ने खिराजे अक़ीदत पेश करते हुए कहा कि आज भारत में यदि कश्मीर है तो वह रफी साहब की देन हैं। उन्होंने कहा कि बाराबंकी से मेरा गहरा नाता रहा है और रफी साहब मेरे आदर्श रहे है आप सभी लोगो का आहवान करता हूँ कि अपनी आवाज को बुलन्द करे कि ऐसे महान सादगी पूर्ण नेता को भारतरत्न से नवाजा जाय क्योकि ऐसा देशभक्ति एव उदारवादी नेता सदियों में पैदा होता है। श्री रिजवी ने मजार पर पुष्प अर्पित कर दुआएँ मांगी। ट्रस्ट अध्यक्ष ने कैम्पस में स्थिति तालाब के सुंदरीकरण कराने हेतु शासन से पत्राचार कर कार्यवाही करने की बात कही। वही रफी मेमोरियल इण्टर कालेज मसौली चौराहा पर रफी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस मौके पर प्रधानाचार्य बिजय बहादुर, राघव राम यादव, विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा, मुमताज कामिल किदवई,तौकीर किदवई,मसूद अशरफ,सुरेंद्र पाण्डेय, सबा जहीर, फातिमा सबीहा, तारिक किदवई, सतीश सिंह,के के रुबेला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आबकारी टीम की छापा शराब बरामद, लहन नष्ट

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। बुधवार को आबकारी इंस्पेक्टर शिवानी सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने कई गांवों में दबिश दी। इस दौरान लगभग 45 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई और मौके पर करीब 80 किलोग्राम महुआ लहन को नष्ट किया गया।यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त उत्तर के आदेश और जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन पर चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान का हिस्सा थी। टीम ने सिखलिखपुरवा, सरायननेतामऊ, सुर्रा और रेवढा सहित 17 स्थानों पर छापे मारे।अभियान के तहत दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दबिश के दौरान ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।आबकारी विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या परिवहन से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना दें। आबकारी इंस्पेक्टर शिवानी सिंह ने बताया कि कच्ची शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है।

### वृद्ध दंपति ने खाया जहर, पति की मौत, गंभीर

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली व तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के सधुवापुर गांव में मंगलवार देर शाम एक बुजुर्ग दंपती ने कथित रूप से सल्फास (जहर) खाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक, सन्नाटा पसरा गया।जानकारी के अनुसार सधुवापुर निवासी 65 वर्षीय श्रीगणेश यादव और उनकी 60 वर्षीय पत्नी कमलावती यादव ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तत्काल सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया। वहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश वर्मा ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही श्रीगणेश ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर हालत में कमलावती को जिला अस्पताल से लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

दंपती के परिवार में एक पुत्र पवन और एक पुत्री हैं, जिन दोनों की शादी हो चुकी है। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल है और हर कोई इस अप्रत्याशित कदम को लेकर स्तब्ध है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जहर खाने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना ने क्षेत्र में बुजुर्गों की सामाजिक और मानसिक स्थिति को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### साध्वी देव्या का कोटवा में भव्य स्वागत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संयासिनी परिषद की प्रमुख श्री महंत देव्या गिरि का कोटवा धाम चौराहे पर स्वागत किया गया। बुधवार को पत्रकार रामू रावत ने उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।महंत देव्या गिरि श्री राम जानकी मंदिर, दुल्हदेपुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में भाग लेने जा रही थीं, तभी कोटवा धाम चौराहे पर उनका काफिला रुका।इस अवसर पर पत्रकार रामू रावत के साथ अनूप विश्वकर्मा, शुभम सिंह, एडवोकेट अजय रावत, जितिन रावत और विनय कुमार राजवंशी सहित कई अन्य लोगों ने भी महंत देव्या गिरि का स्वागत किया।स्वागत के बाद महंत देव्या गिरि अपने अगले कार्यक्रम के लिए प्रस्थान कर गईं।

### यमुना व बेतवा पुल के बीच ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर शहर के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के पास बुधवार को तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार युवक को रौंद डाला। उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हमीरपुर शहर के यमुना और बेतवा पुल के बीच रानी लक्ष्मीबाई तिराहा पर मेरापुर निवासी अरविन्द निषाद (35) पुत्र रघुराज साइकिल से जा रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।

**सूचना**

मेरा नाम हाईस्कूल के अंकपत्र व आधार में मालती देवी (MALTI DEVI) है। पासपोर्ट में मालती श्रीवास्तव अंकित हो गया। सही नाम मालती देवी जाना जाए। मालती देवी पत्नी नंदकिशोर लाल श्रीवास्तव, ग्राम व पोस्ट मुस्तफाबाद,पिन कोड 271901 जिला बहराइच।

# अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में वर्धमान कॉलेज ने फहराया परचम

एजेंसी

बिजनौर। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में कई जनपदों के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए वर्धमान कॉलेज के खिलाड़ियों ने परचम लहराया। पुरुष वर्ग में सर्वज्ञ, जबकि महिला वर्ग में उनकी बहन श्रेया विजेता बनी।

वर्धमान कॉलेज बिजनौर के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला व पुरुष वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ वर्धमान डिग्री कॉलेज बिजनौर की प्राचार्या डॉक्टर प्रीति खन्ना ने शतरंज की चाल चलकर किया। । प्रतियोगिता में बिजनौर जनपद के अलावा मुरादाबाद व रामपुर जनपद से आये खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय की ओर से



डॉक्टर सनी कुमार (गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज चांदपुर) को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया।

वहीं निर्णायक मंडल में सीनियर नेशनल आर्बिटर विवेक त्यागी, नूतन भारद्वाज, शोभित जैन एवं प्रीति त्यागी रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूर्ण मनोयोग से शह और मात का खेल खेला। इनमें से पुरुष वर्ग में सर्वज्ञ भारद्वाज और महिला वर्ग में श्रेया भारद्वाज ने प्रथम स्थान हासिल किया। ये दोनों ही विजेता वर्धमान डिग्री कॉलेज बिजनौर के विद्यार्थी है और सगे भाई बहन है। पुरुष वर्ग में सूर्य प्रभाकर रस्तोगी (हिंदू कॉलेज मुरादाबाद) ने द्वितीय, प्रज्ज्वल चौहान (हिंदू कॉलेज मुरादाबाद) ने तृतीय और सुदर्शन शर्मा(वर्धमान डिग्री कालेज बिजनौर) ने चतुर्थ स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में आशी उज्जवल (वर्धमान डिग्री कालेज बिजनौर) ने द्वितीय, अनुकृति (वर्धमान डिग्री कालेज बिजनौर) ने तृतीय और सानिया श्रीवास्तव(राजकीय रजा कालेज रामपुर) ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अब नार्थ जॉन विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्या डा. प्रीति खन्ना व वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड़ द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डा. जयदीप शर्मा(विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग) ने सभी का आभार जताया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में डॉक्टर चारुदत्त, डॉक्टर विकास त्यागी, डॉक्टर यश चौहान, डॉक्टर एसके सोन, डॉक्टर प्रशांत सिंह, डॉक्टर कविता डॉक्टर आयुष बघेल डॉक्टर अंचितम गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भारतीय महिला कबड्डी टीम को 'बीबीसी स्टार परफॉर्मर्स ऑफ द ईयर 2025' सम्मान

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय महिला कबड्डी टीम को विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद बीबीसी स्टार परफॉर्मर्स ऑफ द ईयर 2025 सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स समारोह में प्रदान किया गया, जिसने महिला कबड्डी की बढ़ती प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दी।

भारतीय महिला टीम की सदस्य ऋतु श्योराण ने कहा कि यह सम्मान न केवल टीम बल्कि पूरे खेल के लिए महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा, ञ्कबड्डी को इस तरह के बड़े मंच पर पहचान मिलना बेहद खास है। आमतौर पर कबड्डी को इतनी सुर्खियां नहीं मिलतीं, इसलिए पूरी टीम के साथ यहां होना गर्व का पल है।ञ्



विश्व कप जीत को याद करते हुए उन्होंने कहा, ञ्कई वर्षों बाद विश्व कप जीतना हम सभी के लिए भावुक क्षण था। ऐसे पुरस्कार अगली पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करते हैं कि वे भी भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखें।ञ्

उन्होंने महिला कबड्डी को और मजबूत समर्थन देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकें। टीम की अन्य खिलाड़ी पूजा काजला ने भी इस सम्मान को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, ञ्इस मंच पर आमंत्रित और सम्मानित होना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। पहली बार कबड्डी को इस तरह शामिल कर सम्मानित किया गया है, जो हमारे लिए बहुत मायने रखता है।

काजला ने कहा कि इस तरह की पहचान का सामाजिक प्रभाव भी होता है। उन्होंने कहा, ञ्इससे लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और परिवारों को भी गर्व महसूस होता है। यह युवा खिलाड़ियों को खेल को गंभीरता से अपनाने के लिए प्रेरित करता है। भारत की दमदार विश्व कप जीत ने न केवल टीम के दबदबे को साबित किया, बल्कि नई पीढ़ी की खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। खिलाड़ियों का मानना है कि इस तरह के सम्मान महिला खेलों को आगे बढ़ाने और पारंपरिक भारतीय खेलों को व्यापक मंच देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# घरेलू टी-20 पंजाब प्रीमियर लीग में दिखेगा गिल, अभिषेक, अर्शदीप का जलवा

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) इस साल जून में पंजाब की घरेलू टी-20 प्रतियोगिता पंजाब प्रीमियर लीग (पीपीएल) का आयोजन करेगा। इस बार टूर्नामेंट नए नाम और नए प्रारूप के साथ आयोजित किया जाएगा। पंजाब प्रीमियर लीग 2026 में कुल छह टीमें भाग लेंगी और सभी टीमें फ्रेंचाइज़ी मॉडल पर आधारित होंगी। खिलाड़ियों की खरीद नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। इस लीग में केवल पंजाब में पंजीकृत खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे।

लीग में पंजाब के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र होंगे। भारतीय टेस्ट और सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, भारत के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मार्की खिलाड़ियों के रूप में शामिल किया जाएगा।

इनके अलावा रामनदीप सिंह, नेहल वढेरा, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, प्रभसिमरन सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी मार्की सूची में शामिल हो सकते हैं। वर्तमान भारत अंडर-19 टीम के सदस्य युवा खिलाड़ी विहान मल्होत्रा भी इस लीग में खेलते नजर आएंगे। सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ पंजाब की अंडर-23 टीम के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मयंक मार्कंडे, अश्वनी कुमार, गुरनूर बराड़, हरनूर सिंह, रमन धीर और हरप्रीत बराड़ जैसे खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, जिससे लीग की प्रतिस्पर्धा और मजबूत होगी।

इसके अतिरिक्त सलील अरोड़ा, रघु शर्मा और अन्य उभरते खिलाड़ी भी पीपीएल का हिस्सा होंगे।

# टी-20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका ने यूएई को हराया, ग्रुप डी में जीते अपने चारों मैच

एजेंसी

नई दिल्ली । आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए यूएई को छह विकेट से हराया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण के चारों मुकाबले जीतकर अपराजित रहते हुए सुपर आठ में प्रवेश किया।

यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में बारिश की आशंका के बीच पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई ने आक्रामक शुरुआत की। मुहम्मद वसीम ने कगिसो रबाडा के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़ दिए। हालांकि जॉर्ज लिंडे के आक्रमण में आते ही रनगति पर अंकुश लग गया।इसके बाद कॉर्बिन बॉश ने अतिरिक्त उछाल का फायदा उठाते हुए आर्यांश शर्मा और सोहैब खान को पवेलियन भेजा। एनरिक





नॉर्टजे और क्वेना मफाका की तेज गेंदों ने भी यूएई बल्लेबाजों को परेशान किया।

यूएई के लिए अलीशन शराफू ने संघर्षपूर्ण 45 रन बनाए, लेकिन टीम 20 ओवर में 122/6 तक ही पहुंच सकी। बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका की पारी में थोड़ी देरी हुई। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान एडेन मार्करम और क्विंटन डी कॉक को स्पिन गेंदबाजों ने शुरुआत में रोके रखा। हालांकि मार्करम ने एक ओवर में 18 रन बटोरकर दबाव कम किया, लेकिन उसी ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। रयान रिकेल्टन और डेवाल्ड ब्रेविस ने तेज बल्लेबाजी कर रनगति बनाए रखी। ब्रेविस ने 36 और रिकेल्टन ने 30 रन बनाए। अंत में ट्रिस्टन स्टब्स और जेसन स्मिथ ने 13.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। कॉर्बिन बॉश ने 3 विकेट लेकर टी20 करियर के 100 विकेट पूरे किए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने कहा कि शुरुआती ओवरों में गेंद में हल्की हरकत थी और गेंदबाजों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला। सुबह हुई बारिश ने भी पिच को थोड़ी मदद पहुंचाई। दक्षिण अफ्रीका अब सुपर आठ के ग्रुप 1 में 22 फरवरी को अहमदाबाद में भारत से भिड़ेगा।

संक्षिप्त स्कोरः

यूएई 122/6 (अलीशन शराफू 45, मुहम्मद वसीम 22; कॉर्बिन बॉश 3/12, एनरिक नॉर्टजे 2/28)।

दक्षिण अफ्रीका 123/4 (डेवाल्ड ब्रेविस 36, रयान रिकेल्टन 30) ऽ 13.2 ओवर में जीत।

## रणजी ट्रॉफीः जम्मू-कश्मीर पहली बार फाइनल में, बंगाल को हराकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के इतिहास में नया अध्याय जुड़ गया है। जम्मू और कश्मीर ने बुधवार को सेमीफ़ाइनल में बंगाल को छह विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बना ली। यह मुकाबला कल्याणी स्थित बंगाल क्रिकेट अकादमी मैदान पर खेला गया। मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बंगाल की टीम पहली पारी में 328 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में जम्मू कश्मीर की टीम 302 रनों पर ऑल आउट हो गई। पहली पारी के आधार पर बंगाल को 26 रन की बढ़त मिली। हालांकि दूसरी पारी में बंगाल की बल्लेबाजी पूरी तरह से विफल रही और केवल 99 रनों पर ही सिमट गई। आकिब नबी का हरफनमौला कमाल जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत के नायक रहे आकिब नबी। उन्होंने मैच में कुल नौ विकेट लिए और पहली पारी में 54 गेंदों पर 42 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय महिला फुटबॉल टीम पर्थ में दो मैत्री मैच खेलेगी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में दो मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम 19 फरवरी को पर्थ रेडस्टार फुटबॉल क्लब और 23 फरवरी को पर्थ अज़्ज़ुरी फुटबॉल क्लब के खिलाफ मैदान में उतरेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अनुसार तुर्किये में प्रशिक्षण शिविर समाप्त करने के बाद भारतीय महिला टीम 11 फरवरी को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं। टीम अगले महीने होने वाले एशियाई महिला फुटबॉल कप की तैयारियों में जुटी है।

19 फरवरी, दोपहर 2 बजकर 30 मिनट (भारतीय समयानुसार) ऽ भारत बनाम पर्थ रेडस्टार फुटबॉल क्लब, डालमाटिनैक पार्क, पर्थ 23 फरवरी, शाम 4 बजे (भारतीय समयानुसार) ऽ भारत बनाम पर्थ अज़्ज़ुरी फुटबॉल क्लब,



मैसेडोनिया पार्क, पर्थ

दोनों मुकाबले बंद दरवाजों के पीछे, बिना दर्शकों की उपस्थिति में खेले जाएंगे।

भारत ने तुर्किये दौरे के दौरान यूक्रेन, रूस, स्विट्ज़रलैंड, जर्मनी और रोमानिया के क्लबों के खिलाफ कुल छह अभ्यास मुकाबले खेले, जिनमें तीन में जीत, एक मुकाबला बराबरी पर और दो में हार का सामना करना पड़ा।

हालिया मुकाबले में भारतीय टीम को रोमानिया के क्लब एफके चिकसेरेडा मिएरकुरिया चिउक फुटबॉल क्लब के खिलाफ 0-1 से पराजय झेलनी पड़ी। इससे पहले भारतीय टीम ने रूस के क्लब ज़्वेज्दा-2005 पर्म फुटबॉल क्लब को 2-0 से हराया था।

भारतीय टीम ने जर्मनी के क्लब हर्था बीएससी महिला फुटबॉल टीम को भी 1-0 से मात दी थी।

ऑस्ट्रेलिया में होने वाले ये दोनों अभ्यास मुकाबले एशियाई महिला फुटबॉल कप से पहले भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण तैयारी साबित होंगे।

# टी-20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे नवनीत ढालीवाल अफगानिस्तान में खेलेंगे आखिरी मुकाबला

नई दिल्ली । कनाडा के पूर्व कप्तान नवनीत ढालीवाल ने जारी आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में कनाडा के अंतिम मुकाबले के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। कनाडा गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलेगा। ढालीवाल ने मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद अपने फैसले की पुष्टि की। इस हार के साथ ही कनाडा की सुपर आठ चरण में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टी-20 विश्व कप 2026 में ढालीवाल अब तक 108 रन बना चुके हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मुकाबले में 49 गेंदों पर 64 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके बाद यूएई के खिलाफ 34 रन बनाए।

ढालीवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कनाडा के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में संन्यास लेने जा रहे हैं। वर्ष 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद उन्होंने 29 टी-20 और 4 एकदिवसीय मैचों में टीम की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में कनाडा ने टी-20 प्रारूपमें 21 जीत दर्ज कीं।

ढालीवाल ने बताया कि उन्होंने विश्व कप में आने से पहले ही यह तय कर लिया था कि यह उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा।

उन्होंने कहा कि 2024 टी-20 विश्व कप के लिए कनाडा का क्वालीफाई करना, पहले मैच में रन बनाना और कप्तान नियुक्त होना उनके करियर के सबसे यादगार पल रहे। गौरतलब है कि कनाडा के पहले टी-20 विश्व कप (2024) में ढालीवाल ने 44 गेंदों पर 61 रन की यादगार पारी खेली थी। संन्यास के बाद ढालीवाल कोचिंग के क्षेत्र में कदम रखना चाहते हैं, हालांकि वह राष्ट्रीय स्तर पर नहीं बल्कि युवा खिलाड़ियों के साथ काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट को छोड़ना आसान नहीं है, लेकिन अब उनका लक्ष्य नई पीढ़ी को आगे बढ़ने में मदद करना है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाने वाले युवा बल्लेबाज युवराज समरा का उदाहरण देते हुए कहा कि कनाडा में जन्मे खिलाड़ियों में भी अपार प्रतिभा है।

# संक्षिप्त समाचार

## नॉर्वे शतरंज में छठी बार हिस्सा लेंगे वेस्ली सो, बोले- रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होगा टूर्नामेंट

स्टावांगर नॉर्वे । विश्व शतरंज के दिग्गज खिलाड़ियों में शुमार वेस्ली सो ने नार्वे चेस 2026 में अपनी वापसी की पुष्टि कर दी है। यह उनका इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में छठा सहभाग होगा। महज 14 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करने वाले वेस्ली सो ने जल्द ही अपनी पीढ़ी के अग्रणी खिलाड़ियों में स्थान बना लिया है। वेस्ली सो ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ञ्मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से खेलने को लेकर बेहद खुश हूं। शानदार धूप में यहां आना सुखद अनुभव है। एक मजेदार और चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं

पूर्व विश्व नंबर दो रह चुके वेस्ली सो पिछले एक दशक से अंतरराष्ट्रीय शतरंज के शीर्ष स्तर पर लगातार अपनी मौजूदगी दर्ज कराते रहे हैं। अपने करियर के शिखर पर उन्होंने 2800 से अधिक रेटिंग हासिल की और 2016 से 2017 के बीच क्लासिकल प्रारूप में 67 मुकाबलों तक अपराजित रहने का अद्भुत रिकॉर्ड बनाया। वेस्ली सो 2019 में फिडे विश्व फिशर रैंडम चैंपियन बने। इसके अलावा वे तीन बार अमेरिकी चैंपियन रह चुके हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका की टीम के साथ ओलंपियाड स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं। उन्होंने कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी खिताब अपने नाम किए हैं। अपनी सटीकता, नियंत्रण और गहन तैयारी के लिए पहचाने जाने वाले सो मुकाबलों में बहुत कम गलतियां करते हैं और मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ भी जीत की दौड़ में बने रहते हैं। नॉर्वे शतरंज की मुख्य संचालन अधिकारी बेनेडिक्ट वेस्ट्रे स्कॉग ने उनकी वापसी पर खुशी जताते हुए कहा, ञ्वेस्ली लंबे समय से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं और इतनी निरंतरता दुर्लभ है। वे हर मुकाबले में शांति, गहराई और असली जुझारूपन लेकर आते हैं। जब वे खेलते हैं, तो उच्च स्तर की गुणवत्ता की उम्मीद रहती है।

## एक साल बाद भारतीय हॉकी टीम में लौटे अंगद बीर सिंह ने कहा, इस बार दिखेगा बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह की लगभग एक वर्ष बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। उन्हें एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

23 वर्षीय हमलावर खिलाड़ी ने पिछली बार 2024-25 सत्र में भुवनेश्वर में आयरलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। इसके बाद से वह सीनियर टीम का हिस्सा नहीं थे। होबार्ट में होने वाले मुकाबले उनके करियर का पहला विदेशी दौरा भी होगा।द्ध अंगद ने वापसी को खास बताते हुए हॉकी इंडिया के हवाले कहा, ञ्मैं इस अवसर को लेकर बेहद उत्साहित हूं। लंबे समय से प्रशिक्षण कर रहा था और मौके का इंतजार कर रहा था। अब मैं खुद को साबित करना चाहता हूं और भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। होबार्ट चरण में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और स्पेन जैसी मजबूत टीमों से होगा। अंगद का मानना है कि टीम ने इन प्रतिद्वंद्वियों की शैली को ध्यान में रखते हुए तैयारी की है। उन्होंने कहा, ञ्राष्ट्रीय शिविर से ही हमारी तैयारी काफी अच्छी रही है। ऑस्ट्रेलिया और स्पेन की मजबूत 'मैन-टू-मैन' शैली को ध्यान में रखते हुए अभ्यास सत्र तैयार किए गए हैं। फिटनेस और मैच के लिए तैयार रहने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हाल ही में राउरकेला चरण में भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था, लेकिन अंगद का कहना है कि टीम सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा, हर टीम के जीवन में कठिन दौर आता है। हमारा लक्ष्य यहां चारों मैच जीतना है और हम पिछले परिणामों के बजाय अपने प्रदर्शन पर ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि ऑस्ट्रेलिया का मौसम बेंगलुरु जैसा ही है, जिससे टीम को परिस्थितियों में ढलने में आसानी हुई है। राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के दौरान अंगद बेंगलुरु में राष्ट्रीय प्रशिक्षण समूह का हिस्सा रहे और 'इंडिया ए' के लिए विभिन्न एक्सपोज़र दौरों में खेले। उन्होंने कोचों के मार्गदर्शन में अपनी गति और कौशल पर विशेष काम किया। अंगद ने कहा, कोचों ने जिन क्षेत्रों में सुधार की सलाह दी थी, उन पर गंभीरता से काम किया। मुझे विश्वास था कि निरंतर मेहनत से फिर मौका मिलेगा। हाल ही में हॉकी इंडिया लीग 2025-26 में वेदांता कलिंगा लांसर्स के साथ खिताब जीतने से भी उनकी वापसी का रास्ता मजबूत हुआ।

# मनोहर लाल ने एआई इंपैक्ट समिट में विद्युत मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन किया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को राजधानी नई दिल्?ली के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट में विद्युत मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन किया। मंडप में दिखाया गया है कि डिजिटल प्रौद्योगिकियां किस प्रकार उत्पादन, पारेषण और वितरण प्रणालियों को नया आकार दे रही हैं।


विद्युत मंत्रालय के मुताबिक यह मंडप 'मेगावाट से मेगाबाइट तकः भारत के विद्युत इको-सिस्टम का रूपांतरण' विषय के तहत विद्युत क्षेत्र का एक दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह मंडप बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता को मजबूत करने, दक्षता में सुधार करने और विद्युत क्षेत्र में सतत विकास को समर्थन देने के लिए अत्याधुनिक एआई प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने पर मंत्रालय के ध्यानाकर्षण को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने एआई इंपैक?ट समिट में दिल्ली मेट्रो रेल निगम द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी दौरा किया। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने उन्हें डीएमआरसी द्वारा एआई के क्षेत्र में की गई पहलों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर डीएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि एआई की मदद से ग्राहकों की शिकायतों और यात्रियों से सम्बंधित समस्याओं का तेजी से समाधान संभव हो सकेगा। ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन (ओएचई), पैंटोग्राफ-ओएचई इंटरैक्शन, व्हील ग्राइंडिंग, रोलिंग स्टॉक सबसिस्टम और सिग्नलिंग की निगरानी सहित रखरखाव के क्षेत्र में एआई का उपयोग किया जा रहा है।

# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद, सेंसेक्स 283 अंक उछला

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुझान के बीच हफ्ते के तीसरे दिन बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। बॉम्?बे स्?टॉक एक्?सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 फीसदी उछल कर 83,734.25 के स्?तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्?टॉक एक्?सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 फीसदी की बढ़कर 25,819.35 पर बंद हुआ।

कारोबार के अंत में बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बढ़कर 471.89 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में 470.11 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों





का मार्केट कैप करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है, जिससे निवेशकों की संपत्ति में लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयरों में बढ़त रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 शेयरों में बढ़त रही। इसमें शामिल टाटा स्टील के शेयरों में 2.90 फीसदी की सबसे ज्यादा की तेजी रही। इसके अलावा आईटीसी, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 1.18 फीसदी से लेकर 2.21 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, आज कारोबार में मेटल, बैंकिंग और एफएमसीजी शेयर्स में बढ़त रही। वहीं, आईटी शेयर्स में गिरावट रही।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 फीसदी उछल कर 83,450.96 के स्?तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 फीसदी चढ़कर 25,725.40 के स्?तर पर बंद हुआ था।

# सामूहिक नौसैनिक शक्ति की प्रतिबद्धता और संकल्प से ही निपटा जा सकता है चुनौतियों से : मुर्मु

एजेंसी

विशाखापत्तनम। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नौसेना के अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा को समुद्री परंपराओं के प्रति देशों के बीच एकता, विश्वास और सम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा है कि यह वैश्विक समुदाय के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि सामूहिक नौसैनिक शक्ति की प्रतिबद्धता और संकल्प सभी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा के बाद कहा कि भारत का मानना है कि सुदृढ़ समुद्री व्यवस्था के लिए समान विचारधारा वाले साझेदारों के बीच सामूहिक जिम्मेदारी और सहयोग पर आधारित कार्रवाई की भावना जरूरी है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा में 70 से अधिक देशों की नौसेनाएं भाग ले रही हैं।

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा को समुद्री परंपराओं के प्रति देशों के बीच एकता, विश्वास और सम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि वैश्विक सुरक्षा विकास , स्थिरता और सतत साझेदारी के माध्यम से ही संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के ध्वजों वाले जहाज और अलग-अलग देशों के नाविक साथ मिलकर एकजुटता की भावना प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह भावना इस वर्ष की विषय वस्तु ''सागरों के माध्यम से एकता '' में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। यह वैश्विक समुदाय के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि सामूहिक नौसैनिक शक्ति की प्रतिबद्धता और संकल्प सभी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समुद्री क्षेत्र सहित अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति भारत का दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात 'विश्व एक परिवार है' की भावना से प्रेरित है। यह दृष्टिकोण दर्शाता है कि वैश्विक सुरक्षा, विकास,



स्थिरता और सततता साझेदारी के माध्यम से ही संभव है। यही साझेदारी की भावना एक स्थायी वैश्विक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि भारत मानता है कि सुदृढ़ समुद्री व्यवस्था समान विचारधारा वाले साझेदारों के बीच सामूहिक जिम्मेदारी और सहयोगात्मक कार्यवाही पर आधारित होनी चाहिए। यह कार्यक्रम भारत की 'महासागर' पहल (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) के उद्देश्य को मजबूत बनाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय नौसेना भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने और व्यापक समुद्री क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए सतर्क है। क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना की इकाइयां समुद्र में उत्पन्न खतरों और चुनौतियों के विरुद्ध प्रतिरोध और रक्षा के विश्वसनीय साधन हैं। मानवीय संकटों और प्राकृतिक आपदाओं के समय भारतीय नौसेना प्रायः 'प्रथम प्रतिक्रिया बल' के रूप में त्वरित, संवेदनशील और सक्षम सहायता प्रदान करती है। साथ ही, भारतीय नौसेना विश्व की अन्य नौसेनाओं के साथ सद्भाव, विश्वास और मित्रता को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्रीमती मुर्मु ने मैत्रीपूर्ण विदेशी नौसेनाओं के अधिकारियों और नाविकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे अपनी-अपनी सेवाओं और राष्ट्रों की श्रेष्ठ परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका अनुशासन, समर्पण और दक्षता सामूहिक समुद्री सुरक्षा की नींव है। उन्होंने कहा कि बेड़ा समीक्षा में उनकी उपस्थिति ने पारस्परिक विश्वास को और मजबूत किया है तथा समुद्र में शांति, स्थिरता और सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि इस बेडा समीक्षा में भाग लेने वाली सभी नौसेनाएं मिलकर महासागरों को वैश्विक समुदाय के विकास, समृद्धि और समग्र कल्याण के प्रवेश द्वार के रूप में सशक्त बनाएंगी।

# कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी चीता ने तीन शावक जन्मे, चीता की संख्या 38 हुई

एजेंसी

नयी दिल्ली। मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य कूनो नेशनल पार्क में तीन साल पहले भारत आए अफ्रीकी चीते ने तीन शावकों के जन्म दिया है और अब दक्षिण अफ्रीका से लाये गये चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गयी है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि कुनो में दक्षिण अफ्रीका से लाये गये चीते ने तीन शावकों ने को जन्म दिया है। उन्होंने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए शावकों का स्वागत किया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आगमन के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कूनो में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है।

उन्होंने लिखा ''कूनो राष्ट्रीय उद्यान में उत्सव की गूंज सुनाई दे रही है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका से आई चीता, गामिनी, जो दूसरी बार मां बनी है, ने तीन नए शावकों को जन्म दिया है। यह खुशी भरा आगमन भारतीय धरती पर चीतों के नौवें सफल प्रसव का प्रतीक है और जीवित भारतीय शावकों की संख्या को 27 तक पहुंचाता है। इन नए शावकों के साथ, भारत में चीतों की कुल आबादी अब 38 हो गई है-जो देश के दृढ़ और ऐतिहासिक संरक्षण प्रयासों का एक सशक्त उदाहरण है। श्री यादव ने आगे कहा ''प्रत्येक जन्म प्रोजेक्ट चीता की नींव को मजबूत करता है और इस सपने को साकार करने वाले फील्ड स्टाफ और पशु चिकित्सा टीमों के जुनून, दृढ़ता और चौबीसों घंटे के समर्पण को दर्शाता है। कुनो और भारत के लिए यह गर्व का क्षण है-ईश्वर करे गामिनी और उसके तीनों नन्हे शावक मजबूत हों और देश में चीतों के पुनरुद्धार की कहानी को गति और गरिमा के साथ आगे बढ़ाएं। कूनो नेशनल पार्क में दूसरी बार मां बनी दक्षिण अफ्रीकी चीता गामिनी के इन तीन शावकों को जन्म दिया है। गामिनी इससे पहले मार्च 2024 में मां बनी और उसने छह शावकों को जन्म दिया था।

श्री यादव ने कहा कि इन नये शावकों के साथ, भारत में अफ्रीकी मूल के चीतों से पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गयी है, जिससे भारत में चीतों की कुल संख्या 38 हो गयी है। इस महीने की शुरुआत में, सात फरवरी को, नामीबिया की चीता आशा ने कूनो में पांच शावकों को जन्म दिया, जिससे संख्या और बढ़ गयी।

भारत में चीतों को फिर से लाने की कोशिश, प्रोजेक्ट चीता के तहत शुरू की गयी है, जिसका मकसद उस प्रजाति को फिर से ज़िंदा करना है जिसे 1952 में देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। इस प्रोजेक्ट को सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ चीतों को लाने के साथ औपचारिक रूप से शुरू किया गया था, इसके बाद फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को छोड़ा गया था। अब तक, अफ्रीका से कुल 20 चीतों को दूसरी जगह भेजा जा चुका है।

# प्रतिबंधित संगठन पीएफआई का सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े एक मामले में पिछले तीन साल से फरार चल रहे एक आरोपी को बुधवार को कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा था, तभी एनआईए ने उसे हिरासत में ले लिया गया। यह आरोपी केरल के मलप्पुरम जिले के वलांचेरी निवासी मोइदीनकुट्टी पी. है और वह केरल में पीएफआई के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण का समन्वयक था। वह सितंबर 2022 में मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार हो गया था। जांच के दौरान एनआईए ने उसके घर की तलाशी ली, जहां से कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए थे।

यह मामला पीएफआई और उसके नेतृत्व की एक आपराधिक साजिश से संबंधित है। इसके तहत प्रभावशाली युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर विभिन्न समुदायों के बीच सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की योजना बनाई गई थी। साजिश के हिस्से के रूप में युवाओं को हथियारों का प्रशिक्षण दिया गया और आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाया गया।

## सर्बिया के राष्ट्रपति वुचिच मिले मोदी से, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर हुई बात

नयी दिल्ली। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में हिस्सा लेने आये सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ बनाने के उपायों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से रक्षा, विनिर्माण, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने के बारे में विस्तार से बात की। मुलाकात के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, '' इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के अवसर पर राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच से मुलाकात हुई। हमने रक्षा, विनिर्माण, डीपीआई, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा की। कई वर्षों से भारत और सर्बिया ने मिलकर कार्य किया है और मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में हमारे संबंध और अधिक गति प्राप्त करेंगे।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | **20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | **20401-SLR-F1-BSB-LKO-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | **24203-SLR-F1-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | **12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 at 12:00 hrs. |
| **Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders** | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

552/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## ग्राम पंचायत सुल्तानपुर विकास खंड हरख, बाराबंकी

पत्रांक– दिनांक 18/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुल्तानपुर विकास खंड हरख में मनरेगा ( VB - G Ram G) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि एवं अन्य निधि (यदि) से निर्माण कार्य कराए जाने हेतु बालू, मोरंग, सीमेंट, ईंट, गिट्टी, पावर प्लांटिंग मैटेरियल सामग्री, पत्थर व कार्यस्थल, सरिया, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19 फरवरी से 26 फरवरी 2026 को 10 बजे तक निविदा कार्यालय समयावधि में आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा 27 फरवरी 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर कक्ष में खुली बैठक में खोली जाएगी। ठेकेदार को सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाली निविदा स्वीकार की जाएगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में आंगनबाड़ी भवन निर्माण | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री | मनरेगा अंश–7.84 लाख<br>आईसीडीएस–2 लाख<br>ग्राम निधि–2 लाख<br>कुल लागत–11.84 लाख | 100/– |

आवश्यक शर्तें एवं नियमावली

उपरोक्त सामग्री हेतु फर्म से मानकानुसार, आवश्यकतानुसार तथा कार्य की समय सीमा में छह माह के अंदर आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके समस्त अभिलेख सत्यापित एवं कार्यालय द्वारा पंजीकरण होने के बाद ही निविदा में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा तथा आपूर्ति समय एवं गुणवत्तानुसार की जाएगी। आपूर्ति की गई सामग्री भुगतान की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा तथा इस संबंध में PWD द्वारा समय–समय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सुल्तानपुर**
**विकास खंड हरख, बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सुल्तानपुर**
**विकास खंड हरख, बाराबंकी**



## कार्यालय ग्राम पंचायत मोहना विकास खंड हरख, बाराबंकी

पत्रांक– दिनांक 18/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहना विकास खंड हरख में मनरेगा ( VB - G Ram G) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि एवं अन्य निधि (यदि) से निर्माण कार्य कराए जाने हेतु बालू, मोरंग, सीमेंट, ईंट, गिट्टी, पावर प्लांटिंग मैटेरियल सामग्री, पत्थर व कार्यस्थल, सरिया, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19 फरवरी से 26 फरवरी 2026 को 10 बजे तक निविदा कार्यालय समयावधि में आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा 27 फरवरी 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर कक्ष में खुली बैठक में खोली जाएगी। ठेकेदार को सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाली निविदा स्वीकार की जाएगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मोहना में आंगनबाड़ी भवन निर्माण | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री | मनरेगा अंश–7.84 लाख<br>आईसीडीएस–2 लाख<br>ग्राम निधि–2 लाख<br>कुल लागत–11.84 लाख | 100/– |

आवश्यक शर्तें एवं नियमावली

उपरोक्त सामग्री हेतु फर्म से मानकानुसार, आवश्यकतानुसार तथा कार्य की समय सीमा में छह माह के अंदर आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके समस्त अभिलेख सत्यापित एवं कार्यालय द्वारा पंजीकरण होने के बाद ही निविदा में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा तथा आपूर्ति समय एवं गुणवत्तानुसार की जाएगी। आपूर्ति की गई सामग्री भुगतान की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा तथा इस संबंध में PWD द्वारा समय–समय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मोहना**
**विकास खंड हरख, बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत मोहना**
**विकास खंड हरख, बाराबंकी**


# पेज एक का शेष

## गूगल देश के एआई ...

नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गूगल भारत में फुल-स्टैक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है और भविष्य को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने भारत में 15 अरब डॉलर के एआई हब की योजना का भी जिक्र किया, जिसमें गीगावॉट-स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता और अंतरराष्ट्रीय सबसी केबल गेटवे शामिल होगा, जिससे रोजगार सृजन और उन्नत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की भी घोषणा की, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी में गूगल एआई प्रोफ़ेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शामिल है, जो छात्रों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को लक्षित करेगा। अन्य पहलों में कर्मयोगी भारत के साथ 2 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को समर्थन, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ 10,000 स्कूलों में जेन एआई टूल्स की शुरुआत और 30 मिलियन डॉलर का 'एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज' भी शामिल है। पिचाई ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव तब होता है जब इसे समुदायों को समझने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर विकसित और लागू किया जाए, और इसी दिशा में आईआईटी, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिए जिम्मेदारीपूर्ण और व्यापक स्तर पर एआई पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

## 'रोबोटिक कुत्ता' विवाद...

और रोबोट की प्रदर्शनी को लेकर उठे विवाद पर विश्वविद्यालय ने आयोजकों को बुधवार को औपचारिक पत्र भेजते हुए खेद जताया। इसमें आयोजकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए विश्वविद्यालय ने पवेलियन खाली करने की जानकारी भी दी है। पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय ने इस पूरे घटनाक्रम के लिए क्षमा याचना करते हुए भविष्य में ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने का आश्वासन दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि एआई शिखर सम्मेलन के दौरान पवेलियन में मौजूद उनकी एक प्रतिनिधि को उत्पाद की तकनीकी जानकारी नहीं थी। कैमरे के सामने आने के उत्साह में उन्होंने अनजाने में गलत जानकारी साझा कर दी, जबकि उन्हें प्रेस से बातचीत करने का कोई अधिकार नहीं था। पत्र में स्पष्ट किया गया कि इस नवाचार को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का विश्वविद्यालय का कोई संस्थागत इरादा नहीं था। विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक निष्ठा, पारदर्शिता और अपने कार्य के जिम्मेदार प्रतिनिधित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। यह मामला एआई समिट में तकनीकी प्रदर्शनों की विश्वसनीयता और प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। चीन में बने रोबोट पर बढते विवाद को देखते हुए विश्वविद्यालय की ओर से सफाई जारी की गयी जिसमें कहा गया कि न तो संकाय और न ही छात्रों ने रोबोटिक कुत्ता बनाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि यह डिवाइस चीन की ग्लोबल रोबोटिक्स कंपनी यूनिट्री से सिर्फ अकादमिक मकसद के लिए खरीदा गया था। विश्वविद्यालय ने सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करने के बाद जारी एक बयान में कहा, ''गलगोटिया में हम, फैकल्टी और स्टूडेंट्स, हमारी यूनिवर्सिटी के खिलाफ चल रहे प्रोपेगैंडा कैंपेन से बहुत दुखी हैं। हम साफ तौर पर कहना चाहते हैं कि रोबोटिक प्रोग्रामिंग हमारी कोशिश का हिस्सा है ताकि छात्र एआई प्रोग्रामिंग सीख सकें और दुनिया भर में मौजूद टूल्स और रिसोर्स का इस्तेमाल करके रियल-वर्ल्ड स्किल्स डेवलप और डिप्लॉय कर सकें। बयान में कहा गया कि नकारात्मकता फैलाने से उन छात्रों का हौसला टूट सकता है जो वैश्विक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके नवाचार करने और कौशल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## राहुल देश की...

ओम बिरला के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर रिजिजू ने कहा कि स्पीकर का काम सदन की कार्यवाही चलाना, सरकारी काम को आगे बढ़ाना और विपक्षी सांसदों को बोलने का मौका देना है। जिस तरह से विपक्षी सांसद स्पीकर के चैंबर में घुसे और प्रदर्शन किया। स्पीकर ओम बिरला ने संयम और नरमी दिखाई। अगर सोमनाथ चटर्जी स्पीकर होते तो शायद वे सभी को सस्पेंड कर देते। दरअसल 11 फरवरी को भाजपा ने दावा किया था कि प्रियंका गांधी, वेणुगोपाल सहित कांग्रेस के सीनियर लीडर्स ने स्पीकर के चैंबर्स में उनसे बदसलूकी की। हालांकि, बाद में विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वे स्पीकर की चेयर संभालेंगे। विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन था। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी।

## राम मंदिर संग्रहालय...

और भगवान श्रीराम के चरणों से जुड़े प्रमुख स्थलों की प्रस्तुति भी की जाएगी। राम मंदिर परिसर में संग्रहालय और शेष बचे कार्यों को अगले 6 से 9 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। राम मंदिर निर्माण में लगी प्रमुख कंपनियां लार्सन एंड टूब्रो और टाटा कंसलटेंसी सर्विस जून माह के बाद अपना कार्य पूर्ण कर मंदिर परिसर से विदा होंगी। उन्होंने कहा कि निर्माण पूर्ण होने के बाद राम मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के लिए आस्था, इतिहास और तकनीक का अद्वितीय संगम बनेगा।

## नाड़ा खींचना, ब्रेस्ट...

354, 354उ और पॉस्को एक्ट की धारा 18 के तहत केस दर्ज किया गया। वहीं आरोपी अशोक पर आईपीसी की धारा 504 और 506 के तहत केस दर्ज किया। आरोपियों ने समन आदेश से इनकार करते हुए हाईकोर्ट के सामने रिव्यू पिटीशन दायर की। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन स्वीकार कर ली थी। 17 मार्च, 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने कहा- किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या 'अटेम्प्ट टू रेप' का मामला नहीं बनता। यह रेप की तैयारी है। उन्होंने फैसला सुनाते हुए 2 आरोपियों पर लगी धाराएं बदल दीं। वहीं 3 आरोपियों के खिलाफ दायर क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन स्वीकार कर ली। हाईकोर्ट ने आरोपी आकाश और पवन पर आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और पॉस्को अधिनियम की धारा 18 के तहत लगे आरोपों को घटा दिया। उन पर धारा 354 (बी) (कपड़े उतारने के इरादे से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और पॉस्को अधिनियम की धारा 9/10 (गंभीर यौन हमला) के तहत मुकदमा चलाने का आदेश दिया। साथ ही निचली अदालत को नए सिरे से समन जारी करने का निर्देश दिया।

## तार्किक विसंगति...

नतीजा है कि अब प्रतिदिन औसतन 12 लाख से 14 लाख तक लोगों की सुनवाई हो रही है। सुनवाई के लिए कुल 13161 ईआरओ व एईआरओ को लगाया गया है। 16 हजार सुनवाई केंद्र बढ़ाए गए हैं। अब कुल 4635 केंद्रों पर नोटिस पाने वाले मतदाताओं की सुनवाई हो रही है। 2.22 करोड़ तार्किक विसंगति व 1.04 करोड़ नो मैपिंग वाले यानी कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजी जानी है। अभी तक 3.25 करोड़ लोगों को नोटिस जारी की गई है और उसमें से 1.15 करोड़ वोटरों की सुनवाई हो चुकी है। मतदाताओं को सुनवाई के लिए दूरदराज न दौड़ना पड़े इसलिए अधिकारियों को लोगों के घर के आसपास के क्षेत्र में सुनवाई के लिए जाने के आदेश दिए गए हैं। वहीं औरैया ने अभी तक 90 प्रतिशत लोगों की नोटिस पर सुनवाई कर ली है। वह सबसे आगे चल रहा है।

## 2027 में बसपा...

से अपील की कि वे किसी भी तरह की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और 2007 की तरह पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करें। मायावती ने दिल्ली में उन्हें टाइप-8 का बंगला आवंटित किए जाने को लेकर चल रही चर्चाओं को भी गलत और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कारणों से यह आवंटन किया गया है और इसे लेकर फैलाई जा रही बातें निराधार हैं। बसपा अध्यक्ष ने दोहराया कि पार्टी 2027 के मिशन में पूरी मजबूती से जुटी है और किसी भी प्रकार के गठबंधन की चर्चा का कोई आधार नहीं है।

## 2017 की अपेक्षा में बिजली...

को मिला है। विपक्ष के राकेश वर्मा के एक अन्य सवाल पर एके शर्मा ने कहा कि जितनी बिजली आप पैदा कर रहे थे, उतनी बिजली हमारी सरकार में सोलर से पैदा हो रही है। सदन में प्रश्नकाल में विपक्ष के सदस्यों ने सड़कों की स्थिति जुड़े सवाल उठाये। समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल प्रधान के सवाल पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सदस्य को मालूम होना चाहिए। प्रदेश में अब योगी सरकार है। यह पहले वाले समय को समझ रहे हैं। उसी हिसाब से सड़कों के हाल पर बोल रहे हैं। अब सड़कों की हालत बहुत अच्छी है। पहले इनकी सरकार में सड़क निर्माण के बाद आठ साल में मरम्मत की व्यवस्था थी। उसे हमने कम करते हुए पांच साल कर दिया है। सड़क निर्माण के बाद अब पांच साल में सड़क रिपेयर की जाती है। रही बात चित्रकूट की करें तो वहां 150 सड़कें बनीं। आपकी विधानसभा में वर्ष 2025-26 में 205 किलोमीटर पैचवर्क का कार्य किया गया। इस सरकार में सड़क की स्थिति ठीक हुई है। हकीकत यह है कि जिन मार्गों से चार से पांच घंटे यात्रा करने में लगता था, उनपर दो ढाई घण्टे लग रहे हैं।

# दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर आआपा ने सरकार पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक कुलदीप कुमार ने राजधानी में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा।

विधायक कुलदीप कुमार ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। नए साल से अब तक सैकड़ों हत्याओं की खबरें सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में नंद नगरी में एक नाबालिग को बचाने आए पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि राजधानी की बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था का प्रतीक है। इससे पहले तिलकपुरी में भी बीच-बचाव करने आए एक अधिवक्ता पर जानलेवा हमला हुआ। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या अब दिल्ली में किसी को अन्याय के खिलाफ खड़े होने की भी कीमत जान देकर चुकानी पड़ेगी? विधायक ने कहा कि जब देश की राजधानी में अपराधी खुलेआम घूम रहें है, फिरौतियां मांग रहे हों और एक ही दिन में कई हत्याएं हो रही हों, तो जनता सरकार से जवाब मांगेगी। उन्होंने प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अपराधियों में कानून का डर क्यों खत्म हो चुका है? पुलिस प्रशासन क्या कर रहा है? क्या कारण है कि कार्रवाई अक्सर तब होती है जब सोशल मीडिया पर दबाव बनता है?

कुलदीप कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में आआपा विपक्ष की भूमिका में है लेकिन आआपा के विधायकों को पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर कानून व्यवस्था पर चर्चा करने का समय तक नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एआई शिखर सम्मेलन हो रही है, पूरी दुनिया की नजर दिल्ली पर है लेकिन यहां अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

कुलदीप कुमार ने कहा कि सरकार ने आआपा पर घोटालों के आरोप लगाए गए हैं। लेकिन सवाल उठता है कि जो स्कूल खोले जा रहे है इन स्कूलों की लोकेशन, लागत और टेंडर प्रक्रिया क्या है? उन्होंने कहा कि डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के नाम पर चल रहे ‘स्कूल ऑफ एक्सीलेंस’ का नाम बदलकर सीएम श्री’ कर दिया गया। डॉ. अम्बेडकर केवल एक नाम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, शिक्षा और संविधान के प्रतीक हैं। उनके नाम को हटाना करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा प्रश्न है। जनता क्या संदेश ले? विधायक ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर काम करें।

# डीयू में एसओयूएल के साथ लीडर्स टॉक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (एसओयूएल) के सहयोग से ‘लीडर्स टॉक’ कार्यक्रम का आयोजन किया। डीयू के वाइसरीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित इस विशेष सत्र में इंफोसिस के फाउंडर एन. आर. नारायण मूर्ति ने विद्यार्थियों और युवा प्रोफ़ेशनल्स को नेतृत्व, नैतिकता, उत्पादकता और काम के भविष्य पर मार्गदर्शन दिया। सत्र का संचालन जाने-माने पत्रकार सुधीर चौधरी ने किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर पूछे गए सवाल के जवाब में नारायण मूर्ति ने कहा कि इंसान के दिमाग से बेहतर कुछ नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई छोटे-मोटे कार्यों को स्वचालित कर सकता है, लेकिन यह मानव की उच्च स्तरीय सोच, रचनात्मकता और निर्णय क्षमता को और मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि एआई खतरा नहीं बल्कि अवसर है। इससे युवा लगातार रीस्किलिंग और सीखने की क्षमता विकसित करते रहें। मूर्ति ने बताया कि स्कूल के दिनों में एक विज्ञान शिक्षक से सीखी संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग की सीख ने उनके बिजनेस एथिक्स की नींव रखी। उन्होंने कहा कि यही मूल्य आगे चलकर इंफोसिस की स्थापना और उसके संचालन का आधार बने। सफलता और नैतिकता पर मूर्ति ने कहा कि राजस्व, मुनाफा और मार्केट कैपिटलाइजेशन जैसे वित्तीय मानक गौण हैं। असली पूंजी सभी हितधारकों का सम्मान और विश्वास है। प्रबंधन सिद्धांतों पर मूर्ति ने कहा कि वे ऑफिस के बाहर मित्रवत रहते हैं, लेकिन कार्यस्थल पर स्पष्ट नेतृत्व में विश्वास रखते हैं। वे सार्वजनिक रूप से प्रशंसा और निजी तौर पर सुधार की नीति अपनाते हैं। इंफोसिस का प्रदर्शन सुधार योजना (पीआईपी) कर्मचारियों को सुधार का अवसर देता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर संगठनहित में कठिन निर्णय भी लिए जाते हैं।

प्रश्नोत्तर सत्र में उन्होंने संस्कृति, शिक्षा और अनुभव से बनने वाले विश्वास पर चर्चा की। महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिना कठिन परिश्रम और संघर्ष के कोई भी उपलब्धि सार्थक नहीं होती।

# युवती की हत्या में एक को आजीवन कारावास और दूसरे को पांच साल की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। प्रेम संबंधों के चलते युवती की हत्या करने के मामले में तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने मुख्य आरोपित को आजीवन कारावास सजा सुनाई। इसी मामले में एक अन्य आरोपित को कोर्ट ने हत्या का सबूत छुपाने में 5 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई गई है। शासकीय अधिवक्ता कुशल पाल सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम रावली महदूद निवासी सुखबीर सिंह चौहान ने 25 मई 2020 को थाना सिडकुल में दी गयी तहरीर दी थी कि आरोपित रोहित पुत्र निलेश निवासी ग्राम चिडैया, नवादा, बिहार एवं सोनम उर्फ वर्षा निवासी ग्वालियर, मध्य प्रदेश सिडकुल स्थित फैक्ट्री में कार्य करते थे। दोनों ने शिवनगर कॉलोनी निकट डेंसो चौक, सिडकुल स्थित उनके मकान में कमरा नंबर 28 किराए पर लिया था। इसी मकान में मंजू कुमारी पुत्री गजेंद्र सिंह निवासी ग्राम महोदा जिला फर्रुखाबाद भी एक अन्य कमरे में किराए पर रहती थी। 24 मई 2020 की रात को पुलिस ने कमरा नंबर 28 के बाथरूम में एक सूटकेस में सोनम उर्फ वर्षा का शव बरामद किया था। पूछताछ करने पर पता चला था कि सोनम और मंजू से रोहित का प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिस कारण रोहित और सोनम में झगड़ा होता रहता था। मंजू और रोहित का सोनम के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर पहले भी झगड़ा हुआ था। इसी कारण रोहित और मंजू ने मिलकर सोनम उर्फ वर्षा को मार डाला और उसकी लाश को सूटकेस में छुपा दिया था।

# मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के विजेताओं को धामी ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ननूरखेड़ा, देहरादून में मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी 2025-26 के समापन समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देहरादून जनपद को विजेता ट्रॉफी व पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समापन केवल एक प्रतियोगिता का अंत नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के उज्ज्वल खेल भविष्य की नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि खेल आयोजन आज प्रदेश के गांव-गांव, न्याय पंचायतों और दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उत्तराखंड में खेल प्रतियोगिताएं अब जनचेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अब देवभूमि के साथ-साथ खेलभूमि भी बन चुका है। इस आयोजन में 11 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खिलाड़ियों के खातों में भेजी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज भारत खेल जगत में नई ऊँचाइयों को छू रहा है। ‘खेलो इंडिया’ और ‘फिट इंडिया मूवमेंट’ जैसे अभियानों के माध्यम से देश में खेलों की संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है। देश में फिटनेस एक जन आंदोलन बन चुकी है। युवा पीढ़ी खेलों के प्रति नए उत्साह और समर्पण के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई खेलों और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ऐतिहासिक प्रदर्शन कर रहा है। हमारे खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड संख्या में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है और कई खेलों में भारत ने विश्व पटल पर मजबूत पहचान स्थापित की है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलों को नई प्राथमिकता मिली है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और सम्मान मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। उत्तराखंड को देवभूमि के साथ खेलभूमि के रूप में स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर आगे बढ़ी है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल और भव्य आयोजन इसका सशक्त प्रमाण बना है, जिसने उत्तराखंड का मान पूरे देश में बढ़ाया है। इन खेलों में हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 7वां स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आधुनिक और विश्वस्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है। हमारे स्टेडियम, प्रशिक्षण केंद्र और सुविधाएं अब राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए भी सक्षम हो चुकी हैं। सरकार द्वारा राज्य में स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान पर कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियाँ स्थापित की जाएँगी।

## नशीले पदार्थ के मामले में आरोपी को 10 वर्ष का कैद और एक लाख का जुर्माना

नई टिहरी। विशेष न्यायधीश एनडीपीएस ऐक्ट नितिन शर्मा की अदालत ने नशीले पदार्थ के कारोबार के मामले में आरोपी वासु पुत्र भीम बहादूर निवासी हाउस नंबर-670 अम्बर तालाब थाना गंग नहर जिला हरिद्वार को दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने इसके साथ ही एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थ दंड अदा न करने पर दोषी 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शासकीय अधिवक्ता स्वराज सिंह पंवार ने बताया कि आरोपी 29 दिसंबर, 2020 को मुखबिरों के अनुसार थाना मुनिकीरेती चौकी व्यास के तहत राफ्टिंग करने वाले बाहरी व्यक्तियों को चरस बेचने जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस उसे तलाशने लगी। तलाश के दौरान आरोपी वासु नीच बीच के पास पकड़ा गया। आरोपी के पास से मौके पर एक किलो दस ग्राम चरस बरादम की गई। जिस पर पुलिस ने इसी दिन एनडीपीएस की सुसंगत धाराओं में मकदमा दर्ज किया।

## दून घाटी में प्रस्तावित सड़क निर्माण प्रोजेक्ट में पेड़ों के कटान मामले पर हुई सुनवाई

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने यमुना व दून घाटी में प्रस्तावित सड़क निर्माण प्रोजेक्ट में लगभग 7 हजार पेड़ों के कटान से पर्यावरण, वन्यजीवों सहित प्राकृतिक जल स्रोतों पर पड़ने वाले असर के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने नेशनल हाइवे एथॉरिटी, जैव विविधता बोर्ड, वन विभाग, राज्य सरकार सहित केंद्र सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। देहरादून की समाजसेवी रेनू पाल ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि यमुना व दून घाटी में आशारोडी व झाझरा के बीच गतिमान ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण के लिए लगभग सात हजार पेड़ों का कटान किया जाना प्रस्तावित है। याचिका में कहा गया कि ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत गतिमान सड़क निर्माण से पहले उत्तराखंड बायोडेविटी बोर्ड से कोई अनुमति नही ली गई है।

# दुष्कर्म कराने मामले में नामजद महिला अभियुक्त को दस वर्ष की सश्रम कारावास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। अनन्य रेप एवं पॉक्सो अधिनियम कोर्ट नंबर 3 के विशेष न्यायाधीश मिथलेश कुमार झा ने दुष्कर्म कराने मामले में नामजद महिला अभियुक्त को दोषी पाते हुए दस वर्षो का सश्रम कारावास एवं बीस हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाए है। अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी। वहीं अर्थ दंड वसूल पाए जाने पर पीड़िता को देय होगी। सजा शहर के अगरवा निवासी स्व.अजय पासवान की पत्नी रीता देवी को हुई। मामले में पीड़िता के पिता ने अज्ञात के विरुद्ध अपनी पुत्री के लापता होने की प्राथमिकी बंजरिया थाना कांड संख्या 659/2023 दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि 1 जून 2023 की संध्या मजदूरी कर घर आया तो उसकी पुत्री घर से लापता थी। काफी खोजबीन के बाद उसकी कहीं सुराग नहीं मिली। बाद में कई माह के बाद पुलिस ने सूचना के आलोक में सदर अस्पताल से पीड़िता को बरामद किया। साथ ही मामले की परत खुलती चली गई। पीड़िता ने अपने बयान में बताई की वह घर से सेमरा अपने दोस्त चांदनी कुमारी के घर आई। जहां कुछ दिन रहने के बाद उसके दोस्त ने उसे रीता देवी नामक महिला के पास अगरवा रहने को लेकर कह कर चली गई। उक्त महिला रुपए लेकर मुझसे जबरन दुष्कर्म कराने लगी। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। रीता देवी उसकी गर्भ गिराने के लिए उसे सदर अस्पताल लाई थी, जहां पीड़िता को उसके गांव के किसी व्यक्ति ने देख लिया और मेरे पिता जी को सूचित कर दी,जिसके आलोक में पुलिस ने मुझे हिरासत में लेकर थाना लाई।

पॉक्सो वाद संख्या 121/2023 विचारण के दौरान अनन्य विशेष लोक अभियोजक पुष्पा दुबे ने आठ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद धारा 366ए,372 भादवि में दोषी पाते हुए नामजद महिला अभियुक्त को उक्त सजा सुनाए है। कारागार में बिताए अवधि का समायोजन सजा की अवधि में होगी।

# नियोजन मेला में 326 अभ्यर्थी औपबंधिक रूप से हुए चयनित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। अररिया के संयुक्त श्रम भवन में जिला नियोजनालय के तत्वाधान में बुधवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन में किया गया।मेले का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाना रहा। नियोजन मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएम विनोद दुहन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि नियोजन मेला युवाओं के लिए रोजगार प्राप्ति का एक सशक्त मंच बनकर उभर रहा है। इसके माध्यम से जिले के साथ-साथ पूरे बिहार में रोजगार के सैकड़ों अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त करें तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। नियोजन मेला में जिला पदाधिकारी द्वारा स्टडी किट एवं कुशल युवा कार्यक्रम से संबन्धित प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। मौके पर सहायक निदेशक (नियोजन) अमित कुमार,श्रम अधीक्षक,प्राचार्य, महिला आईटीआई फारबिसगंज, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एवं प्रबंधक, जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे। नियोजन मेला में निजी सेक्टरों के कुल 18 नियोजकों ने लगभग 800 रिक्तियों के साथ भाग लिया। इस मेले में नियोजकों द्वारा कुल 1147 बायोडेटा प्राप्त किया गया, जिसमें से 326 अभ्यर्थियों का औपबंधिक रूप से चयन किया गया। साथ ही कुल 4 स्टालों द्वारा 371 अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

# वनाग्नि सीजन से पहले गोरापड़ाव में मॉक ड्रिल


कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। तराई पूर्वी वन प्रभाग के अंतर्गत गौला रेंज स्थित गोरापड़ाव फायर क्रू स्टेशन में आगामी वनाग्नि सीजन को देखते हुए व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगरी के निर्देशन में आयोजित इस अभ्यास में विभिन्न विभागों के करीब 60 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर आपदा की स्थिति में समन्वित कार्रवाई का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल की शुरुआत विस्तृत ब्रीफिंग से हुई, जिसमें वनाग्नि की सूचना पर त्वरित प्रतिक्रिया, लोकेशन ट्रैकिंग प्रणाली, सुरक्षा मानकों और विभागवार जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। निर्धारित समय पर फायर अलर्ट मिलते ही टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हुईं और लगभग 20 मिनट के भीतर आग पर नियंत्रण पाने का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान कंट्रोल लाइन निर्माण, फायर बीटिंग, ज्वलनशील सामग्री हटाने और ब्लोअर मशीन व बैकपैक वाटर स्प्रेयर जैसे उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया गया। अभ्यास में एक काल्पनिक स्थिति बनाकर घायल फायर वॉचर को 108 एंबुलेंस की मदद से सुरक्षित निकालने और प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया भी प्रदर्शित की गई। मॉक ड्रिल में वन विभाग, फायर ब्रिगेड, पुलिस, चिकित्सा एवं राजस्व विभाग सहित स्थानीय ग्राम प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंत में डिब्रीफिंग सत्र में अधिकारियों ने कहा कि नियमित अभ्यास से वनाग्नि सीजन के दौरान त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में भा.व.से. प्रशिक्षु सुश्री सिरीन संजय पंडित सहित कई वन अधिकारी मौजूद रहे।

# थानों रेंज में अंतर-विभागीय वनाग्नि मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन तैयारियों का परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । देहरादून वन प्रभाग की थानों रेंज में बुधवार को व्यापक अंतर-विभागीय वनाग्नि मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास मुख्य वन संरक्षक (वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन) के निर्देशों के क्रम में वनाग्नि काल से पूर्व तैयारियों के आकलन और समन्वय क्षमता की जांच के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

मॉक ड्रिल का उद्देश्य वनाग्नि की स्थिति में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा संसाधनों की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था। अभ्यास में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग,राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीएल), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), लोक निर्माण विभाग सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, वन पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी विभाग अपने-अपने संसाधनों और उपकरणों के साथ उपस्थित रहे। प्रातः लगभग 11:30 बजे फॉरेस्ट फायर मोबाइल ऐप के माध्यम से वनाग्नि की सूचना प्राप्त हुई। निर्देशांकों के आधार पर फायर क्रू स्टेशन थानों से चार सदस्यीय टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मार्ग में अवरोध और आग के तीव्र फैलाव की सूचना पर लोक निर्माण विभाग, ऋषिकेश को मार्ग अवरोध हटाने के निर्देश दिए गए तथा एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को भी सक्रिय किया गया। संभावित ट्रैफिक जाम एवं भीड़ को देखते हुए थाना रानीपोखरी पुलिस द्वारा यातायात और भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था की गई। अग्निशमन विभाग ने फायर टेंडर के माध्यम से आग पर नियंत्रण की कार्रवाई की।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063